শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 34 | गुवाहाटी | सोमवार, 28 अगस्त, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

लोस चुनाव में कांग्रेस को एक सीट मिलेगी : दिलीप सैकिया पेज 3
हर फैसले से पहले विचार करें कि धरती पर क्या होगा इसका असर : प्रधानमंत्री पेज 4
बच्चों में वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करेगी योगी सरकार पेज 5
किसानों के हितों के प्रति उदासीन है केंद्र सरकार : चौधरी जयंत पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

Door graph
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*जुए में लिप्त रहने वाले के कार्य पूरे नहीं होते हैं।*

**- आचार्य चाणक्य**

# राज्य में बाढ़ से 53 हजार से अधिक लोग प्रभावित

## खतरे के निशान के ऊपर बह रहा है ब्रह्मपुत्र



**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ की स्थिति रविवार को खतरे निशान के पार आ गई, राज्य के छह जिलों में 53,000 से अधिक लोगों के फंसे होने की संभावना है। धेमाजी में लगभग 24,000 स्थानीय लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि 12,000, 8,500 और 7,500 लोग शोणितपुर, लखीमपुर और डिब्रूगढ़ जिलों में फंसे हुए हैं। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, लगातार बारिश के कारण ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों के जल स्तर में वृद्धि हुई, जिससे आसपास के इलाके जलमग्न हो गए। बताया जा रहा है कि राज्य के कई हिस्सों में नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, ब्रह्मपुत्र इस समय जोरहाट जिले के धुबड़ी और निमातीघाट में, बेकी नदी बरपेटा जिले के रोड ब्रिज पर, दिखौ नदी शिवसागर में, संकोश नदी धुबड़ी जिले के गोलकगंज में खतरे के स्तर के निशान से ऊपर बह रही है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, बाढ़ ने 11 राजस्व क्षेत्रों के तहत 120 गांवों को प्रभावित किया है और बाढ़ प्रभावित जिलों में लगभग 3000 हेक्टेयर फसल क्षेत्र जलमग्न हो गया है। शोणितपुर जिले में, 38 गांव वर्तमान में पानी में डूबे हुए हैं और बाढ़ के पानी ने 426.50 हेक्टेयर फसल क्षेत्र को जलमग्न कर दिया है। इस साल असम में बाढ़ से 14 लोगों की जान जा चुकी है। पिछले 24 घंटों में बाढ़ के पानी ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में एक तटबंध, चार सड़कें, आंगनवाड़ी केंद्र और सिंचाई नहरें क्षतिग्रस्त कर दीं। बता दें कि प्रशासन द्वारा लोगों तक राहत साम्रगी पहुंचाई जा रही है, वहीं लोगों के घरों के अदंर पानी तक घुस गया है।

# नलबाड़ी जिले में एक परिवार का गांव



**नलबाड़ी।** असम के नलबाड़ी जिले का बरधनारा गांव लगभग वीरान हो गया है जहां अब केवल एक परिवार ही रहता है। कुछ साल पहले राज्य के एक पूर्व मुख्यमंत्री ने गांव की ओर जाने वाली सड़क का उद्घाटन किया था। पिछली शताब्दी में यह एक समृद्ध गांव हुआ करता था, लेकिन 2011 की जनगणना में यहां केवल 16 लोग ही बचे थे। उचित सड़क की कमी के कारण नंबर-2 बरधनारा गांव में अब केवल पांच सदस्यों वाला एक ही परिवार बचा है। बिमल डेका, उनकी पत्नी अनिमा और उनके तीन बच्चे- नरेन, दीपाली और सेउती - मुख्यालय शहर नलबाड़ी से लगभग 12 किमी दूर घोगरापारा क्षेत्र के इस गांव के एकमात्र निवासी हैं। दीपाली ने कहा कि स्कूल और कॉलेज जाने के वास्ते हमें मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए पानी और कीचड़ भरे रास्तों से दो किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती है। मानसून के दौरान हम नाव से यात्रा करते हैं। अनिमा अपने बच्चों को स्कूल-कॉलेज से लाने तथा पहुंचाने के लिए नाव चलाती हैं, लेकिन कठिन परिस्थितियों के बावजूद परिवार ने तीनों बच्चों के लिए उचित शिक्षा सुनिश्चित की है। दीपाली और नरेन स्नातक हैं तथा सेउती उच्चतर माध्यमिक की पढ़ाई कर रही है। उन्होंने बताया कि बिजली नहीं होने से बच्चे केरोसिन लैंप की रोशनी में पढ़ाई करते हैं और जब बारिश होती है तब परिवार के लिए नाव ही परिवहन का एकमात्र साधन बन जाती है, क्योंकि बारिश के -शेष पृष्ठ दो पर

## कानून की सुनवाई घर में, चार गिरफ्तार

**दरंग (हि.स.)।** जिले के धूला पुलिस स्टेशन के तहत ग्रैनलैंड चाय बगान में मुफ्ती मुकिबुर रहमान अजहरी को 14 वर्षीय गर्भवती लड़की की आत्महत्या में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया। घटनाक्रम के अनुसार ग्रैंडलैंड चाय बागान की 14 वर्षीय आलमीना खातून इसी महीने की 23 तारीख को गांव की ही 34 वर्षीय अही मंडल के साथ प्रेम में पड़कर भाग गई थी। किशोरी पहले से ही गर्भवती थी। प्रशासन की जानकारी के बिना कानून अपने हाथ में लेकर दोनों को छुड़ा लिया गया और मुफ्ती -शेष पृष्ठ दो पर

# मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं के संग सुनी मन की बात



**गुवाहाटी (हि.स.)।** देश भर के साथ-साथ असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम *मन की बात* को सुना। असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा वशिष्ठ स्थित पार्टी मुख्यालय में मौजूद थे और उन्होंने प्रधानमंत्री का भाषण सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तथा सांसद पवित्र मार्घेरिटा, मंत्री पीयूष हजारिका, प्रदेश महासचिव -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### चंद्रयान-3 : वैज्ञानिक मितुल की मुश्किल बढ़ी

**सूरत (हि.स.)।** सूरत में कथित वैज्ञानिक मितुल त्रिवेदी के मामले में नया मोड़ आया है। मितुल के इसरो और नासा से जुड़े होने के दावे की जांच अब सूरत क्राइम ब्रांच करेगी। मितुल ने दावा किया था कि उन्होंने चंद्रयान-3 की डिजाइन बनाने वाली टीम में काम किया है। इसके बाद से मितुल के इस कथित दावे पर विवाद पैदा हो गया है। मीडिया में साक्षात्कार देने के बाद से मितुल की मुश्किल बड़ती जा रही हैं। इससे पूर्व उन्हें पुलिस आयुक्त ने कार्यालय में बुलाकर पूछताछ की थी। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद सूरत के एल पी सवाणी रोड स्थित स्वाति सोसायटी के रहने वाले मितुल त्रिवेदी और उनके -शेष पृष्ठ दो पर

### चंद्रमा की सतह के तापमान में पल-पल हो रहा बदलाव

**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 के चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग के बाद अब विक्रम लैंडर ने इसरो को जानकारी भेजना शुरू कर दिया है। लैंडर विक्रम ने चंद्रमा की सतह के तापमान के बारे में पता लगाया है। चंद्र सरफेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट (सीएचएएसटीई) ने बताया कि चंद्रमा की सतह और गहराई के तापमान में काफी अंतर है। इसरो ने सोशल -शेष पृष्ठ दो पर

# भाजपा सांसद के घर में मिला 10 साल के बच्चे का शव



**सिलचर।** असम के सिलचर शहर में भाजपा सांसद राजदीप रॉय के घर से 10 वर्षीय लड़के का शव बरामद किया गया है। विधायक ने रविवार को दावा किया कि बच्चे ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि बच्चे की मां ने मोबाइल फोन देने से इनकार कर दिया था इसलिए बच्चे ने यह कदम उठाया। सिलचर पुलिस ने भाजपा सांसद के घर से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सिलचर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएमसीएच) भेज दिया है। बच्चे के बारे में बताया जा रहा है कि -शेष पृष्ठ दो पर

# नौकरी के लिए नकदी घोटाले में पांच गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** असम की भाजपा नेता इंद्राणी तहबीलदार की आत्महत्या के मामले ने राज्य के मौजूदा *नौकरी के बदले नकदी घोटाले* का रूप ले लिया है। पुलिस ने भर्ती प्रक्रिया में कथित भूमिका के लिए पार्टी से नजदीक से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। तहबीलदार की भाजपा के एक अन्य सदस्य के साथ अतरंग तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं। इसके बाद उन्होंने 11 अगस्त कथित तौर पर नींद की गोलियों की अधिक मात्रा खाकर आत्महत्या कर ली थी। गुवाहाटी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया, हमने शनिवार रात को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही गिरफ्तार लोगों की संख्या पांच पहुंच गई है। हालांकि, उन्होंने यह कहते हुए विवरण को साझा करने से इनकार कर दिया कि मामले की अभी जांच चल रही है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं। भाजपा किसान मोर्चा की संयुक्त कार्यालय सचिव तृष्णा शर्मा की यहां चांदमारी पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में ताजा गिरफ्तारी हुई है। घोटाला सामने आने के बाद तृष्णा श्रमा को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। गुवाहाटी पुलिस ने इससे पहले आत्महत्या मामले में अनुराग चालिहा, -शेष पृष्ठ दो पर

## असम भाजपा की बैठक आज

**गुवाहाटी।** चल रहे कैश-फॉर-जॉब घोटाला विवाद और इंद्राणी तहसीलदार के निधन की पृष्ठभूमि में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की असम इकाई 28 अगस्त को गुवाहाटी के अटल बिहारी वाजपेयी भवन में एक महत्वपूर्ण कोर बैठक बुलाने के लिए तैयार है। शाम 6:00 बजे के लिए निर्धारित, सभा कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेगी, जो उन परिस्थितियों पर केंद्रित होगी जिनके कारण इंद्राणी तहसीलदार की मृत्यु हुई, जो भाजपा किसान मोर्चा के सचिव के रूप में कार्यरत थीं। इसके अलावा, बैठक का उद्देश्य उनकी -शेष पृष्ठ दो पर

## दोस्त का अपहरण कर की हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आ रहा है। जानकारी के मुताबिक, तीन किशोरों ने एक दोस्त का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी। दरअसल, तीनों कथित तौर पर गेम खेलने के लिए कम्प्यूटर खरीदना चाहते थे। उन्होंने फिरौती के लिए अपने 14 वर्षीय दोस्त का अपहरण कर लिया, लेकिन उसे रसगुल्ला और कोल्ड ड्रिंक खिलाने के बाद उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के कृष्णानगर के घुरनी इलाके में हुई। बोरे में बंधा शव शनिवार -शेष पृष्ठ दो पर

# दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों पर खालिस्तान समर्थित नारे




**दिल्ली (हि.स.)।** जी-20 सम्मेलन की तैयारियों के बीच राजधानी दिल्ली में आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने पांच से अधिक मेट्रो स्टेशनों पर खालिस्तान समर्थित नारे लिखे, जिन्हें पुलिस ने मिटा दिया है। डीसीपी मेट्रो जी राम गोपाल नाइक ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। दरअसल, सिख फॉर जस्टिस से जुड़े लोगों ने दिल्ली के शिवाजी पार्क, मादीपुर, महाराजा सूरजमल स्टेडियम और पंजाबी बाग समेत आधा दर्जन मेट्रो स्टेशनों की दीवारों पर यह नारे लिखे हैं। सूचना पाकर मेट्रो पुलिस सभी जगहों पर पहुंच गई और नारे मिटा दिए हैं। मेट्रो पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही स्पेशल सेल भी मामले की जांच कर रही है। मेट्रो स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि नारे लिखने वालों की पहचान हो सके।

## पाकिस्तान में हालात आउट ऑफ कंट्रोल

**इस्लामाबाद।** कंगाल पाकिस्तान बढ़े हुए बिजली के दामों को लेकर विरोध प्रदर्शन के बाद हालात कंट्रोल से बाहर होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर बिजली के दामों को लेकर हैशटैग ट्रेंड कर रहा है जानकारी के मुताबिक बढ़े हुए बिजली दामों के खिलाफ लाहौर, अटॉक, पेशावर, क्वेटा, तौंसा, हैदराबाद, नवाबशाह, रहीम यार खान और मुल्तान में भी विरोध प्रदर्शन किया गया। जहां बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसके बाद अब देश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल-हक काकर ने 27 अगस्त को आपात बैठक बुलाई है। -शेष पृष्ठ दो पर

# अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, आठ लोगों की मौत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर इलाके में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में रविवार सुबह हुए विस्फोट में आठ लोगों की मौत की खबर है। हालांकि, ग्रामीणों ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। विस्फोट इतना जोरदार था कि इलाके में कई घर भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस विस्फोट पर भाजना ने तीखा हमला किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि क्या ममता बनर्जी पूरे राज्य को श्माशान बनाकर मानेंगी। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखकर एनआईए जांच की मांग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि माजपुर जगन्नाथपुर के पास एक फैक्ट्री में विस्फोट इतना तेज था कि कई घर उड़ गए और कम से कम 10 लोग घायल हो गए, मौके पर लाशें बिखर गईं। इस धमाके में घायलों को बारासात अस्पताल लाया जा रहा है। यह घटना सुबह करीब 8:00 बजे की बताई जा रही है। भीड़भाड़ वाले इलाके में कैसे पटाखा फैक्ट्री -शेष पृष्ठ दो पर

# इंडिया गठबंधन : बिहार में चुनाव लड़ेगी आप



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक ने यह कहकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है कि उनकी पार्टी बिहार में अपना विस्तार करने जा रही है। आप नेता संदीप पाठक ने इस सिलसिले में शनिवार को बिहार, पार्टी मुख्यालय में आप कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और विस्तार की रूप-रेखा साझा की। संदीप पाठक ने इस सिलसिले में बिहार चुनाव प्रभारी विधायक अजेश यादव और सह प्रभारी अभिनव राय के साथ लंबी चर्चा की। आम आदमी पार्टी के सांसद संदीप पाठक ने कहा कि बिहार में भले ही हमारी पार्टी का संगठन मजबूत ना हो, लेकिन हमारे लिए वहां काम करने वाले लोगों की संख्या अच्छी खासी है। बिहार के लोग राजनीति को खूब समझते हैं। बिहार की राजनीति देश की राजनीति को आगे बढ़ाती है, बिहार से ही कोई परिवर्तन होता है, इसलिए हमें लगता है यहां आम आदमी पार्टी के लिए लोगों में एक सकारात्मक चेतना है। संदीप पाठक ने कहा कि बिहार में आम आदमी पार्टी कब चुनाव लड़ेगी, इसका फैसला पार्टी फोरम में होगा। हालांकि संदीप पाठक ने कहा कि आज की तारीख में बिहार में बहुत गंदी राजनीति हो रही है, इसे बंद किया जाना चाहिए। इसी गंदगी को दूर करने के लिए हमारी पार्टी अब बिहार में चुनाव लड़ने की योजना बना रही है। लेकिन इसके लिए राज्य हमें पहले अपने संगठन को मजबूत बनाना होगा। आप सांसद संदीप पाठक ने बताया कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में 95 फीसदी गांवों में हमारी कमेटी है। उससे पहले हमने गुजरात में भी चुनाव लड़कर दिखा दिया है। किसी भी पार्टी के संगठन की मजबूती का अंदाजा गांव की कमेटी से ही चलता है। पंजाब, गुजरात और छत्तीसगढ़ की तरह बिहार में भी हमें संगठन को मजबूत बनाना है। संदीप पाठक ने यह भी कहा कि पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने के लिए हमें पहले यहां की लोकल बॉडी का चुनाव लड़ना होगा। किसी भी राज्य की -शेष पृष्ठ दो पर

# मणिपुर में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता करेंगे सुनिश्चित : शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर के एक प्रभावशाली नागरिक समाज समूह को आश्वासन दिया है कि आवश्यक वस्तुओं उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इंफाल घाटी को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर उचित सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। शाह ने मणिपुर समन्वय समिति (कोकोमी) के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि राज्य में सभी प्रकार की घुसपैठ के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया जाएगा। प्रभावशाली मैतेयी नागरिक समाज समूह कोकोमी के एक प्रतिनिधिमंडल ने गृहमंत्री से भी मुलाकात की और राज्य से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर लंबी चर्चा की। कोकोमी ने कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

## 11 किलो सोना जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**विजयवाड़ा।** विजयवाड़ा में सीमा शुल्क (निवारक) आयुक्तालय ने बोलापल्ली टोल प्लाजा पर तस्करी का 11 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया। इसकी कीमत 6.4 करोड़ रुपए बताई गई। अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। चेन्नई से विजयवाड़ा जा रही एक कार को बोलापल्ली टोल प्लाजा पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने रोका, जिसकी जांच की गई और उसमे से लगभग 4.3 किलोग्राम सोना बरामद हुआ। इसके अलावा, -शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact
97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# जिहादी मानसिकता के कारण हिंदू समाज के पर्व-उत्सव पर लगातार हमले हो रहे : विहिप

**वाराणसी ( हि.स. )।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि जिहादी मानसिकता के कारण हिंदू समाज के पर्व और उत्सव पर लगातार हमले हो रहे हैं। हरियाणा के मेवात, नूंह की घटना भी इसी मानसिकता के चलते हुई है। हिंदू समाज को लगातार उकसाने का कार्य हो रहा है लेकिन हम पूरी दुनिया में शांति और सुख की कामना करने वाले लोग हैं। हिंदू समाज से हम आग्रह करते हैं ऐसी घटनाओं का प्रतिकार अपने सांस्कृतिक धार्मिक संरक्षण एवं संवर्धन को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। परिषद के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रविवार अपरान्ह में यहां महमूरगंज स्थित एक होटल में पत्र-प्रतिनिधियों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मेवात यात्रा सावन के आखिरी सोमवार को पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि जी-20 को ध्यान में रखते हुए हम अपनी यात्रा पूरी करेंगे। जलाभिषेक यात्रा जहां से निकलना है वह बेहद ही संवेदनशील क्षेत्र है। ऐसे में यात्रा को प्रतीकात्मक




रूप से निकाला जाएगा। यात्रा में संतों के साथ हिंदूओं का प्रतिनिधित्व करते हुए विश्व हिंदू परिषद भी शामिल होगी। मेवात में हिंसा को लेकर उन्होंने कहा कि जलाभिषेक यात्रा के दौरान जो हुआ मुस्लिमों के एक पक्ष ने तैयारी के साथ किया। नूह की घटना खुफिया इकाई और सरकार की विफलता है। उन्होंने नूह जैसी सांप्रदायिक घटना पर दो टूक कहा कि हम कभी किसी पर आक्रमण नहीं करेंगे, लेकिन जब आक्रमण हमारे ऊपर होगा तो उसका प्रतिकार जरूर करेंगे। सरकार की यह जिम्मेदारी है कि धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग करे। इस मामले में उन्होंने केंद्र सरकार के प्रयासों की जमकर प्रशंसा कर कहा कि अब अपराधियों के घर गिराए जा रहे हैं। आलोक कुमार ने बताया कि परिषद अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। हम सब का प्रयास होगा कि अपनी धार्मिक सांस्कृतिक विरासत के आधार पर अजेय हिंदू शक्ति खड़ा हो। उन्होंने बताया कि विश्व हिंदू परिषद का इतिहास स्थापना काल से ही हिंदू समाज को एक सूत्र में बांधने का रहा है। धर्मांतरण, लव जिहाद पर पूर्ण रूप से रोक, हिंदू धर्म संस्कृति का संवर्धन एवं संरक्षण, गौ माता की रक्षा के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ और मथुरा का उल्लेख कर कहा कि हमें अपनी न्याय व्यवस्था पर पूरा विश्वास है। श्री राम जन्मभूमि आंदोलन की सफलता के बाद काशी और मथुरा में भी भगवान अपने पूर्व स्वरूप में विराजित होंगे। काशी विश्वनाथ प्रकरण में हिंदू समाज की न्यायालय के द्वारा जीत होगी, ऐसा अध्ययन और वस्तु स्थिति देखने पर मैं अधिवक्ता होने के नाते कह सकता हूं। वार्ता में परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री पूर्वी उत्तर प्रदेश गजेंद्र, प्रांत मंत्री कृष्ण गोपाल भी उपस्थित रहे।

# खेल मंत्री को बर्खास्त करें मुख्यमंत्री : अनुराग ढांडा

**यमुनानगर ( हिंस )।** हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह की बर्खास्तगी की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने रविवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि अब संदीप सिंह खेल मंत्री के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल हो गई है। मुख्यमंत्री को चाहिए कि वह खेल मंत्री संदीप सिंह को तुरंत पद से बर्खास्त करें। उन्होंने कहा कि 8 महीने से अधिक के समय के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री दागदार मंत्री को अब तक बचाते रहे है। अब इस्तीफा ले लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि संदीप सिंह के कार्यक्रमों का विरोध होना शुरू हो गया है और काले झंडे लेकर लोग उसके खिलाफ खड़े हो गए। जिसके चलते उसे अपना कार्यक्रम रद्द करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। और संदीप सिंह की बर्खास्तगी की मांग की है। आआपा के द्वारा उसकी बर्खास्तगी को लेकर हर जिले में आंदोलन चलाया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी विपक्षी नेता होने के नाते भी उसकी बर्खास्तगी की कोई मांग नहीं रखी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि पंजाब के राज्यपाल को मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जवाब दे दिया है। वह अपने संवैधानिक पद को छोड़कर अगर राजनीतिक करना चाहते है तो राजस्थान जाकर अपना चुनाव लड़ सकते हैं। वहीं उन्होंने नूंह में कल निकाले जाने वाली यात्रा को लेकर कहा कि सरकार इसके बारे में क्यों चुप है। प्रदेश में सरकार अमन चैन और शांति के लिए सही कानून व्यवस्था को लागू क्यों नहीं करती। इस मौके पर बड़ी संख्या में चले गए। वर्ष कार्यकर्ता शामिल रहे।

## परशुराम कुंड में डूबे परिवार का अब तक कोई पता नहीं

**तिनसुकिया ( हिंस )।** अरुणाचल प्रदेश के परशुराम कुंड में शुक्रवार को डूबे एक ही परिवार के तीन लोगों का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। ज्ञात हो कि शुक्रवार को परशुराम कुंड के ब्रह्मकुंड में तीनों लोग नहाते समय डूब डूब गए थे। शनिवार की सुबह से ही तिनसुकिया प्रशासन, अरुणाचल प्रदेश प्रशासन तथा एसडीआरएफ की टीम डूबे लोगों की तलाश में अभियान चला रही है। लेकिन, आज भी किसी का पता नहीं चल सका है। ज्ञात हो कि तीनों एक ही परिवार के सदस्य हैं। घटना शुक्रवार की है। तीनों लोग नहाते-नहाते अचानक डूब गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तीनों लोग परशुराम कुंड के ब्रह्मकुंड में स्नान कर ही रहे थे कि अचानक जोर से पानी का बहाव आया और तीनों लोगों को बहा कर ले गया।

# मोरीगांव में दो कुख्यात साइबर अपराधी गिरफ्तार

**मोरीगांव ( हिंस )।** मोरीगांव पुलिस ने आज एक अभियान चलाकर दो कुख्यात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए नरशाद अली और उमर फारूक नामक दोनों अनुभवी साइबर अपराधी हैं। आज गुप्त सूचना के आधार पर उनके विरुद्ध एक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अपराधियों के पास से 32 सिम कार्ड, मोबाइल फोन, नकली पैन कार्ड एवं आधार कार्ड, एक स्वाइप मशीन और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए। बताया जाता है कि ये दोनों काफी दिनों से साइबर अपराध से जुड़े हुए थे। लेकिन, चलाकी से पुलिस की गिरफ्त से अबतक बचे हुए थे। गिरफ्तार अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।



## अवैध शराब के विरुद्ध चराइदेव पुलिस का सघन अभियान

**चराइदेव ( हिंस )।** चराइदेव पुलिस ने आज जिले के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी कर लगभग 350 लीटर अवैध देसी दारू और 30 लीटर नकली शराब जब्त कर नष्ट कर दिया। गुप्त सूचना के आधार पर आज जिले के कई स्थानों पर अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया गया। पुलिस के पहुंचने की सूचना पाकर अवैध शराब के कारोबारी घटनास्थल से फरार हो गए। हालांकि, एक अवैध शराब के कारोबारी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस का अभियान जारी है।

# चाय श्रमिकों ने शव के साथ किया सड़क जाम



**तिनसुकिया ( हिंस )।** तिनसुकिया शहर के पास चानमारी चाय बागान के एक मजदूर सुरेन मुर्मू की शनिवार शाम को कच्ची चाय पत्ती ले जा रहे एक वाहन से ठोकर लगा था। इस घटना में बाद में मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद रविवार को मजदूर के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद स्थानीय चाय श्रमिकों ने मुआवजे की मांग को लेकर माकुम बाईपास सड़क को शव को सड़क पर लेटाकर जाम कर दिया। इस वजह से सड़क पर काफी देर तक यातायात बाधित रहा। हालांकि, बाद में पुलिस के साथ-साथ जिला प्रशासन के अधिकारी भी नाकाबंदी स्थल पर पहुंचे और उन्हें घटना की उचित जांच का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि तिनसुकिया जिले में कच्ची चाय पत्ती ले जाने वाले वाहनों की होड़ दिनों-दिन बढ़ती जा रही है।

# पृष्ठ एक का शेष

## नलबाड़ी जिले में ...

कारण गांव के सभी रास्ते जलमग्न हो जाते हैं। आसपास के लोगों का दावा है कि 162 हेक्टेयर में फैले इस गांव की हालत कुछ दशक पहले तक इतनी दयनीय नहीं थी। उच्च कृषि उपज के लिए प्रसिद्ध इस गांव की ओर जाने वाली सड़क के उद्घाटन के लिए पूर्व मुख्यमंत्री बिष्णुराम मेधी ने कुछ दशक पहले यहां का दौरा किया था। अनिमा ने बताया कि स्थानीय अधिकारियों की उदासीनता ने हालात को और भी खराब कर दिया, जिसकी वजह से लोग यहां से चले गए। उन्होंने दावा किया कि जिला परिषद, गांव पंचायत या खंड विकास कार्यालय जैसी स्थानीय एजेंसियां यहां काम करने में कोई रुचि नहीं रखती हैं। अनिमा ने कहा कि कृषि और पशुपालन उनका मुख्य आधार है। हाल ही में एक गैर सरकारी संगठन *ग्राम्य विकास मंच* ने गांव में एक कृषि फार्म स्थापित किया है, जिससे परिवार को अब अकसर अन्य लोगों के साथ बातचीत करने का मौका मिलता है। फार्म के अध्यक्ष पृथ्वी भूषण डेका ने कहा कि गांव कभी समृद्ध था, लेकिन बार-बार आने वाली बाढ़ ने इसे उजाड़ दिया है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार सड़क बनाती है और बुनियादी सुविधाएं प्रदान करती है, तो कृषि क्षमता को फिर से साकार किया जा सकता है और लोग गांव लौटेंगे।

## कानून की सुनवाई ...

मुकीबुर रहमान अजहरी के नेतृत्व में अजहरी के अपने घर पर मुकदमा चलाया गया। मुकदमे में दोनों को सामाजिक व्यवस्था के तहत अलग कर दिया गया और घटना के बाद इल्मिना खातून ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद धूला पुलिस ने गांव के बुजुर्ग नईमुद्दीन अहमद, खबीर उद्दीन, जियारुल हक और मुफ्ती मुकीबुर रहमान को घटना में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार कर मंगलदै जेल भेज दिया।

## मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं ...

सांसद पल्लवलोचन दास और दीपलू रंजन शर्मा भी उपस्थित थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता कमलपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित मन की बात कार्यक्रम में मौजूद थे। अध्यक्ष कलिता ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के माध्यम से असम गौरव अमलान बरगोहाईं के बारे में पूरे देश को अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि आज पार्टी के अन्य प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी अपने-अपने बूथों पर उपस्थित होकर मन की बात कार्यक्रम सुन रहे थे।

## भाजपा सांसद के ...

वह पांचवीं कक्षा का छात्र था। बच्चे का नाम भी संयोग से राजदीप रॉय था। वह अपनी मां और बड़ी बहन के साथ पिछले एक साल से सिलचर में सांसद के घर में रह रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह आत्महत्या थी, लेकिन पुलिस ने इसे एक असामान्य मौत बताया है। लड़का शनिवार रात घर के अंदर फंदे से लटका हुआ मिला था। कछार जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुब्रत सेन ने न्यूज एजेंसी एएनआई को फोन पर बताया कि 10 वर्षीय लड़के के शव का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए कहा कि हमारी जांच भी जारी है। सिलचर के सांसद डॉ. राजदीप रॉय ने अपने आवास पर एक नाबालिग का शव मिलने के बाद कहा कि एक 10 वर्षीय लड़के ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मेरे स्टाफ ने पुलिस को बुलाया, उन्होंने बंद कमरे को तोड़ा और शव को मेडिकल कॉलेज ले गए, लेकिन बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। मैंने तुरंत एसपी नुमल महत्ता को फोन किया और पुलिस से जांच के लिए एसओपी का पालन करने का आग्रह किया क्योंकि यह एक कथित आत्महत्या का मामला था। लड़के की मां सांसद राजदीप रॉय के आवास पर घरेलू सहायिका के रूप में काम करती है। उनका परिवार कछार जिले के पालोंग घाट इलाके का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, मां अपने दो बच्चों को बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक साल पहले सिलचर आई थी।

## नौकरी के लिए ...

दीबन डेका, लेखांता दास और आशिम चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया था। भाजपा किसान मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डेका को असम पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक घोटाले में उनकी कथित भूमिका के लिए अक्तूबर 2020 में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के तुरंत बाद उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। इस मामले में एक और पूर्व भाजपा नेता मुख्य आरोपियों में से एक है, जिसे हाल ही में जेल से रिहा किया गया है। भाजपा नेता ने 2011 में विधानसभा का चुनाव लड़ा था और 2021 में भी चुनाव लड़ने की योजना बना रहा है। लेखांता दास को नौकरी के बदले नकदी घोटाले में नाम सामने आने के बाद पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से हटा दिया गया था। वह किसान मोर्चा के नलबाड़ी जिला अध्यक्ष था। जबकि भाजपा से निष्कासित अनुराग चालिहा किसान मोर्चा का नेता था। वहीं, आशिम चक्रवर्ती पहले भाजपा का कैडर था। उसके अभी भी पार्टी के साथ करीबी संबंध थे। पुलिस ने शुरुआत में इस मामले को आत्महत्या का मामला मानकर जांच शुरू की थी। चालिहा की गिरफ्तारी के बाद घोटाले का एंगल सामने आया, जिसके घर से विभिन्न सरकारी नौकरियों के प्रवेश पत्र बरामद किए गए। इस बीच, मृतका और उसके सहयोगियों के बीच बातचीत के ऑडियो क्लिप ने भी मामले के विभिन्न कोणों को उजागर किया। एक सूत्र ने कहा कि गिरफ्तार किए गए इन पांच आरोपियों ने पूछताछ के दौरान कई अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं का नाम लिया है, जिसमें एक निगम का उपाध्यक्ष भी शामिल है, जो अगले साल लोकसभा चुनाव लड़ने की योजना बना रहा है। पार्टी के इतने सारे पदाधिकारियों की संलिप्तता के बारे में पूछे जाने पर भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता रूपम गोस्वामी ने कहा कि कानून अपना काम करेगा। पार्टी किसी भी कानूनी और जांच मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगी। विपक्षी कांग्रेस की महिला नेताओं ने 24 अगस्त को असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की थी और घोटाले में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी सजा की मांग की थी। एक ज्ञापन में विपक्षी दल ने आरोप लगाया था कि तहबीलदार की आत्महत्या की परिस्थितियों ने मौजूदा भाजपा नीत असम सरकार में भ्रष्टाचार के गिरोह को उजागर किया है।

## असम भाजपा की...

मृत्यु के बाद उभरे नौकरी के बदले नकद घोटालों के आसपास बढ़ती चिंताओं को संबोधित करना है। इस बैठक का आह्वान उन आरोपों और आरोपों के बीच उठाया गया है जो इंद्राणी की आत्महत्या में शामिल कुछ व्यक्तियों पर लगाए गए हैं। इन आरोपों ने इन व्यक्तियों को नौकरी के बदले नकद योजना में फंसाया है, जिसके कारण उनके खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की गईं। इन शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने रोजगार के अवसर सुरक्षित करने के बदले पैसे की मांग की।

## दोस्त का अपहरण ...

को कृष्णानगर शहर के बाहरी इलाके हिजुली इलाके में एक तालाब से बरामद किया गया। पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया और रविवार को कृष्णानगर की एक कोर्ट में पेश किया। मृतक घुरनी का रहने वाला था। वह आठवीं कक्षा में पढ़ता था। शुक्रवार दोपहर को कुछ सामान खरीदने के लिए पास की दुकान पर जाते समय वह लापता हो गया था। उसकी मां को शनिवार सुबह तीन लाख रुपए की फिरौती के लिए फोन आया। इसके उन्होंने कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमने तीनों को पकड़ लिया। तीनों उसी स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र हैं, जिसमें मृतक पढ़ता था। सभी स्थानीय निवासी भी हैं। उन्होंने लड़के की हत्या करने और उसके शव को तालाब में फेंकने की बात कबूल कर ली है। हम हत्या के पीछे के मकसद का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, पुलिस को संदेह है कि तीनों को एहसास हुआ कि लड़के की मां फिरौती की रकम नहीं दे पाएगी, ऐसे में उन्होंने उसे इस डर से उसे मार डाला कि अगर उन्होंने उसे छोड़ा तो वे पकड़े जाएंगे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक के पिता की काफी पहले मौत हो चुकी है और उसकी मां *आया* के रूप में काम करती है। मां-बेटे अपने मामा के घर पर रहते थे।

## पाकिस्तान में हालात ...

एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान महंगे संयंत्रों और प्रतिबद्धताओं के बोझ तले दबा हुआ है। जिसके चलते देश के लोगों को बढ़ी हुई कीमतों का सामना करना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री काकर ने पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्रालय और बिजली वितरण कंपनियों को इस मामले में पूरी जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही देश के लोगों को बढ़े हुए बिजली के दामों से कैसे राहत दी जाए, इस पर भी विचार किया जा रहा है। बिजली के दामों में बढ़ोतरी के बाद देश की आम जनता के साथ, व्यापारी संघ के लोगों ने कई शहरों में प्रदर्शन किया। जिसके बाद सरकार ने इस मुद्दे पर विचार-विमर्श शुरू किया है। इससे पहले बढ़े हुए बिजली दामों को लेकर कराची, खैबर पख्तूनख्वा से भी विरोध प्रदर्शन की खबरें सामने आईं थीं। यहां प्रदर्शनों को जमात-ए-इस्लामी (जेआई) से समर्थन हासिल था। कराची में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान बोलते हुए अमीर हाफिज नईमुर रहमान ने चेतावनी दी कि अगर सरकार जनता पर बोझ डालना जारी रखेगी तो स्थिति और खराब हो सकती है। पाकिस्तान के रावलपिंडी से भी विरोध प्रदर्शन की खबरें सामने आई हैं।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री ...

चल रही थी। इसको लेकर सवाल उठ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पूर्व मेदिनीपुर जिले के एगरा में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया था। इसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। पुलिस ने बताया कि कोलकाता से लगभग 30 किलोमीटर उत्तर में दत्तपुकुर पुलिस थाना क्षेत्र में नीलगंज के मोशपोल में कई लोग कारखाने में काम कर रहे थे। उस समय अचानक फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। अधिकारी ने कहा कि अब तक तीन शव मिले हैं। विस्फोट में कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें, इससे पहले मई में पूर्व मेदिनीपुर जिले के एगरा में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में इसी तरह का विस्फोट हुआ था, जिसमें 12 लोग मारे गए थे। दत्तपुकुर में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट पर फायर स्टेशन अधिकारी आशीष घोष ने बताया कि पांच शव बरामद किए गए हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा के विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि सिर्फ इस फैक्ट्री में ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य में ऐसी अवैध फैक्ट्रियां चल रही हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि इन अवैध कारखानों को बंद कर दिया जाएगा, लेकिन वह चोरों को बचाने में व्यस्त हैं। अधिकारी ने कहा कि सीएम का काम राज्य में इमामों के साथ बैठकें करना और सांप्रदायिक कार्ड खेलना है। इस घटना पर दुख जताते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब तक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस पद पर रहेगी बंगाल में ऐसा ही चलता रहेगा। पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती। क्या मुख्यमंत्री पूरे राज्य को श्मशान बनाकर मानेंगी। पूरे बंगाल को बारूद के ढेर पर पहुंचा चुकी हैं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी। इन लोगों की मौत की जिम्मेदार हैं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार। वहीं, फैक्ट्री में हुए धमाके पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि जिस मात्रा में विस्फोटक मिले हैं उससे साफ है कि बंगाल सरकार ने विस्फोटकों को जहां चाहे इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी है। यह बंगाल सरकार की विफलता को दर्शाता है। चौधरी ने आगे कहा कि जब विस्फोट होता है, तो हमें पता चलता है कि कोई मर गया है। उसके बाद हर कोई शांत हो जाता है और अवैध कारोबार चलता रहता है। उन्होंने कहा कि सरकार चुप रहना पसंद करती है और आम आदमी इसकी कीमत चुकाता है।

## मणिपुर में आवश्यक ...

मणिपुर में अलग प्रशासन के लिए कोई अनुमति नहीं होगी। इस संबंध में जारी बयान में कहा गया कि केंद्रीय गृह मंत्री ने मणिपुर के क्षेत्र में सभी प्रकार की घुसपैठ के खिलाफ सख्त रुख पर जोर दिया। रेटिना स्कैन सहित बायोमेट्रिक्स का उपयोग करके प्रवासियों को पंजीकृत करने के उपाय लागू किए जा रहे हैं। मणिपुर के क्षेत्र में सभी प्रकार की घुसपैठ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें कहा गया कि बड़े पैमाने पर घुसपैठ की चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार मणिपुर सेक्टर में सीमा पर बाड़ लगाने में तेजी ला रही है। बयान के अनुसार, कोकोमी ने दृढ़ता से कहा कि मणिपुर में अलग प्रशासन के लिए कोई अनुमति नहीं होगी और गृह मंत्री ने राज्य में शांति की अपील की तथा कोकोमी से लोगों को यह संदेश देने का अनुरोध किया।

## 11 किलो सोना ...

अधिकारियों ने बताया की सोने की तस्करी छिपाने के लिए सोने पर विदेशी चिह्नों को जानबूझकर मिटा दिया गया था। आरोपी को 26 अगस्त (शनिवार) को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। विशाखापत्तनम की एक अदालत ने उसे 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अधिकारियों ने अनुवर्ती अभियान के तहत आरोपी के परिसर की तलाशी ली, जिसमें बहुत-सी चीजें उनके हाथों आईं। अधिकारियों ने 1.5 लाख रुपए मूल्य की विदेशी मुद्रा (कुवैत दीनार, कतर रियाल, ओमान रियाल) के साथ 6.8 किलोग्राम सोने के आभूषण बरामद किए। फिलहाल आगे की जांच जारी है। इससे पहले भी कई बार अधिकारियों ने तस्करी कर के लाए गए सोने जब्त किए हैं। आंकड़ो की बात करे तो 2022-23 और 2023-24 में, विजयवाड़ा सीमा शुल्क (निवारक) आयुक्तालय ने 70 किलोग्राम तस्करी का सोना जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग 40 करोड़ रुपए थी।

## चंद्रयान-3 : वैज्ञानिक ...

शिक्षक के बीच बातचीत का एक ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद गुरुवार को दिन भर मीडिया को दिए साक्षात्कार में मितुल ने बताया था कि वर्ष 2011 से वह इसरो और वर्ष 2013 में वह नासा में काम कर रहा है। दावा किया था कि इससे पूर्व वह चंद्रयान-2 और मंगल मिशन में भी जुड़ा हुआ था। चंद्रयान-3 के लैंडर की डिजाइन बनाने में उसने योगदान दिया था। बाद में कई लोगों ने इसरो के लोगों समेत अन्य सूत्रों से जांच की तो मितुल नाम के किसी व्यक्ति के इसरो में कार्यरत नहीं होने की जानकारी मिली। इसके बाद से मितुल के दावे पर शंका होने लगा। बाद में पुलिस आयुक्त कार्यालय में मितुल को बुलाकर पूछताछ की गई। अब क्राइम ब्रांच को इस मामले की जांच का काम सौंपा गया है।

## चंद्रमा की सतह के ...

मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर जनाकारी साझा की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर के साथ लगे चेस्ट उपकरण द्वारा चंद्र सतह पर मापी गई तापमान भिन्नता का एक ग्राफ रविवार को जारी किया। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, चंद्र सर्फेस थर्मो फिजिकल एक्सपेरिमेंट (चेस्ट) ने चंद्रमा की सतह के तापीय व्यवहार को समझने के लिए दक्षिणी ध्रुव के आसपास चंद्रमा की ऊपरी मिट्टी के तापमान प्रालेख को मापा है। इसरो द्वारा जारी ग्राफ में पाया गया है कि चंद्रमा की सतह का तापमान अलग-अलग समय पर बदला है। ग्राफ के मुताबिक, आठ सेंटीमीटर की गहराई पर पेलोड ने यहां का तापमान -10 डिग्री दर्ज किया है। इसके अलावा तापमान में बढ़ोतरी भी होती है। दक्षिणी ध्रुव के सतह पर तापमान करीब 50 डिग्री सेल्सियस है। इसरो ने बताया कि यहां विक्रम लैंडर पर चेस्ट पेलोड के पहले अवलोकन हैं। बता दें कि पेलोड में तापमान को मापने का एक यंत्र लगा है, जो सतह के नीचे 10 सेंटीमीटर की गहराई तक पहुंचने में सक्षम है। इसमें 10 तापमान सेंसर लगे हैं। जिसे अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला (एसपीएल), वीएसएससी के नेतृत्व वाली एक टीम ने पीआरएल अहमदाबाद के सहयोग से बनाया है।

## इंडिया गठबंधन : बिहार ...

राजनीति में जगह बनाने के लिए यही तरीका है। आम आदमी पार्टी बिहार में पहले जिला पंचायत, नगर पंचायत और नगर परिषद का चुनाव लड़ेगी। इसी से आगे के रास्ते बनेंगे। विधानसभा और लोकसभा का चुनाव का भी रास्ता साफ होगा। पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं से बात करते हुए आम आदमी पार्टी के सांसद संदीप पाठक ने केंद्र सरकार की नीति और पीएम नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी जी केवल भाजपा के प्रधानमंत्री नहीं हैं, वह पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं। वो बताएं कि पिछले 9 साल में सिवाय भाषण देने के अलावा और कौन सा काम किया। उन्होंने कहा कि अब देश बदलाव मांग रहा है। हमारी पार्टी की सरकार एक राज्य से बढ़कर दो राज्यों में हो चुकी है। वहीं गोवा और राजस्थान में भी हमारी परफॉर्मेंस अच्छी रही है। अब हम बिहार जैसे राज्य में भी संगठन को मजबूत बनाना चाहते हैं। इंडिया गठबंधन को लेकर संदीप पाठक ने कहा कि किसी मुद्दे पर हममें सबकी राय अलग-अलग हो सकती है, लेकिन सबका यही मानना है कि देश सबसे ऊपर है। अगर देश को बचाना है तो भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाना जरूरी है। अब हमारी पार्टी नेशनल पार्टी है, हम लोकसभा का चुनाव तो लड़ेंगे ही, लेकिन इसकी रूप रेखा क्या होगी, सीटों का बंटवारा कैसे होगा- यह फैसला आने वाले समय में होगा।

## स्वर्वेद भाष्य




**पंचम मंडल** **तृतीय अध्याय अध्याय**

**अथर्ववेद कांड-10, सूक्त-7 स्कम्भ का स्वरूप विषयक प्रश्नों के उत्तर**

**( 9 )**

**एक भाग में भूत है, एक भाग वर्तमान।**
**एक भाग भविष्य है, न्युनाधिक परमान॥ 21॥**

**शब्दार्थ :** (परमान) नाप, वजन।

**भाष्य :** एक भाग में ही न्यूनाधिक परिमाण से भूत, भविष्य और वर्तमान का व्यवहार होता है।

**सृष्टि प्रलय के मध्य में, होय अनन्त विभाग।**
**रचना भूरि विभाग में, अमित भाग एक भाग॥ 22॥**

**शब्दार्थ :** (रचना) निर्माण (भूरि) अत्यन्त (अमित) सीमारहित।

**भाष्य :** स्कंभ के एक ही भाग में अनंत विशाल सृष्टि और प्रलय की रचना होती है। प्रभु के अनंत होने से उसका सृष्टि-व्यवहार असीम और अनंत है। उस स्कंभ की यह महती महिमा है।

## रंगिया : श्री श्री राधाकृष्ण झूलन महोत्सव का शुभारंभ



**रंगिया ( विभास )।** निचले असम के सबसे पुराने और ऐतिहासिक महोत्सव में एक रंगिया का श्री श्री राधाकृष्ण झूलन यात्रा महोत्सव का 99वां आयोजन इस वर्ष 27 अगस्त से 31 अगस्त तक पांच दिवसीय कार्यक्रम के साथ स्थानीय श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव का शुभ उद्घाटन रविवार को स्थानीय विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता द्वारा किया गया और रंगिया पौरसभा के अध्यक्ष अमरेन्द्र लहकर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। उद्घाटन समारोह में कामरूप जिले के उपायुक्त तथा रंगिया के महकमाधिपति दिपन बर्मन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे जिन्होंने महोत्सव के मुख्य कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर रंगिया पौरसभा के पार्षद गुंजन दास, मिताली डेका, कार्यवाहक अभियंता बसंत डेका, मंदिर संचालन समिति के निवर्तमान अध्यक्ष हरिराम क्याल, भाजपा उत्तर कामरूप जिलाध्यक्ष सुबल पाल आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# लोस चुनाव में कांग्रेस को एक सीट मिलेगी : दिलीप सैकिया

**मंगलदै ( हिंस )।** लोकसभा चुनाव में सीटों को लेकर कांग्रेस-भाजपा के बीच जुबानी जंग जारी है। 2024 के लोकसभा चुनाव में अगर कांग्रेस-एआईयूडीएफ गठबंधन होता है तो कांग्रेस को सिर्फ एक सीट मिल सकती है। यह दावा है मंगलदै के भाजपा सांसद दिलीप सैकिया का। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के अध्यक्ष भूपेन बोरा ने दावा किया था कि कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव में नौ सीटें जीतेगी। भाजपा के एक अन्य विधायक मृणाल सैकिया ने पत्र लिखकर कहा कि अगर बोरा का दावा सही हुआ तो वे (मृणाल) विधायक का पद छोड़ देंगे। मृणाल सैकिया के बाद इस बार



मंगलदै के सांसद दिलीप सैकिया ने भी इस विषय में अपना मुंह खोला है। दिलीप सैकिया ने कहा कि भूपेन बोरा नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी को केवल एक सीट मिल सकती है। धुबड़ी सीट भी नहीं और नगांव सीट भी मिलने की संभावना नहीं है। अगर कांग्रेस-एआईयूडीएफ साथ आती है और एक अच्छा उम्मीदवार उतारती है तो कांग्रेस को करीमगंज सीट मिल सकती है। और, अगर वे अलग से चुनाव लड़ते हैं तो कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिलेगी। भाजपा सांसद दिलीप सैकिया ने उदालगुड़ी के माजबाट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के महारजत जयंती वर्ष मनाने के लिए एक तैयारी बैठक में कांग्रेस पर निशाना साधा। इस बीच, दिलीप सैकिया ने दरंग-उदालगुड़ी सीटों पर उम्मीदवारी को लेकर संघर्ष पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि हर किसी को उम्मीदवारी मांगने का अधिकार है। इसमें आपत्ति करने की कोई बात नहीं है। सैकिया ने कहा कि पार्टी तय करेगी कि किसके जीतने की संभावना है। उसे उम्मीदवार बनाया जाएगा।

## पुलिस अधिकारी के खिलाफ नौकरानी ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**शिवसागर( हिंस )।** एक असम पुलिस सेवा की अधिकारी पर महिला को प्रताड़ित करने का आरोप लगा है। नाजिरा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभलक्ष्मी दत्त पर लगे इस आरोप से सभी स्तब्ध हैं। आरोप के अनुसार अधिकारी ने कथित तौर पर काम करनेवाली महिला पर उबला गर्म पानी डालने के बाद उसे बाथरूम में बंद करके प्रताड़ित किया। पीड़िता ने आखिरकार घटना के संबंध में नाजिरा मॉडल पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता की पहचान लखीमपुर की अनिमा प्रजा के रूप में हुई है। पीड़िता के शरीर के विभिन्न हिस्सों पर स्पष्ट चोट के निशान हैं। चाय समुदाय के संगठन इस घटना को लेकर गुस्से में हैं और उन्होंने घटना की उचित जांच की मांग की है। मामला नाजिरा मॉडल पुलिस स्टेशन में आज 36/2023 दर्ज किया गया है। उधर, नाजिरा पुलिस पर पीड़िता



द्वारा शनिवार को एफआईआर दर्ज कराने के बाद भी रविवार दोपहर तक मामला दर्ज नहीं करने का आरोप लगा है। असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह द्वारा आज प्राथमिकी दर्ज करने और इसकी जांच करने संबंधी आदेश दिए जाने के बाद आखिरकार थाने में पुलिस अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज हो सका। देखना यह है कि मामले में आगे की कार्रवाई किस तरह से की जाती है।

## अभिनेत्री प्रीति कंगना ने किया *फर्नीचर आइडियाज* का उद्घाटन

**गुवाहाटी ( विभास )।** असमिया फिल्मों की जाने मानी अभिनेत्री प्रीति कंगना ने आज बेलतला के लालमाटी स्थित फर्नीचर आइडियाज के एक्सक्लूजिव शोरूम का उद्घाटन किया। इस मौके पर शोरूम के प्रमुख राजकुमार पाटोदी, सौरव पाटोदी, शुभम पाटोदी, मनोज पाटोदी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस दौरान मुख्य अतिथि अभिनेत्री प्रीति कंगना ने कहा कि फर्नीचर आइडियाज के इस शोरूम के खुलने से गुवाहाटी सहित असमवासियों को घर व ऑफिस से जुड़े सभी तरह के फर्नीचर एक छत तले उचित दरों में उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर शोरुम के प्रमुख श्री पाटोदी ने बताया कि उनके यहां विहास फर्नीचर, सॉलिड वुड, डेको वेल, वेलस्पन, स्पेसवुड सहित कई नामी गिरामी ब्रांड के फर्नीचर



उपलब्ध है। इनमें घर, कार्यालय, स्कूल, अस्पताल से जुड़े बेडरूम, लिविंग रूम, डाइनिंग रूम, किचन, सोफा, बेड, वार्डरोब, ड्रेसर, स्टडी टेबल, फर्निशिंग, डेकोर आदि विभिन्न वैरायटी व रेंज में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की जरूरत के आधार पर उनके यहां कस्टमाइज्ड फर्नीचर की सेवा भी उपलब्ध है। उन्होंने आशा जताई कि इस शोरूम के खुलने से असम ही नहीं बल्कि समुचे पूर्वोत्तर वासियों को कम कीमतों में बेहतर व शानदार फर्नीचर उपलब्ध होंगे।

## होटल विश्वरत्न में लायंस उमंग की आम सभा आयोजित

**गुवाहाटी ( विभास )।** लायंस क्लब का गुवाहाटी उमंग की तीसरी निदेशक बोर्ड व साधारण सभा का आयोजन होटल विश्वरतन ने किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष श्रीमती कंचन पोद्दार ने सभी सदस्याओं का स्वागत किया। तत्पश्चात सचिव संगीता अग्रवाल ने क्लब की ओर से किए गए कार्यों की जानकारी दी। वहीं कोषाध्यक्ष स्वाति चौधरी ने आय व्यय



का लेखा-जोखा रखा। क्लब की जनसंपर्क अधिकारी प्रियंका गर्ग ने बताया कि इस मौके पर जिलापाल प्रथम श्रीमती सीमा गोयनका ने भी सभी सदस्याओ का मार्गदर्शन किया। इस बैठक में सदस्याओ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कोलकाता से वेलनेस कोच इंदु केजरीवाल ने सरल भाषा में सभी का मार्गदर्शन किया। वहीं दूसरी ओर क्लब की ओर से वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी अभियान के तहत नि:शुल्क मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप शिविर का आयोजन मठघरिया के लखी मंदिर पथ व मठघरियां स्पोर्ट्स एंड कल्चरल क्लब में आयोजित किया गया जहां बड़ी संख्या में लोगों ने सेवा का लाभ उठाया। अध्यक्ष श्रीमती पोद्दार ने बताया कि इस बैठक में आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ में विचार विमर्श किया गया। साधारण सभा में बड़ी संख्या में क्लब की सदस्याए मौजूद थीं।

## मारवाड़ी युवा मंच, नगांव शाखा ने साइकिल रैली का आयोजन किया

**नगांव ( निसं )।** मारवाड़ी युवा मंच नगांव शाखा ने अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एक साइकिल रैली (साइक्लोथोन) का आयोजन आज किया। उल्लेखनीय है इस कार्यक्रम को पूरे भारतवर्ष में आज हीं के दिन (27 अगस्त ) मंच की सभी शाखों द्वारा अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के आह्वान पर आयोजित किया गया। इसी कड़ी में नगांव शाखा ने भी यह कार्यक्रम संपादित करते हुए मोतीराम बोरा बालिका विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ मिलकर एक साइकिल रैली का आयोजन सुबह 7 बजे से किया। जिसमें लगभग 100 से भी अधिक स्कूल की छात्राओं ने साइकिल रैली में अंश ग्रहण करते हुए इस रैली कार्यक्रम को सफल बनाया। नगांव शाखा की ओर से कार्यक्रम संयोजक अमित शर्मा ने बहुत ही सुंदर तरीके से कार्यक्रम को आयोजित किया। रैली की अगुवाई शाखा अध्यक्ष विनीत मोर ने की। रैली का शुभारंभ शाखा के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रांतीय मारवाड़ी भाषा एवं संस्कृति के वॉइस चेयरमैन अरुण नागरका ने



हरी झंडी दिखाकर किया। यह रैली युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति का नारा लगाते हुए नगांव के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुन: मोतीराम बोरा बालिका विद्यालय में संपन्न हुई। रैली के पश्चात एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के शिक्षकों एवं सभी अतिथियों का फुलाम गोमछा से अभिनंदन किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किये गये। सुबह के नाश्ते की व्यवस्था शाखा की ओर से विद्यालय परिसर में ही कि गयी थी। इस अवसर पर महिला समिति की सदस्य राखी शर्मा एवं स्वाति अग्रवाल शाखा सदस्य पंकज शर्मा के अलावा कई सदस्य उपस्थित थे। सचिव नारायण पारीक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ।

## अंतिम सोमवारी को कांवड़ियों के बीच प्रसाद वितरण



**गुवाहाटी।** दो महीने के लंबे अंतराल के बाद आए अंतिम सोमवार को जल चढ़ाने के लिए वशिष्ठ गंगा नदी से जल लेकर जाने वाले कांवड़ियों के लिए वशिष्ठ चारली स्थिति श्री ट्रेडर्स प्रतिष्ठान सहित कई समाज सेवियों ने विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के साथ सेवा प्रदान किया, भंडारा और लंगर लगाने वाले सेवाधारियों ने बताया कि अन्य दिनों की अपेक्षा आज बहुत कम गर्मी थी, मौसम अनुकूल होने के कारण अन्य दिनों की अपेक्षा आज अधिक लोग जल चढ़ाने को निकले, सेवा का भाव कुछ इस तरह रहा की बेलतला क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से लोग अपने घरों से बुंदिया,खीर, खिचड़ी, सरबत तथा अन्य प्रकार के खाद्य पदार्थ कर बशिष्ठ चारली से बेलतला के इलाके में वितरण किया

## होजाई की रिचा पी मिश्रा को मिस एंड मिस्टर टीन का खिताब



**होजाई ( निसं )।** होजाई की रिचा पी मिश्रा को मिस एंड मिस्टर टीन इंडिया के फाइनल में सबटाइटल अवार्ड मिस टीन इंडिया फ्रेश फेस 2023 का खिताब प्रदान किया गया। रिचा पी मिश्रा के पिता प्रेमेंद्र मिश्रा ने आज उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नई दिल्ली स्थित एक होटल में गत 19 अगस्त को एली क्लब द्वारा भव्य ग्रैंड फूलने का आयोजन किया गया था। रिचा को यह खिताब अभिनेता अयूब खान, एली क्लब की निर्देशीका संबिता बोस, अभिनेत्री पूजा बनर्जी ने प्रदान किया। रिचा होजाई के नया बाजार के स्टेशन रोड के वार्ड नंबर 4 की निवासी है। वे प्रेमेंद्र मिश्रा व सजनी पिलाई मिश्रा की पुत्री है व जनक लाल मिश्रा की पुत्री है। वे अरुणोदय सीनियर सेकेंडरी हाईस्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा है। उसे मॉडलिंग, एक्टिंग व पेंटिंग करने का शौक है। 15 वर्षीय मिस रिचा पी मिश्रा इस सफलता के बाद काफी उत्साहित है। वे कहती है कि वे भगवान के साथ-साथ अपने अभिभावकों की शुक्रगुजार है जिन्होंने उसे प्रोत्साहित किया जिससे आज उसे इतना बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। वे कहती है कि वो खुश है कि उसे एली क्लब की निर्देशिका रैम्पगुरु संबिता बोस द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। फिलहाल में पढ़ाई के साथ-साथ ऐसे आयोजनों हेतु अपने आप को तैयार करेगी और भविष्य में फेमिना मिस इंडिया जैसे प्रतियोगिताओं में भी भाग लेगी।

## होजाई : नाबालिग लड़की का शव संदिग्ध हालत में बरामद

**होजाई( निसं )।** स्थानीय होजाई थाना के अंतर्गत आमतोला गांव में एक नाबालिग लड़की का मृत शरीर रहस्य जनक अवस्था में उसके ही घर से बरामद हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार लड़की के माता-पिता लड़की को घर में छोड़कर बाजार करने के लिए गए थे। जब वे बाजार से वापस लौट कर पहुंचे तो अपनी लड़की का मृत शरीर रहस्य जनक अवस्था में देखेंते ही तुरंत इसकी जानकारी होजाई थाने में दी। आन्न-फन्न में पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मृत शरीर का बरामद किया। इसके पश्चात नाबालिक के माता-पिता ने आरोप लगाया है कि चाचा जहर चौहान ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। उल्लेखनीय है कि नाबालिक के माता-पिता ने आरोप लगाते हुए बताया कि दो दिन पहले जहर चौहान ने अपनी भतीजी के साथ दुष्कर्म कर अपने परिवार के साथ लापता हो गया है। दुष्कर्म करने पर माता-पिता ने विरोध किया तो उसके परिवार के लोग सानिया देवी, संजू देवी के साथ अन्य सदस्य ने उन लोगों पर आक्रमण कर दिया एवं उनके साथ मारपीट की इसके अलावा स्थानीय लोगों ने घटना के संदर्भ में विचार करने की व्यवस्था कह कर 3 दिन के बाद भी कोई विचार नहीं किया।

## भगवान की कृपा के बिना सत्संग प्राप्त नहीं हो सकता : शिवेंद्र स्वरूप महाराज

**गुवाहाटी।** पारीक सभा गुवाहाटी के तत्वावधान में महानगर के छत्रीबाड़ी रोड स्थित परशुराम सदन (ब्राह्मण भवन) में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के सातवें दिन की कथा सुनाते हुए शिवेंद्र स्वरूप महाराज ने कहा कि जब तक भगवान जीव पर कृपा नहीं करते तब तक जीव भगवान की भक्ति नहीं कर सकता। जीव के पास सामर्थ नहीं है कि वह दो मिनट भी भगवान का भजन कर सके। भगवान की कृपा के बिना सत्संग प्राप्त नहीं हो सकता। हम लोग कितने सौभाग्यशाली हैं कि परमात्मा ने हमपर कृपा कर मानव योनी प्रदान की है। धर्म को प्राप्त कर मान-प्रतिष्ठा प्राप्त कर लेना यह कोई भगवान की विशेष कृपा नहीं है, यह तो कर्मों का फल है। कलयुग में संत समागम और



हरि की कृपा दोनों दोनों दुर्लभ है। कलयुग में संतों का मिलना काफी कठिन है। उन्होंने कहा कि मनुष्य सत्संग का लाभ लें। अपने जीवन के लक्ष्य को जानना ही सत्संग है। हम हमारे उद्देश्य को जाने। हमारा शरीर संसार से ही प्रकट हुआ है। जीव का यही लक्ष्य होना चाहिए की वह अपने आपको जाने। ईश्वर को न भूले तथा उनकी याद निरंतर करते रहे, तभी उनपर ईश्वर की कृपा दृष्टि हो सकती है। कलयुग में भगवान का नाम ले लेने से ही जीव का कल्याण हो जाता है। मनुष्य माया के जाल में बंधा हुआ है। महाराज ने आगे कहा कि प्रत्येक प्राणी दस बंधनों से बंधा हुआ है। चाहते हुए भी वह इससे मुक्त नहीं हो सकता। यह तो उसके जन्म-जन्मांतरों का फल है। मनुष्य को चिंतन करना चाहिए कि हमारा वास्तविक स्वरूप क्या है। मनुष्य को अपने हृदय को स्वच्छ करने के लिए बार-बार भगवान की कथा का श्रवण करना चाहिए। महाराज ने आज युद्ध खंड की कथा सुनाते हुए कहा कि किस तरह भगवान शिव ने तारकासुर के तीनों पुत्रों जलंधर, वाणासुर और गजासुर का वध किया, इसके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मालूम हो कि आज के मुख्य यजमान गिरधारी लाल पारीक परिवार तथा सह यजमान दिनेश पारीक सपत्नी तथा शिव कुमार सपत्नी द्वारा पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सालासार मित्र मंडल, तेजपुर पारीक समाज, नामविंद भक्त मंडल, भवानी तिवारी, नरेश शर्मा, अशोक शर्मा, केडी पुरोहित, मंजुलता शर्मा, यशोधा देवी काला, बंगाईगांव से समाजबंधुओं, भवानी तिवारी, भवंरलाल बोथरा, श्याम सुंदर, महेंद्र कुमार, संतोष देवी, संजय कुमार ने महाराज से आशीर्वाद ग्रहण किया। वहीं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पारीक समाज गुवाहाटी के अमित पारीक, अरविंद पारीक, राकेश पारीक, मुकेश पारीक को भी बधाई देते हुए महाराज ने आशीर्वाद प्रदान किया।

## कई मांगों को लेकर विश्वनाथ में प्राथमिक शिक्षक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन

**विश्वनाथ ( विभास )।** बिश्वनाथ चारिआली वीणापाणि नाट्य भवन में आज असम राज्यिक प्राथमिक शिक्षक सम्मेलन के भारत यात्रा कार्यक्रम के संचालन हेतु परिकल्पना सभा आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक सम्मेलन के आह्वान पर असम राज्यिक प्राथमिक शिक्षक सम्मेलन के सौजन्य में भारत यात्रा के आलोचना सभा और अंतरंग बातचीत रविवार को वीणापाणि नाट्य भवन में हुआ। बैठक में असम राज्यिक प्राथमिक शिक्षक सम्मेलन के समग्र असम के विभिन्न जिला से शिक्षक संस्था के पदाधिकारी की उपस्थित में नई पेंशन नीति को रद्द करने और संविदा



शिक्षकों को नियमित करने सहित अपनी पांच सूत्री मांगों के समर्थन में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक सम्मेलन ने भारत यात्रा का आह्वान किया है। भारत यात्रा कार्यक्रम के साथ संलग्न रखकर विश्वनाथ जिला के सहयोग में एक विशाल प्रतिवादी सभा आयोजन करने के सिद्धांत के अनुसार कार्यक्रम संचालन के लिए आलोचना और सहयोग -सलाह हेतु विश्वनाथ मंडल, महकमों के नेतृत्व में और नई पेंशन नीति के विरोधी सभी संगठन के साथ सभा आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बिश्वनाथ महकमा शिक्षक सम्मेलन के अध्यक्ष दुलाल बोरा ने की और सचिव परेश बोरा ने बैठक के उद्देश्यों के बारे में बताया। उदालगुड़ी महकता शिक्षक सम्मेलन के सचिव नारायण छेत्री, बिश्वनाथ जिला टेट उत्तीर्ण शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रदीप सैकिया, स्टेटपूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रेम बैष्णव, विश्वनाथ जिला एनपीएस संस्था के सचिव विनय सैकिया, तेजपुर महकमा प्राथमिक शिक्षक सम्मेलन के सचिव अवनी बोरा, गहपुर महकमा के प्राथमिक शिक्षक सम्मेलन के अध्यक्ष तुलसी दिहिंगिया के साथ क्ष अन्य महकमा से सचिव, अध्यक्ष और असंख्य शिक्षक मौजूद थे।

## माजुली-निमातीघाट नौका सेवा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**माजुली ( हिंस )।** माजुली-निमातीघाट फेरी सेवा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। ब्रह्मपुत्र का जलस्तर बढ़ने के बाद अंतर्देशीय जल परिवहन विभाग ने यह निर्देश जारी किया है। राज्य के साथ-साथ पड़ोसी राज्य अरुणाचल प्रदेश में लगातार बारिश के कारण ब्रह्मपुत्र का जलस्तर बढ़ गया है। इस बीच फेरी सेवा बंद होने से माजुली-निमातीघाट के यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मची हुई है। इससे पहले भी यात्रियों को यातायात को लेकर समस्याओं का सामना करना पड़ा था। क्योंकि, दोनों घाटों के बीच नौका सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं। उल्लेखनीय है कि इस दौरान यंत्र चालित नाव को बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं।

## मायुमं, नगांव समृद्धि शाखा ने मनाया हरियाली तीज का त्योहार

**नगांव ( निसं )।** बीते दिनों मारवाड़ी युवा मंच, नगांव समृद्धि शाखा द्वारा बड़ी धूमधाम से स्थानीय डीआरटी हॉल में सभी शाखा सदस्याओं के साथ हरियाली तीज का त्यौहार मनाया गया। गौरतलब है कि मायुम की नगांव समृद्धि शाखा महिला शाखा है और पूर्वोत्तर की शाखाओं में अपनी एक अलग पहचान व स्थान रखती है। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्षा हिरा गाड़ोदिया के स्वागत संबोधन से हुई। कार्यक्रम में सभी सदस्याओं ने हाथों में मेहंदी लगाई। सदस्याओं के लिए गेम्स भी रखे गए जिसका सभी ने लुफ्त उठाया। सावन के झूले पर सभी सखियां झूला झूलीं। साथ ही सभी ने राजस्थानी गीतों पर नृत्य कर तीज का आनंद उठाया।



कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव पर सदस्याओं ने स्वादिस्ट व्यंजनों की व्यवस्था भी थी। अंत में शाखा सचिव निमिषा अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन कर सभी सदस्यों को कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया।

# हर फैसले से पहले विचार करें कि धरती पर क्या होगा इसका असर : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बी-20 समिट में भाग ले रहे देश-विदेश के प्रतिनिधियों से सबके लिए लाभप्रद व्यवस्था तैयार करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें हर फैसले से पहले यह विचार करना चाहिए कि इसका धरती पर क्या असर होगा। प्रधानमंत्री ने जी-20 से जुड़े देशों के बिजनेस लीडर्स के शिखर सम्मेलन बी-20 को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पृथ्वी के स्वास्थ्य से जुड़े विचारों को आपस में जोड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान में लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो गए हैं। वह भोजन करते समय इस बात का ध्यान रखते हैं कि इसका उनके शरीर पर क्या प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ठीक इसी तरह बिजनेस और समाज को भी ग्रह के स्वास्थ्य को देखते हुए फैसले लेने चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की लाइफस्टाइल फॉर एनवायरमेंट मिशन लाइफ के पीछे यही भावना है। उन्होंने कहा कि एक भरोसेमंद सप्लाई चैन को निरंतर बनाए रखने में भारत एक भरोसेमंद सहयोगी बनने के लिए तैयार है। कोरोना जैसी महामारी के दौरान सप्लाई टूट जाने का सबसे ज्यादा नुकसान उन्हें हुआ जिसे उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। कोरोना महामारी ने हमें यह बताया है कि हमें आपसे विश्वास पर सबसे अधिक निवेश करना चाहिए। कोरोना महामारी में भारत ने इसी आपसी विश्वास को दुनिया तक पहुंचाया। भारत ने 150 से ज्यादा देशों को




दवाइयां पहुंचाईं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने कार्बन क्रेडिट सुना है लेकिन भारत ने ग्रीन क्रेडिट का फामूर्ला अपनाया है। इसमें पर्यावरण के आधार पर बिजनेस का मूल्यांकन किया जाता है। उन्होंने आग्रह किया कि इसे वैश्विक अभियान बनाया जाना चाहिए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने दुर्लभ धातुओं की असमानता का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इसकी जरूरत सभी को है लेकिन कुछ ही देशों के पास इसके संसाधन हैं। ऐसा ना हो कि यह असमानता आने वाले समय में नए उपनिवेशवाद को जन्म दे। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक लाभप्रद बाजार भी तभी तक अपने आप को बनाए रख सकता है जब तक की उत्पादक और उपभोक्ता दोनों के हितों को सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने कहा कि सबको बराबर का भागीदार बनने में ही आगे प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि हमें दूसरे देशों को केवल एक बाजार नहीं समझना चाहिए। यह बात उन देशों को भी जल्द समझ में आ जाएगी जो खुद को केवल निमार्ता के तौर पर देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कंज्यूमर डे केयर मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर हम उपभोक्ता की देखभाल करेंगे तो उसके जुड़े अधिकारों के मुद्दे का खुद ही समाधान हो जाएगा।

# भारत की सोच : वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर : जयराम ठाकुर

**शिमला, (हि. स.)।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा कसुंपटी के बूथ नंबर 62 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम निरंतर चलने वाला कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम से पूरे भारत को एक माला में परोया जाता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से पूरे देश भर की ऐसी विभूतियां के बारे में बताया जाता है जिनका अहम योगदान है। नेता प्रतिपक्ष के कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से खेल की जगत में खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया वह उत्तम है। उन्होंने कहा कि भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बन गया है। भारत को दुनिया भर



से बधाई मिल रही है। चंद्रयान 3 के लिए हम भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इसरो की पूरी टीम और हर हिंदुस्तानी को बधाई देते है। हमारी धरती माता ने रक्षाबंधन के तौर पर धरती से चन्द्रमा की ओर चंद्रयान भेजा और चन्द्रमा ने भी अपनी बहन धरती की राखी का मान रखा। उन्होंने कहा कि चांद पर तिरंगा फहराकर हमने दुनिया को भारत की क्षमताओं से अवगत कराया है। आज भारत दुनिया में छा गया है, लेकिन भारत की सोच वन अर्थ - वन फैमिली - वन फ्यूचर वाली है। दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल और सड़क, सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम, सबसे ऊंची प्रतिमा भारत में है । भारत अपनी विरासत से जुड़ रहा है।

# महाकालेश्वर की आठवीं सवारी में आठ स्वरूप में दर्शन देंगे भगवान महाकाल

**-सोम-प्रदोष संयोग होने से 3 लाख से अधिक श्रद्धालु आएंगे**

**उज्जैन, (हि.स.)।** श्री महाकालेश्वर भगवान की श्रावण/अधिक मास में निकलने वाली सवारी के क्रम में 28 अगस्त, सोमवार को आठवीं सवारी निकलेगी। भगवान रुद्रेश्वर स्वरूप में दर्शन देंगे। श्री महाकालेश्वर भगवान की आठवीं सवारी में पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर शिवतांडव, नन्दी रथ पर उमा-महेश, रथ पर होलकरों का मुघोटा, घटाटोप, जटाशंकर के अलावा आठवें स्वरूप रुद्रेश्वर स्वरूप में रथ में विराजित होकर अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलेंगे। श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी निकलने के पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप में भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर का विधिवत पूजन-अर्चन होगा। उसके पश्चात भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर पालकी में विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा पालकी में विराजित भगवान को सलामी दी जाएगी। उसके बाद सवारी परंपरागत मार्ग महाकाल चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार और कहारवाडी से होती हुई रामघाट पहुंचेगी। जहॉ क्षिप्रा नदी के जल से भगवान का अभिषेक और पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके बाद सवारी रामानुजकोट, मोढ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी बाजार से होती हुई पुनः श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेगी।

# अगले 10 वर्षों में देश का सबसे समृद्ध राज्य बनेगा हिमाचल : मुख्यमंत्री सुक्खू

**शिमला, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल सरकार मानसूनी आपदा की वजह से विकट वित्तीय चुनौतियों से जूझ रहा है लेकिन राज्य सरकार नीतिगत परिवर्तन और नए कानूनों से इस स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए प्रयासरत है। राज्य सरकार संसाधन जुटाने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है और सभी के सहयोग से हिमाचल आगामी चार वर्षों में आत्मनिर्भर और दस वर्षों में देश का सबसे समृद्ध राज्य बनकर उभरेगा। मुख्यमंत्री ने शनिवार देर सायं शिमला के गेयटी थियेटर में आयोजित नाटक रावी पार के मंचन पर बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। रिक्रिएशन आर्ट एंड कल्चरल क्लब हिमाचल प्रदेश सचिवालय, द लिटल ग्रुप क्लब और भाषा कला एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम से अर्जित आय आपदा राहत कोष में प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस समय राज्य बरसात में आई आपदा की त्रासदी के दौर से गुजर रहा है। महत्त्वपूर्ण सड़कों और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बहाल करने के लिए राज्य सरकार दिन-रात प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आपदा प्रभावितों की मदद करने के लिए संवदेनशील है। उन्होंने चंद्रताल में चलाए गए बचाव अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी के नेतृत्व में यह असाधारण बचाव अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि 14000 फीट की ऊँचाई पर चन्द्रताल झील में माइनस चार डिग्री तापमान में फंसे 300 लोगों को बचाने में इन दोनों के व्यक्तिगत प्रयास भी सराहनीय रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और युवाओं को रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा और उन्नत प्रौद्योगिकी से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सुधार के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।



# नूंह में जलाभिषेक यात्रा निकालने की अनुमति नहीं : डीजीपी

**- 28 अगस्त तक इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी**

**चंडीगढ़।** नूंह में कुछ संगठनों द्वारा 28 अगस्त को फिर से जल अभिषेक यात्रा निकालने के मद्देनजर डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने पुलिस मुख्यालय पंचकूला में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सीमावर्ती राज्यों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक की। उन्होंने संभावित स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए समन्वित प्रयास की जरूरत पर बल दिया। बैठक में पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। कपूर ने कहा कि नूंह प्रशासन ने 3 से 7 सितंबर तक नूंह में आयोजित होने वाली जी 20 शेरपा की बैठक और 31 जुलाई को हुई घटना के बाद कानून व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर यात्रा के आयोजकों को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि भले ही जल अभिषेक यात्रा की अनुमति नहीं दी गई है, लेकिन कुछ ऐसे इनपुट हैं कि कुछ संगठनों द्वारा हरियाणा और अन्य पड़ोसी राज्यों के लोगों को 28 अगस्त को नूंह पहुंचने के लिए आमंत्रित किया है। इस आह्वान के मद्देनजर हरियाणा पुलिस द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रस्तावित जल अभिषेक यात्रा को देखते हुए कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। एहतियात के तौर पर नूंह में 26 अगस्त दोपहर 12 बजे से 28 अगस्त रात 11:59 बजे तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। किसी भी परिस्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए खुफिया जानकारी साझा करने पर जोर दिया गया।



# भाजपा 150 नए चेहरों को उतारेगी चुनाव मैदान में

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** 2024 के लोकसभा के चुनाव की तैयारियां चरम पर हैं। भारतीय जनता पार्टी ने इसके लिए बड़े पैमाने पर सर्वे कराकर उम्मीदवारों का एक तरह से चयन कर लिया है। समय आने पर इसकी घोषणा कर दी जाएगी। पार्टी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न राज्यों से इस बार भाजपा 150 युवाओं को चुनाव मैदान में उतरेगी। जिनकी उम्र 40 से 50 के बीच होगी। दो बार से अधिक चुनाव लड़ चुके, सांसदों की सेवाएं संगठन में ली जाएगी। पार्टी ने इसका सैद्धांतिक फैसला कर नए चेहरों का चयन भी कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं, कि युवाओं का प्रतिनिधित्व लोकसभा में बढे,उसके लिए दो से तीन बार से ज्यादा के जो लोकसभा सदस्य हैं। उनके स्थान पर युवा भाजपा कार्यकताओं को मौका दिए जाने का निर्णय उच्च स्तर पर लिया



गया है। पिछले 6 माह से भाजपा संगठन युवा चेहरों की खोज कर रहा था।

**163 सांसद 60 साल से ऊपर के -** संसद में भारतीय जनता पार्टी के 2 सदस्य 80 साल से ऊपर के हैं। वही 70 से 80 साल के बीच के 51 सांसद हैं। 60 से 70 साल की उम्र के 110 सांसद हैं। 50 से 60 साल की उम्र के 102 सांसद हैं। 40 से 50 साल की उम्र के 47 सांसद हैं। 30 से 40 साल की उम्र के 13 सांसद वर्तमान में है। ऐसी स्थिति में अब भारतीय जनता पार्टी ने युवा कार्यकताओं को टिकट देने की रणनीति बनाई है। वही तीन बार से ज्यादा के सांसदों को संगठन में जिम्मेदारी दिए जाने का रास्ता तैयार किया जा रहा है। जिन सांसदों की उम्र 75 साल के आसपास है। उन्हें इस बार टिकट नहीं देने की रणनीति तैयार की गई है।

# गांधीनगर में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक आज, अमित शाह रहेंगे मौजूद

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को गांधीनगर में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद में गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र और दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव शामिल हैं। यह बैठक केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन अंतर राज्यपरिषद सचिवालय द्वारा गुजरात सरकार के सहयोग से आयोजित की जा रही है।

गृह मंत्रालय के अनुसार पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक में सदस्य राज्यों के मुख्यमंत्री और संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक के साथ-साथ प्रत्येक राज्य से दो वरिष्ठ मंत्री भाग लेंगे। बैठक में राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य सचिव, सलाहकार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा केंद्रीय गृह सचिव, सचिव अंतर राज्यपरिषद और केंद्र सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी भाग लेंगे। गृह मंत्रालय के अनुसार केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्यों को सशक्त बनाने और नीतिगत ढांचे में केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समझ को बढ़ावा देने के लिए सहकारी संघवाद दृष्टिकोण पर जोर दिया है। गृहमंत्री शाह की अध्यक्षता में गत वर्ष सभी 5 क्षेत्रीय परिषदों की बैठकें आयोजित की गईं थी। इस वर्ष क्षेत्रीय परिषदों की बैठकों से पूर्व इनकी संबंधित स्थायी समितियों की समस्त बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। क्षेत्रीय परिषदें बुनियादी ढांचे, खनन, जलापूर्ति, पर्यावरण और वन तथा राज्य-पुनर्गठन से संबंधित व्यापक मुद्दों के साथ-साथ, दूर संचार और इंटरनेट के व्यापक विस्तार तथा क्षेत्रीय स्तर के सामान्य हित आदि पर भी चर्चा करती हैं।



# बंगाल बना पाक के लिए काम करने वाले संगठनों का केंद्र : सुकांत मजूमदार

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने एक बार फिर राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर जोरदार हमला बोला है। शनिवार मिडिया को दिए गए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा है कि पश्चिम बंगाल में पाकिस्तान को पसंद करने वाली सरकार सत्ता में है। इसीलिए राज्य में आईएसआई एजेंट रह रहे हैं और उन्हें सरकार का समर्थन मिला हुआ है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि बंगाल में पाकिस्तान को पंसद करने वाली सरकार यहां पर बैठी हुई है। इसलिए पाकिस्तान के लिए जो काम कर रहे हैं, आईएसआई एजेंट बगैरह यहां एपीसेंटर बनाकर रह रहे हैं और देश विरोधी काम कर रहे हैं। इनको शह दे रही हैं हमारी मुख्यमंत्री और उनकी सरकार साथ ही तृणमूल पार्टी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी ममता बनर्जी पर हमला करते हुए कहा था कि उत्तर प्रदेश की तरह पश्चिम बंगाल में भी योगी आदित्यनाथ जैसा शख्स ही कानून व्यवस्था दुरुस्त कर सकता है। बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। पुलिस को महिलाओं की सुरक्षा के लिए बलात्कारियों का एनकाउंटर शुरू कर देना चाहिए।



# राजस्थान में शेरों को लाने के लिए केन्द्र को चिट्ठी लिखी जाएगी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान में वन एवं वन्यजीव संरक्षण को लेकर सराहनीय फैसले लिए जा रहे हैं। राज्य सरकार की नीतियों से आज प्रदेश में बाघों की संख्या 100 से अधिक हो चुकी है। गहलोत हाल ही में मुख्यमंत्री निवास पर राज्य वन्यजीव मंडल की 14वीं बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट, प्रोजेक्ट टाईगर आदि के माध्यम से देश में पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन दिया। प्रोजेक्ट टाईगर में जोधपुर के कैलाश सांखला को पहला प्रोजेक्ट निदेशक नियुक्त किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने इस दिशा में एन्वायरमेंटल प्रोटेक्शन एक्ट, गंगा एक्शन प्लान एवं वेस्टलैण्ड डवलपमेंट बोर्ड जैसे नवाचार किए। पूर्ववर्ती केन्द्र सरकार नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एक्ट लेकर आई। इसी क्रम में हमारी सरकार भी राज्य के वन एवं वन्य जीवों को संरक्षित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पहली बार इसके लिए बजट में पर्याप्त प्रावधान किया गया है। राज्य के 6 टाईगर रिजर्व में से 3 वर्तमान सरकार के कार्यकाल में बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 10 हजार हेक्टेयर से अधिक का ग्रासलैण्ड विकसित किया जा रहा है। विभिन्न टाईगर रिजर्व से 741 परिवारों का पुनर्वास किया गया है, जिससे मैन-वाइल्ड टकराव में कमी आई है। प्रोजेक्ट गोडावण के तहत इन्क्यूबेशन सेंटर में आर्टिफिशियल हेचिंग से गोडावण के अंडों से निकले बच्चों की दूसरी पीढ़ी के बच्चे भी हो चुके हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य जीव-जन्तु कल्याण बोर्ड का नाम अमृता देवी के नाम से करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अमृता देवी का बलिदान सभी को पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा देता है। साथ ही गहलोत ने कहा कि प्रदेश में शेरों को लाने के लिए केन्द्र सरकार को चिट्ठी लिखी जाएगी।

# बासमती के नाम पर सफेद चावल का निर्यात, सरकार सख्त

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार बासमती चावल के नाम पर सफेद गैर बासमती चावल के अवैध निर्यात को रोकने के लिए उपाय कर रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार उबले हुए चावल और बासमती चावल के निर्यात पर केंद्र सरकार ने प्रतिबंध नहीं लगाया है। वही घरेलू कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए 20 जुलाई से गैर बासमति सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है। सरकार का कहना है कि केवल 1200 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन और उससे अधिक मूल्य के बासमती को निर्यात संबंधी पंजीकृत किया जाना चाहिए। 1200 अमेरिका डॉलर से कम कीमत वाले चावल को लेकर एक समिति मूल्यांकन करेगी। समिति की सिफारिश के बाद ही उद्योग जगत के साथ मिलकर कम मूल्य के निर्यात पर फैसला लिया जाएगा। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण को इस संबंध में निर्यातकों को जागरूक करने के लिए कहा गया है। सरकार का कहना है कि सफेद गैर बासमती चावल को उबले हुए चावल और बासमती चावल के एचएस कोड के तहत निर्यात किए जाने की जानकारी मिली। सरकार का कहना है कि थाईलैंड जैसे प्रमुख उत्पादक देश से निर्यात प्रभावित हुआ है। ऐसे में एशियाई देशों से चावल की खरीद की मांग बड़ी है। दूसरी ओर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अनुमान के अनुसार 2022-23 में चावल का उत्पादन पिछले साल के मुकाबले लगभग 13.84 प्रतिशत घटा है। मंत्रालय के अनुसार हाल के समय में बासमती चावल के निर्यात में 9.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं गैर बासमती सफेद चावल का निर्यात 4.36 प्रतिशत बढ़ा है।



# सरकारी नौकरियों में 35 फीसदी भर्तियां बेटियों की करेंगे, घरेलू गैस सिलेंडर 450 रुपये में देंगे : शिवराज

**- मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से एक लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में डाले 250 रुपये**

**भोपाल, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जहां महिलाएं नहीं चाहेंगी, वहां शराब दुकानें नहीं खुलेंगी। इसके लिए आबकारी नीति में प्रावधान किया जाएगा। इसके साथ उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब पुलिस सहित सभी विभागों में महिलाओं के लिए पदों की संख्या बढ़ाकर 30 से 35 प्रतिशत कर दिया जाएगा। लाड़ली भांजियों की पढ़ाई निशुल्क करवाई जाएगी। लाड़ली बहना आजीविका मिशन के तहत आएंगी, पांच साल में लाड़ली बहनों को लखपति बनाना मेरा लक्ष्य है। उन्होंने सिंगल क्लिक से सबा लाख लाड़ली बहनों के खाते में 250-250 रुपये भेजे। गैस सिलेंडर की कीमत 450 रुपये करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री चौहान रविवार को भोपाल के जंबूरी मैदाना में लाड़ली बहना सेना के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यहां लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री को बड़ी राखी भेंट कर उनका स्वागत किया। सम्मेलन शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना सेना की सदस्यों के पैर पखारे। मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना कैलेंडर लॉन्च किया। कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना पर थ्रीडी एनामॉर्फिक शो दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन के इस महीने में रसोई गैस 450 रुपये में तुम्हारा भैया दिलवाएगा। इसके बाद परमानेंट व्यवस्था बनाएंगे, ताकि महंगी गैस न लेनी पड़ी। उन्होंने कहा कि सिंगल क्लिक से तुम्हारे बैंक खातों में राखी के लिए 250 रुपये डाल रहा हूं। आगामी 10 सितंबर को फिर एक हजार रुपये डाले जाएंगे। अक्टूबर से अब बहनों के खातों में 1250 रुपये डाले जाएंगे। उन्होंने कहा कि शराब की दुकान के सामने शराब के अहाते बंद करने का निर्णय लिया है। बहनों का सम्मान सबसे बड़ा है, प्रदेश में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहनों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए नगर निगम निकाय पंचायत में 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है। अब हर थाने में महिला डेस्क के साथ पर्याप्त मात्रा में बेटियों को पुलिस में रखेंगे। पुलिस में बेटियों की भर्ती 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दी जाएगी। शिक्षकों को भर्ती में 50 प्रतिशत बेटियों की होगी। अन्य भर्तियों में भी 50 फीसदी भर्ती बेटियों की कर दी जाएगी। सरकारी पदों पर भी 35 प्रतिशत नियुक्तियां महिलाओं की होगी। लाड़ली लक्ष्मी की बेटियों की पढ़ाई निश्शुल्क करवाएंगे। उन्होंने कहा कि बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम करेंगे। हर बहनों की आमदनी बढ़ाकर 10 हजार रुपये करूंगा। लाड़ली बहना आजीविका मिशन के अंतर्गत आएगी। रोजगार के लिए ऋण पर केवल दो प्रतिशत ब्याज देना होगा। स्ट्रीट वेंडर मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना में रोजगार उपलब्ध कराएंगे। बहन बेटियों के नाम पर संपत्ति खरीदी जाती है तो केवल एक प्रतिशत स्टांप शुल्क लगेगा। औद्योगिक क्षेत्र में उनके लिए स्थान आरक्षित करेंगे। रक्षा बंधन का संकल्प गांव में भी बहनों को मुफ्त में प्लाट दिया जाएगा। शहरों में फ्लैट बनाकर बहनों के नाम करेंगे। प्रधानमंत्री आवास में जिनके नाम छूट गए उनको मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। गरीब बहन का बढ़े हुए बिजली के बिलों की वसूली नहीं होगी।



# मुख्य सचिव दुर्गा प्रसाद शंकर मिश्र ने वाराणसी में रोपवे परियोजना का किया निरीक्षण

**-बाबा विश्वनाथ के दरबार में पूजन-अर्चन के बाद व्यवस्था की ली जानकारी**

**वाराणसी, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा प्रसाद शंकर मिश्र ने रविवार को फुलवरिया फोर लेन का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने परियोजना की वर्तमान प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि परियोजना पहले से ही अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही है । इस परियोजना को माह सितम्बर 2023 तक हर हाल में पूरा कर लें। उन्होंने लहरतारा से रवींद्रपुरी की सड़क चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं को दूर कर जल्द से जल्द काम पूरा करने को कहा। मुख्य सचिव अस्सी स्थित इंटरनेशनल हिन्दू स्कूल में भी पहुंचे। मुख्य सचिव ने स्कूल का निरीक्षण किया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य सचिव ने अपने बचपन के



दिनों को याद किया। उन्होंने गुरुजनों द्वारा बचपन में दिए संस्कारों को भी याद करते हुए सभी बच्चों से अच्छे संस्कार सीखने को कहा। मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्य प्रणाली की तारीफ करते हुए उन्हें कर्मयोगी बताया। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश व प्रदेश अवसरों वाला देश है, आप किसी भी क्षेत्र में अपना भविष्य सवार सकते हैं। उन्होंने स्कूल स्थित प्रयोगशाला, भवन आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की खाली पड़ी दीवारों पर भी बच्चों के सीखने के लिए प्रस्तुतीकरण करने को कहा। स्कूल के अध्यक्ष डॉ. सुमन कुमार मिश्र तथा विद्यालय की सचिव रेवती मिश्र ने मुख्य सचिव का स्वागत करते हुए विद्यालय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य सचिव के साथ मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा तथा जिलाधिकारी एस राजलिंगम भी मौजूद रहे।

# बच्चों में वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करेगी योगी सरकार

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान, गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों को शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत सरकार की ओर से जनपद और विकास खंड स्तर पर गतिविधियों के संचालन के निर्देश दिए गए हैं। इन गतिविधियों में ब्लॉक स्तर पर क्विज प्रतियोगिता और जनपद स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन होगा। साथ ही प्रदेश के अंदर और राज्य के बाहर बच्चों की एक्सपोजर विजिट जैसी गतिविधियों को सुनिश्चित किया जाना है। इन कार्यक्रमों के संचालन के लिए सरकार ने वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2023-24 में 17.46 करोड़ की धनराशि स्वीकृत है, जिसे जनपदों को जारी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि ह्यराष्ट्रीय आविष्कार अभियानह्व भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित किया जा रहा है। योगी सरकार इसी कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश में आगे बढ़ा रही है।

**ब्लॉक स्तर पर होगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन** - राज्य परियोजना निदेशक विजय किरण आनंद के द्वारा समस्त जनपदों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को गतिविधियों के संचालन से संबंधित कार्ययोजना और निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार प्रधानाध्यापक एवं विज्ञान व गणित विषय के शिक्षकों द्वारा परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए विज्ञान विषय से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का



आयोजन कराया जाएगा। प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा-6 से 01, कक्षा 7 से 02 एवं कक्षा-8 से 03 बच्चों की ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी। यदि किसी कक्षा में बच्चों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है तो ऐसी परिस्थिति में प्रधानाध्यापक द्वारा किन्हीं 02 कक्षाओं से अधिकतम 06 बच्चों का चयन किया जाएगा। विकास खंड स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन संबंधित ब्लॉक के एआरपी, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय (कक्षा 6 से 8) के प्रधानाध्यापकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कराया जाएगा। बच्चों की कापी जांचने के लिए आवश्यकतानुसार विज्ञान एवं गणित के शिक्षकों को नियोजित किया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर क्विज प्रतियोगिता के लिए स्वीकृत कुल धनराशि में से 10 प्रतिशत की धनराशि उन बच्चों को दी जाएगी, जो जनपद स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे।

**जनपद स्तर पर लगाई जाएगी विज्ञान प्रदर्शनी** - जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में कुल 100 बच्चों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाएगी। विज्ञान पर आधारित समसामयिक विषयों पर मॉडल बनाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया जाएगा तथा बच्चों को विज्ञान के शिक्षक, एआरपी द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाएगा। जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शित मॉडल्स में से विशेषज्ञों की निर्णायक समिति द्वारा उत्कृष्टता के आधार पर 10 सर्वश्रेष्ठ मॉडल्स का चयन किया जाएगा तथा उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए जनपद स्तर पर डायट प्राचार्य की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाएगा। जनपद स्तर पर आयोजित की जाने वाली विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले सर्वश्रेष्ठ 10 बच्चों को प्रमाण पत्र एवं विज्ञान विषय से संबंधित पुस्तकों का सेट, विज्ञान विषय से संबंधित उपकरण, स्मृति चिन्ह, विज्ञान किट, माइक्रोस्कोप, नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। राज्य स्तरीय एक्सपोजर विजिट के लिए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चों की सूची मुख्य विकास अधिकारी, जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद राज्य परियोजना कार्यालय प्रेषित की जाएगी।

**बच्चों के एक्सपोजर विजिट की भी होगी व्यवस्था** - राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में प्रति विकास खंड चयनित 100 बच्चों का एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा। बच्चों को चिन्हित करने में यह ध्यान रखा जाएगा कि बालक-बालिका एवं विभिन्न वर्ग के बच्चों को समान अवसर प्राप्त हो सके। जनपद स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिनिधित्व करने वाले बच्चों को एक्सपोजर विजिट में अवश्य सम्मिलित किया जाएगा। एक्सपोजर विजिट में बच्चों के साथ विज्ञान एवं गणित के 02 शिक्षक या प्रधानाध्यापक, संबंधित विकास खंड के विज्ञान एवं गणित के एआरपी तथा संबंधित विकास खंड के खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा भ्रमण में प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाएगी। एक्सपोजर विजिट में कम से कम दो महिला शिक्षिका अथवा एआरपी को अवश्य सम्मिलित किया जाएगा, ताकि छात्राओं को कोई असुविधा न हो।

**ये होंगे एक्सपोजर विजिट के स्थल** - एक्सपोजर विजिट के लिए जनपद के अंदर अथवा निकट के जनपद, मण्डल में अवस्थित प्रतिष्ठान जैसे चीनी मिल, तारामंडल, न्यूज पेपर प्रिन्टिंग प्रेस, रीजनल सांइस सिटी म्यूजियम, नेशनल बॉटनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, इंस्टीट्यूट आफ हार्टीकल्चर टेक्नोलॉजी, औद्योगिक इकाई, प्रयोगशाला, वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र इत्यादि का चिन्हांकन किया जाएगा।

# मुजफ्फरनगर में बुलडोजर का इस्तेमाल करें योगीजी : डॉ एसटी हसन

**मुरादाबाद, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक टीचर द्वारा मुसलमान बच्चे की पिटाई करने के मामले में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बुलडोजर का इस्तेमाल जल्द से जल्द करना चाहिए, ताकि ऐसे लोगों को एक सबक मिले। यह बात सपा संसदीय दल के नेता व मुरादाबाद लोकसभा से सांसद डॉ एसटी हसन ने निजी चैनलों को शनिवार को दिए इंटरव्यू में कही।

मुजफ्फरनगर में टीचर द्वारा विशेष समुदाय के छात्र को पिटवाने के मामले में सपा सांसद डॉ एसटी हसन ने कहा कि मुजफ्फरनगर में बहुत ही अफसोजनक वाक्या हुआ है। आज के दौर में इंसानियत तार-तार हो रही है। पहले मणिपुर का वीडियो सामने आया, अब यह मुजफ्फरनगर का वीडियो सामने आ गया। आखिर देश में यह हो क्या रहा है। सपा सांसद ने कहा कि बीजेपी ने जो नफरतों के बीज बोए हैं उसकी फसल आ रही है। यह पार्टी मजहबों का सहारा लेकर अपनी राजनीति को आगे बढ़ा रही है। यह देश के लिए खतरनाक है। स्कूल जो शिक्षा का मंदिर होता है जहां से बच्चों को शुरूआती तौर पर जीवन की ट्रेनिंग मिलती हैं। ऐसे में जब यह बच्चे यहां से बाहर निकलेंगे तो क्या करेंगे। मुसलमान नाम कहकर बच्चों को पीटा जा रहा



**-मुजफ्फरनगर में टीचर द्वारा विशेष समुदाय के छात्र को पिटवाने के मामले में बोले सपा सांसद**

**-सपा संसदीय दल के नेता ने कहा कि बीजेपी ने जो नफरतों के बीज बोए हैं उसकी फसल आ रही है**

है। उस बच्चे का क्या हश्र होगा जिसके साथी बच्चे उसे मार रहे हैं, लड़कियां उसे पीट रही हैं। डॉ हसन ने आगे कहा कि उस बच्चे का यह कसूर था कि वह मुसलमान का बच्चा था। उसने पांच का पहाड़ा नहीं सुनाया तो क्या उसे ऐसी सजा मिलनी चाहिए। आखिर देश को संदेश क्या मिल रहा है। मैं तो योगी जी से कहना चाहूंगा कि यहां बुल्डोजर का इस्तेमाल जल्द से जल्द होना चाहिए। इन लोगों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए ताकि ऐसे लोगों को एक सबक मिले। हमने देखा हैं कि नहूं के अंदर वहां के मुसलमान की हिफाजत हिंदू भाइयों ने की लेकिन अगर यह ताना-बाना टूट गया तो और नफरत इस हद तक पहुंच गई तो देश गृह युद्ध के मुहाने पर खड़ा होगा।

# यूपी रोडवेज की बसों में रक्षा बंधन पर मुफ्त यात्रा कर सकेंगी बहनें

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में रक्षा बंधन पर 30 एवं 31 अगस्त को बहनें मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। इस संबंध शासन की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। सयुंक्त सचिव कल्याण बनर्जी की ओर से 25 अगस्त को नगरीय परिवहन विभाग के निदेशालय को पत्र जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि हर साल की भांति इस साल भी रक्षाबंधन पर बहनों के लिए 29 अगस्त की रात्रि 12 बजे से 31 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक परिवहन बस की सेवा निःशुल्क रहेगी। प्रदेश के प्रमुख शहरों- लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, महाराजपुर, मेरठ, गाजियाबाद, अलीगढ़, मुरादाबाद, झांसी, बरेली, गोरखपुर शाहजहांपुर आगरा, मथुरा-वृंदावन में संचालित की जा रही बसों में इन दो दिनों तक महिलाओं के लिए निःशुल्क




सुविधा रहेगी। उल्लेखनीय है कि परिवहन निगम की बसों में वर्ष 2017 से ही रक्षा बंधन के अवसर पर दो दिनों तक सभी बहनों को मुफ्त यात्रा सेवा प्रदान की जा रही है।

# मदुरै ट्रेन हादसे में उप्र के नौ यात्रियों की मौत

**लखनऊ, (हि.स.)।** मदुरै यार्ड जंक्शन के पास पुनालुर-मदुरै एक्सप्रेस आग हादसे में मरने वालों में उत्तर प्रदेश के नौ लोग शामिल हैं। सभी की शिनाख्त कर ली गई है। लापता छह अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। उत्तर प्रदेश के राहत विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, मदुरै ट्रेन हादसे में जिन लोगों की मृत्यु हुई है। उनकी पहचान कर ली गई है। मरने वालों में सीतापुर निवासी शत्रु दमन सिंह (65), मिथिलेश कुमारी (62),अंकुल कश्यप, दीपक कश्यप, हरिश कुमार भसीन उर्फ पप्पू है। लखनऊ की रहने वाली मनोरमा अग्रवाल (80) उनकी



भतीजी हिमानी बंसल (22), हरदोई परमेश्वर दयाल गुप्ता (55) और लखीमपुर खीरी निवासी शांति देवी (67) है। कई लोग घायल है। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि सभी शवों को चेन्नई भेजा जाएगा। इसके बाद चेन्नई से सीधी उड़ान से लखनऊ लाया गया। आईआरसीटीसी अन्य यात्रियों को दिल्ली की फ्लाइट से लखनऊ लाने की कोशिश कर रहा है। एक ही फ्लाइट से 14 यात्री लखनऊ आएंगे।

# चारा घोटाला मामले में 124 आरोपितों पर फैसला 28 अगस्त को आयेगा

**रांची, (हि.स.)।** चारा घोटाले से जुड़े कांड संख्या (आरसी 48ए/96) में डोरंडा कोषागार से 36 करोड़ 59 लाख रुपये की अवैध निकासी मामले में 28 अगस्त को 124 आरोपितों पर फैसला आएगा।सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत इस मामले में अपना सुनाएगी। अदालत ने 24 जुलाई को सभी पक्षों की सुनवाई पूरी करने के बाद फैसले की तिथि निर्धारित की थी। साथ ही फैसले की तिथि पर इन सभी आरोपितों को सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। इस मामले में सीबीआई की ओर से 594 गवाहों को प्रस्तुत किया गया है। डोरंडा कोषागार से यह अवैध निकासी वर्ष




1990-91 एवं 1994-95 के दरमियान फर्जी आवंटन पत्र के आधार पर की गई थी। इन आरोपितों में से 38 लोक सेवक रहे हैं, जिनमें से आठ कोषागार पदाधिकारी है। 86 आपूर्तिकर्ता मामले में आरोपित है। आरोपितों में 16 महिलाएं भी हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आरोपितों में सबसे उम्रदराज 90 वर्षीय तत्कालीन जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. गौरी शंकर प्रसाद भी शामिल है। हालांकि आरोपितों में 12 से अधिक ऐसे भी हैं जिनकी उम्र 80 वर्ष या इससे ज्यादा है।

# असदुद्दीन ओवैसी 30 अगस्त को अपने प्रत्याशी के लिए मांगेंगे जनसमर्थन



**रांची, (हि.स.)।** डुमरी विधानसभा उप चुनाव पांच सितम्बर को है। अब अपने पार्टी के प्रत्याशी अब्दुल मोबिन रिजवी के समर्थन में जनता से वोट मांगने को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पार्टी के चीफ और सांसद असदुद्दीन ओवैसी 30 अगस्त को डुमरी पहुंचेंगे।

इसी दिन केबी हाई स्कूल ग्राउंड, डुमरी में वे रिजवी के समर्थन में जनसभा भी करेंगे। उनके साथ झारखंड खतियान मोर्चा के प्रमुख और पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा भी जनता से तीसरे विकल्प के तौर पर रिजवी को चुनाव में विजयी बनाने की अपील जनता से करेंगे। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष मो शाकिर साहब ने बताया कि डुमरी सहित राज्य की जनता को यहां तीसरे विकल्प की तलाश है। इसमें एआईएमआईएम और खतियान मोर्चा तथा अन्य का गठबंधन उन्हें विकल्प देने में सक्षम है। राज्य अलग बनने के बाद से यहां भाजपा, झामुमो, कांग्रेस सहित सबों के गठबंधन को जनता ने देख लिया है। पर मूलवासी, अल्पसंख्यक, आदिवासियों और अन्य की उम्मीदों पर कोई खड़ा नहीं उतरा है।

# गोड्डा ज्वेलरी शॉप लूटकांड में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**गोड्डा, (हि.स.)।** जिले के महागामा अनुमंडल मुख्यालय स्थित बाजार के केसरी मोहल्ला में विजय कलाल ज्वेलर्स से शनिवार को दिनदहाड़े लूटपाट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे अपराधियों को पुलिस ने देर रात धर दबोचा। घटना में भाग रहे एक अपराधी की नहर में डूबने से मौत भी हो गई। जबकि एक फरार हो गया। जानकारी के अनुसार लूट की घटना के बाद फायरिंग करते हुए अपराधी भाग रहे थे। सूचना पर महागामा, मेहरमा बोआरीजोर व ललमटिया थाना पुलिस ने त्वरित रूप से नाकाबंदी कर पूरे क्षेत्र को सील कर दिया था। पुलिस ने मेहरमा के तुलारामभुस्का पंचायत में ग्रामीणों की मदद से दो अपराधियों को जिंदा तथा तीसरे को नहर में मृत अवस्था में पुलिस के हवाले किया। बताया जाता है कि दो बाइक पर सवार चार अपराधी मेहरमा के घोरीचक- बोआरीजोर मुख्य मार्ग होकर भागने के क्रम में भुस्का हाट से उत्तर भीमचक गांव तक जाने वाली सड़क में आ गए। यह सड़क भीमचक भलुआ गांव तक



आने के बाद बंद हो जाती है। इससे अपराधी फंस गए। पीछा कर रही पुलिस के भय से वह वापस भी लौटने की स्थिति में नहीं थे। इससे अपराधियों ने बाइक को वहीं खड़ी चारों अलग-अलग दिशा में भागने लगे। अपराधियों को भागते देखा ग्रामीणों को आशंका होने पर उन्हें खदेडने लगे। इसमें से एक अपराधी पास स्थित बटेश्वर गंगा पंप नहर में कूद गया, जिसे बाद में ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर नहर में कूद कर उसे बाहर निकला तब तक महागामा थाना प्रभारी अरुण कुमार भी नहर में कूद चुके थे। अपराधी को मृत अवस्था में नहर से बाहर निकाला गया। पुलिस ने उसके पास से हथियार बरामद किया है। दूसरे अपराधी को भलुआ गांव के नजदीक बहियार में ग्रामीणों ने खदेडकर पकड़ा। तीसरे अपराधी को तुलारामभुस्का पंचायत के बेनीदास भुस्का गांव के बहियार में ग्रामीणों ने पकड़ा। हालांकि घटना में संलिप्त चौथा अपराधी भागने में सफल रहा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिव शंकर तिवारी ने रविवार को बताया कि लूटे गये सोने-चांदी के पूरे आभूषणों को बरामद कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में मुकेश कुमार और उदय गोंड शामिल हैं।

# प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेते हुए पौधे का पोषण करें स्वयंसेवक : राष्ट्रीय अध्यक्ष

**बेगूसराय, (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बेगूसराय नगर द्वारा रविवार को विकास विद्यालय डुमरी में रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। मौके पर एक-दूसरे को रक्षा सूत्र बांधकर स्वयंसेवकों ने 'हम प्रेम से सबको जोड़ेंगे मयार्दा को नहीं तोड़ेंगे, संकट कैसा भी विकट घना, कर्त्तव्य नहीं छोड़ेंगे' भाव के साथ सामाजिक समरसता का संकल्प लिया। बौद्धिक में गंगा समग्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेन्द्र प्रसाद सिंह उर्फ लल्लू बाबू ने कहा कि व्यक्ति को जीवन में तीन चीजों दान, शिक्षा और अभिमान को समझने की जरूरत है। कहीं भी दान करें तो उसकी चर्चा या खोज नहीं करनी चाहिए। संघ को दिया गया दान समाज के ही विभिन्न कार्यों में उपयोग किया जाता है। शिक्षा हमेशा ग्रहण करने की चीज है, कहीं भी रहें, सीखने का प्रयास करते रहें। जीवन में कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए। जिस दिन आप अभिमान करना शुरू करेंगे। उसी दिन से आपका पतन शुरू हो जाएगा। हिंदू संस्कृति समृद्ध संस्कृति रही है, जिससे सीख लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। सभी स्वयंसेवक प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेते हुए पौधे को रक्षा सूत्र बांधने तथा



उसका पोषण करने का कार्य करें। इसके साथ ही समाज के मुख्य धारा से वंचित समाज को भी मदद को हमेशा तत्पर रहें, यही मानवता है। आज समाज अपने स्वार्थ में टूटता जा रहा है, इससे हिंदू धर्म का क्षय हो रहा है। अपने ही देश में शोभा यात्रा निकालने की अनुमति लेनी पर रही है। हिंदुओं की शोभा यात्रा पर हमले हो रहें हैं। हिंदुओं को संगठित होने की जरूरत है और यह कार्य संघ का स्वयंसेवक ही कर सकता है। उद्बोधन के बाद संघ की सामूहिक प्रार्थना के तत्पश्चात उपस्थित स्वयंसेवकों ने एक-दूसरे की कलाई पर रक्षासूत्र बांध कर जीवन में एक दूसरे को सहयोग करने, भाई चारा बनाए रखने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज में व्याप्त त्रुटियों को नष्ट करके ऐसे समता मूलांक समरसता युक्त शक्तिशाली समाज के लिए कटिबद्ध हैं जो अपने प्राचीन वैभव को पुनः प्राप्त कर सके। अतः स्वाभाविक रूप में रक्षाबंधन को भी उसने अपने उत्सवों में सम्मिलित किया है। सनातन संस्कृति को समझने वाले बहुत बेहतर समझते हैं कि जब एक-दूसरे की रक्षा और सुरक्षा का संकल्प लिया जाता है तो उसके लिए सबसे पहली बुनियादी बात होती है एक-दूसरे से जुड़ कर एक संगठित स्वर के रूप में स्थापित होना।

# मुख्यमंत्री ने लोहिया चक्र पथ का काम दुर्गा पूजा से पहले पूरा करने के दिए निर्देश



**पटना, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हड़ताली मोड़ पर बन रहे निमार्णाधीन लोहिया चक्र पथ का रविवार को निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य को बारीकी से परखा और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी हाल में लोहिया चक्र पथ का निर्माण इस साल दुगार्पूजा से पहले पूरा कर लेना है। उन्होंने इसके लिए मौके से विभागीय अधिकारियों से फोन पर बात भी की और तय समय पर काम पूरा करने का निर्देश दिया। लोहिया चक्र पथ के निरीक्षण के बाद मौके पर मौजूद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह काम इसी साल दुगार्पूजा के पहले हो जाना है, इसलिये आये हैं। इसके बगल में जो ये सब बिल्डिंग है वो अस्सी साल पहले की है, इसको भी तोड़कर बनना है। नया बिल्डिंग बनेगा तो अधिक से अधिक लोग रहे सकेंगे। इस दौरान पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# के.के. पाठक का निर्देश, डीएम करें शिक्षा विभाग के चार प्रयासों का अनुश्रवण

**बेगूसराय, (हि.स.)।** शिक्षा विभाग बिहार के अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक ने डीएम एवं डीडीसी को पत्र लिखकर शिक्षा विभाग के प्रयासों का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने विद्यालयों में प्रीफैब संरचना, शिक्षकों की कमी बिल्कुल दूर करने, साफ-सफाई की व्यवस्था करने एवं लैब को दुरुस्त करने के प्रयासों की चर्चा की है। के.के. पाठक ने कहा है कि एक जुलाई से विद्यालयों में शुरू हुई अनुश्रवण की व्यवस्था के बाद विद्यालयों की कमियों एवं समस्याओं को सुलझाने के लिए विभाग ने कई कदम उठाए हैं। विद्यालयों के सतत अनुश्रवण से छात्रों की उपस्थिति आशातीत बढ़ी है। ऐसे में यह समस्या उत्पन्न हुई है कि कई कक्षाएं बरामदे में चल रही हैं अथवा दो पालियों में चल रही हैं। इस समस्या से निपटने के लिए विभाग ने सभी प्राथमिक, मध्य एवं माध्यमिक विद्यालयों में आवश्यकतानुसार प्रीफैब संरचना बनाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जिला पदाधिकारियों को दिया जा चुका है। विद्यालयों में छात्रों की बढ़ती उपस्थिति को देखते हुए कमरों के अलावा शिक्षकों की भी कमी महसूस की गई है। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा शिक्षकों के नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लेकिन इन शिक्षकों के परिणाम आने, उनके योगदान देने तथा प्रशिक्षण में कम-से-कम चार से छह माह का समय लग जाएगा। ऐसे में तात्कालिक व्यवस्था के तहत इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्राधिकृत किया गया है कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से तय एजेंसियों से आवश्यकतानुसार अतिथि शिक्षक की सेवा ले सकते हैं। विद्यालयों के कमरे, फर्नीचर, लैब, लाईब्रेरी इत्यादि की साफ-सफाई नियमित नहीं होती है। विशेषकर शौचालयों की सफाई तो बिल्कुल ही नहीं होती है। इस समस्या से निपटने के लिए विभाग ने एक सितम्बर से निजी वेंडरों के माध्यम से विद्यालयों की हाउसकीपिंग का जिम्मा देने का निर्णय लिया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा चुका है। करीब दस हजार विद्यालयों में कम्प्यूटर लैब लगाने की योजना है। प्रथम चरण में 4707 विद्यालयों में कम्प्यूटर लगेंगे। इस संबंध में भी विस्तृत दिशा-निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारियों को जुलाई में दिया जा चुका है। उक्त सभी प्रयास विद्यालयों के पठन-पाठन को सीधे तौर से प्रभावित करते हैं।

इसलिए व्यक्तिगत रूचि लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारियों से बैठक कर उक्त सभी प्रयासों की सघन समीक्षा करें। इन प्रयासों को एक सितम्बर से शुरू कराएं।

## संपादकीय

# कांग्रेस के 'हिंदू प्रेम' पर प्रश्न

**कांग्रेस** की तथाकथित सॉफ्ट हिंदुत्व की नई नीति का विरोध पार्टी के भीतर से ही होने लगा है। कांग्रेस का खोल ओढ़कर बैठे कम्युनिस्टों और मुस्लिम कांग्रेसी नेताओं को पार्टी के बड़े नेताओं का मंदिर जाना और हिंदुत्व की बात करना पसंद नहीं आ रहा है। कई लोग दबे–छिपे तो कई लोग खुलकर विरोध करने लगे हैं। इस संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी ने अपनी ही पार्टी को निशाने पर लिया है। कुरैशी के बयान से यह तो ध्यान में आता ही है कि हिंदू धर्म और उसकी पहचान को लेकर कांग्रेस में स्वीकार्यता नहीं रही है। अन्यथा कुरैशी साहब कांग्रेस के तथाकथित हिंदू प्रेम पर अपनी ही पार्टी की कड़ी आलोचना नहीं करते। सही मायनों में तो कुरैशी का भाषण आलोचनात्मक कम हिंदू धर्म के विरोध में अधिक दिख रहा है। भला कोई समझदार व्यक्ति जय गंगा मैया और जय नर्मदा मैया कहने के लिए कांग्रेसियों को डूब मरने की सलाह कैसे दे सकता है? कुरैशी ने यह सलाह तब किसी कांग्रेसी को नहीं दी होगी, जब कांग्रेस कार्यालय में इफ्तार पार्टियां होती हैं, एक–दूसरे को ईदी दी जाती है, कांग्रेस के हिंदू नेता जालीदार टोपी पहनते हैं। यह सब करना कुरैशी जैसे मुस्लिम नेताओं को खूब पसंद आता है, लेकिन हिंदू धर्म का दिखावा करना भी उन्हें पसंद नहीं है। इसके लिए वे कांग्रेसी नेताओं को डूब मरने का उलाहना देते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्मदिन पर अल्पसंख्यक सम्मेलन में संबोधित करते हुए कुरैशी यह भी कहते हैं– "आज जवाहरलाल नेहरू के वारिस कांग्रेस के लोग धार्मिक यात्राएं निकाल रहे हैं। गर्व से कहो हम हिंदू हैं बोलते हैं। यह सब शर्मनाक है। ऐसा कहने के लिए कांग्रेस मुझे निकालना चाहे तो निकाल दे लेकिन यह सब डूब मरने की बात है"। निःसंदेह, कुरैशी साहब के बयान घोर सांप्रदायिक हैं और हिंदू धर्म के प्रति द्वेष से भरे हुए हैं। क्योंकि उन्होंने कभी भी कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति पर प्रश्न नहीं उठाए। आज जबकि हिंदुत्व का वातावरण है और कांग्रेस को वोट पाने के लिए थोड़ा हिंदू प्रेम दिखाने पर मजबूर होना पड़ा है तब कुरैशी साहब जैसे नेताओं को कष्ट हो रहा है। सोचिए, कांग्रेस ने किस प्रकार की मानसिकता के लोगों को आगे बढ़ाया? उलीखनीय है कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के नेतृत्व में पार्टी ने थोड़ा हिंदुत्व की राह पकड़ी है। कांग्रेस ने स्वयं को हिंदू पार्टी दिखाने के प्रयास प्रारंभ किए हैं। पार्टी कार्यालय पर हनुमान जयंती मनाई जाने लगी है। हनुमान जयंती पर कार्यालय को भगवा पताकाओं से सजा दिया गया। अब कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री की कथा का आयोजन कर दिया। कांग्रेस के समर्थकों, कम्युनिस्टों और मुस्लिम नेताओं को इस सबसे अथाह पीड़ा पहुंची है। कांग्रेस और प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अजीज कुरैशी के विचारों पर स्पष्टीकरण जारी करना चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि उनका हिंदू प्रेम चुनावी नहीं अपितु यह कांग्रेस में प्रारंभ से स्वीकार है। यदि कांग्रेस कुरैशी के विचारों की निंदा नहीं करती है तब यही माना जाना चाहिए कि वह मुस्लिम तुष्टिकरण भी चाहती है और हिंदुत्व की नाव की सवारी भी करनी है। परंतु कांग्रेस के नेतृत्व को यह समझना चाहिए कि जनता सब देख और समझ रही है।

कुरैशी के बयान से यह तो ध्यान में आता ही है कि हिंदू धर्म और उसकी पहचान को लेकर कांग्रेस में स्वीकार्यता नहीं रही है। अन्यथा कुरैशी साहब कांग्रेस के तथाकथित हिंदू प्रेम पर अपनी ही पार्टी की कड़ी आलोचना नहीं करते। सही मायनों में तो कुरैशी का भाषण आलोचनात्मक कम हिंदू धर्म के विरोध में अधिक दिख रहा है। भला कोई समझदार व्यक्ति जय गंगा मैया और जय नर्मदा मैया कहने के लिए कांग्रेसियों को डूब मरने की सलाह कैसे दे सकता है? कुरैशी ने यह सलाह तब किसी कांग्रेसी को नहीं दी होगी, जब कांग्रेस कार्यालय में इफ्तार पार्टियां होती हैं, एक–दूसरे को ईदी दी जाती है, कांग्रेस के हिंदू नेता जालीदार टोपी पहनते हैं। यह सब करना कुरैशी जैसे मुस्लिम नेताओं को खूब पसंद आता है, लेकिन हिंदू धर्म का दिखावा करना भी उन्हें पसंद नहीं है। इसके लिए वे कांग्रेसी नेताओं को डूब मरने का उलाहना देते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्मदिन पर अल्पसंख्यक सम्मेलन में संबोधित करते हुए कुरैशी यह भी कहते हैं– "आज जवाहरलाल नेहरू के वारिस कांग्रेस के लोग धार्मिक यात्राएं निकाल रहे हैं। गर्व से कहो हम हिंदू हैं बोलते हैं। यह सब शर्मनाक है। ऐसा कहने के लिए कांग्रेस मुझे निकालना चाहे तो निकाल दे लेकिन यह सब डूब मरने की बात है"। नि:संदेह, कुरैशी साहब के बयान घोर सांप्रदायिक हैं और हिंदू धर्म के प्रति द्वेष से भरे हुए हैं। क्योंकि उन्होंने कभी भी कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति पर प्रश्न नहीं उठाए। आज जबकि हिंदुत्व का वातावरण है और कांग्रेस को वोट पाने के लिए थोड़ा हिंदू प्रेम दिखाने पर मजबूर होना पड़ा है तब कुरैशी साहब जैसे नेताओं को कष्ट हो रहा है। सोचिए, कांग्रेस ने किस प्रकार की मानसिकता के लोगों को आगे बढ़ाया? उलीखनीय है कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के नेतृत्व में पार्टी ने थोड़ा हिंदुत्व की राह पकड़ी है। कांग्रेस ने स्वयं को हिंदू पार्टी दिखाने के प्रयास प्रारंभ किए हैं।

## प्राकृतिक संसाधनों का जिम्मेदारी से उपयोग करना चाहिए और इसे बर्बाद नहीं करना चाहिए

# एक वृक्ष भी बचा रहे संसार में...!

**सुनील कुमार महला**

धरती के पारिस्थितिकी तंत्र में आमूलचूल परिवर्तन आ गये हैं, वन्य जीवों, वनस्पतियां आदि का हम संरक्षण नहीं कर पा रहे हैं। सच तो यह है कि आज प्राकृतिक असंतुलन के कारण हम ग्लोबल वार्मिंग, विभिन्न बीमारियों, महामारियों, विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं, तापमान में वृद्धि( ग्लोबल वार्मिंग ) आदि जैसी विभिन्न समस्याओं का लगातार सामना कर रहे हैं। हमारीअगली पीढ़ी के लिए प्रकृति का संरक्षण आज बहुत ही आवश्यक व जरूरी हो गया है। इसलिए, संसाधनों को बचाने के महत्व को समझने, इसे रीसायकल करने, इसे संरक्षित करने और उन्हें नुकसान पहुंचाने के कारण होने वाले दुष्परिणामों को समझने के लिए दुनिया भर के लोगों में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है।

**ओम** माली अपनी एक कविता में प्रकृति पर कुछ यूं लिखते हैं -'जब स्वार्थों से भर जाएंगे घर-घर, मन-धरा भी जब हो जाएगी बंजर। तब-तब आसमां भी बरसाएगा अग्नि, मृत्यु-तांडव सा चहुँओर होगा मंजर । तुम प्रकृति का करते रहोगे अति दोहन, शमशीरें बन मेघों से बरसेंगी बिजलियाँ। तो कैसे सुरक्षित रह पाएगी यह दुनिया ?' आज जंगल के जंगल काटे जा रहे हैं, ग्लोबल वार्मिंग की समस्या जन्म ले चुकी है। धरती के पारिस्थितिकी तंत्र में आमूलचूल परिवर्तन आ गये हैं, वन्य जीवों, वनस्पतियां आदि का हम संरक्षण नहीं कर पा रहे हैं। सच तो यह है कि आज प्राकृतिक असंतुलन के कारण हम ग्लोबल वार्मिंग, विभिन्न बीमारियों, महामारियों , विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं, तापमान में वृद्धि( ग्लोबल वार्मिंग ) आदि जैसी विभिन्न समस्याओं का लगातार सामना कर रहे हैं। हमारीअगली पीढ़ी के लिए प्रकृति का संरक्षण आज बहुत ही आवश्यक व जरूरी हो गया है। इसलिए, संसाधनों को बचाने के महत्व को समझने, इसे रीसायकल करने, इसे संरक्षित करने और उन्हें नुकसान पहुंचाने के कारण होने वाले दुष्परिणामों को समझने के लिए दुनिया भर के लोगों में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। हमें उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का जिम्मेदारी से उपयोग करना चाहिए और इसे बर्बाद नहीं करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी भी इनका उपयोग, उपभोग कर सके। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज मानवजाति पर प्रकृति का खतरा लगातार मंडरा रहा है, क्यों कि मानव ने अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए जंगल के जंगल काट लिए हैं, हर तरफ जहां देखो कंक्रीट ही कंक्रीट की दीवारें आज खड़ी नजर आती हैं। प्रकृति और विकास के बीच आज सामंजस्य स्थापित करने की आवश्यकता है। याद रखिए कि प्रकृति ने हमें पानी, हवा, मिट्टी, खनिज, पेड़, जानवर, भोजन आदि जैसी जीने के लिए बुनियादी आवश्यकताएं प्रदान की हैं। इसलिए हमें प्रकृति को स्वच्छ और स्वस्थ तो रखना ही चाहिए। प्रकृति का संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसकी बिगड़ती स्थिति के लिए औद्योगिक विकास सहित कई अन्य मानवजनित कारक जिम्मेदार हैं। हम जो कुछ भी करते हैं, वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रकृति को प्रभावित करता है। इसीलिए हमें किसी प्रकार का क़दम उठाने से पहले सोचना चाहिए कि इससे प्रकृति पर कोई नकारात्मक प्रभाव तो नहीं पड़ेगा। आज बढ़ती आबादी के बीच प्रकृति के विभिन्न संसाधनों का मानव ने इस कदर दोहन किया है कि अब प्रकृति का तांडव रूप मानव को देखने को मिल रहा है। कहीं पर बाढ़ है तो कहीं पर सूखा, कहीं पर भू-स्खलन हो रहे हैं तो कहीं पर भूकंप आ रहे हैं। कहीं पर ज्वालामुखी फट रहे हैं तो कहीं सुनामी देखने को मिल रही है। धरती के तापमान में लगातार परिवर्तन तो हो ही रहा है, बढ़ते तापमान के कारण आज अनेक ग्लेशियर पिघल रहे हैं और ग्लोबल वार्मिंग से



मानवजाति का अस्तित्व लगातार खतरे की ओर बढ़ता चला जा रहा है। यदि मानव जल्द ही नहीं संभला तो आने वाले समय में प्रकृति का घोर रौद्र रूप मानव को देखने को मिलेगा, इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता है। विकास के नाम पर मनुष्य ने प्रकृति को कहीं का भी नहीं छोड़ा है। मनुष्य सिर्फ़ और सिर्फ़ अपनी तरक्की चाहता है, सहूलियतें चाहता है, उसे सिर्फ और सिर्फ विकास चाहिए लेकिन क्या विकास और तरक्की के साथ ही मनुष्य को यह नहीं चाहिए कि वह प्रकृति से तालमेल बिठाकर, सामंजस्य स्थापित कर आगे बढ़ें ? मनुष्य चाहे कितनी भी तरक्की, विकास, उन्नति क्यों न कर लें, विज्ञान और तकनीक चाहे कितनी ही आगे क्यों न चली जाए, लेकिन प्रकृति के आगे तो मनुष्य सदैव बौना ही रहेगा। सच तो यह है कि प्रकृति की शक्ति का मनुष्य के पास बस एक ही तोड़ है और वह यह है कि मनुष्य प्रकृति का, इसके समस्त संसाधनों का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करें, प्रकृति का हर हाल और परिस्थितियों में संरक्षण करें,इसकी रक्षा करें। हमें यह बात याद रखनी चाहिए कि धरती पर जीवन जीने के लिये ईश्वर से हमें बहुमूल्य और कीमती उपहार के रुप में प्रकृति मिली है। दैनिक जीवन के लिये उपलब्ध सभी संसाधनों द्वारा प्रकृति हमारे जीवन को बहुत ही आसान व सरल बना देती है। एक माँ की तरह हमारा लालन-पालन, हमारी मदद( हमें विभिन्न संसाधनों को उपलब्ध कराती है ) करती है। वास्तव में हमें प्रकृति का धन्यवाद करना चाहिए कि इसी प्रकृति के कारण से हम मानवों का इस मानवजाति का अस्तित्व संभव हो सका है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश और पंजाब में बारिश और बाढ़ का तबाही अलर्ट जारी किया गया है। इस बार मानसून खूब बरसा। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में या यूं कहें कि समस्त भारत में ही बहुत जोरदार बारिश हुई। इससे जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। हिमाचल प्रदेश में तो बहुत अधिक तबाही देखने को मिली, वर्तमान में भी यह जारी है। पंजाब, उत्तराखंड ने भी बहुत नुक्सान व परेशानियों को झेला। हाल ही में हिमाचल के कुल्लू में भूस्खलन के कारण नये अड्डे के पास सात बहुमंजिला इमारतें अचानक ध्वस्त हो गई और नये अड्डे पर जमा अनेक सवारियों को अपनी जान बचाने के लिए भागना पड़ा। लेकिन अच्छी बात यह रही कि इसमें कोई भी जनहानि नहीं हुई। बहरहाल, मनुष्य को यह चाहिए कि वह धरती पर उपलब्ध विभिन्न संसाधनों का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करें, क्यों कि बढ़ती आबादी के साथ मनुष्य की जरूरतों में भी लगातार इजाफा हो रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि प्राकृतिक संसाधन वास्तव में वे संसाधन हैं जो पृथ्वी पर प्राकृतिक रूप से घटित होती है। वास्तव में यह हमारे जीवन का एक अनिवार्य व अभूतपूर्व हिस्सा है। इसमें हवा, पानी, सूरज की रोशनी, कोयला , पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, जीवाश्म ईंधन, तेल आदि शामिल हैं। हालांकि, अपने आर्थिक लाभ के लिए मनुष्यों द्वारा इनका शोषण किया जाता है। आज अत्यधिक उपयोग के कारण विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों का लगातार ह्रास हो रहा है। इनमें से कुछ संसाधन नवीनीकरण की क्षमता के साथ प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि प्राकृतिक संसाधन सृष्टि के लिए उपहार हैं। ये विभिन्न मानवीय आवश्यकताओं को पूर्णतः संतुष्ट करने में सहायता करते हैं। इसके अलावा, प्राकृतिक संसाधनों का तर्कसंगत उपयोग पृथ्वी के वायुमंडल को भी सही बनाए रखता है। साथ ही, विवेकपूर्ण उपयोग से जैव-विविधता का संरक्षण होता है। प्राकृतिक संसाधनों के बिना मनुष्य अपने जीवन की कल्पना नहीं कर सकता है। अतः इसका संरक्षण बहुत ही आवश्यक है। बहरहाल, आधुनिक भारत में नवीनीकरण व औद्योगिककरण से विकास ने देश के पर्यावरण को इस तरह दूषित कर दिया है, कि मानव जाति का संपूर्ण जीवन ही संकट में आ चुका है।याद रखिए कि पर्यावरण का मानव जीवन से सीधा संबंध है। इसलिए पर्यावरण को हानि पहुंचेगी तो मानव जीवन भी कलुषित हो जाएगा। हम आज पहाड़ों को काट रहे हैं, विकास के नाम पर सड़कें,बांध, बिजली, पुल, सुरंगों को बना रहे हैं लेकिन पर्यावरण के साथ सामंजस्य नहीं बिठा रहे हैं। हमें अपने स्वार्थों और लालच से मतलब रह गया है, प्रकृति के संसाधनों के संरक्षण के बारे में हम विरले ही सोचते हैं। सच तो यह है कि प्रकृति, धरती पर उपलब्ध विभिन्न संसाधन और हमारा पर्यावरण ही हमारे जीवन और अस्तित्व का असली आधार हैं। अंत में नरेश सक्सेना जी के शब्दों में बस यही कहूंगा कि -'अंतिम समय जब कोई नहीं जाएगा साथ, एक वृक्ष जाएगा, अपनी गौरैयों-गिलहरियों से बिछुड़कर, साथ जाएगा एक वृक्ष, अग्नि में प्रवेश करेगा वही मुझ से पहले,' कितनी लकड़ी लगेगी', शमशान की टालवाला पूछेगा, ग़रीब से ग़रीब भी सात मन तो लेता ही है, लिखता हूँ अंतिम इच्छाओं में, कि बिजली के दाहघर में हो मेरा संस्कार, ताकि मेरे बाद, एक बेटे और एक बेटी के साथ, एक वृक्ष भी बचा रहे संसार हैं।'

## आइसलैंड का सिने-इतिहास, डॉक्यूमेंट्री तथा फीचर बनाने वाला देश

सर्वोत्तम विदेशी फिल्म ऑस्कर के लिए उनका नामांकन हुआ था। उनकी 1991 में बनाई फिल्म 'चिल्ड्रेन ऑफ नेचर' आज भी आइसलैंड के सिनेमा में अद्वितीय है। इस फिल्म के बाद उनकी 'कम्पनी द आइसलैंडिक फिल्म कॉरपोरेशन' का खूब विकास हुआ और वह देश की प्रमुख फिल्म कम्पनी बन गई। उन्होंने दूसरे देश के फिल्म निर्देशकों को अपने देश में फिल्मांकन के लिए आमंत्रित किया और कई अन्य बड़े निर्देशकों के साथ साझेदारी की, प्रसिद्ध निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला उनमें से एक हैं। फ्रिडरिक पुर फ्रिडरिक्ससन शुरू से अकीरा कुरोसावा तथा जॉन फोर्ड के प्रशंसक रहे हैं। 'रॉक इन रेक्जैविक' ( डॉक्यूमेंट्री), 'ह्निगुरिन', 'व्हाइट व्हेल्स', कोल्ड फीवर', 'ए मदर'स करेज : टॉकिंग बैक टू ऑस्टिज्म' तथा 'मामा गोगो' उनकी अन्य फिल्में हैं। 'ह्निगुरिन' में उन्होंने सिनेमैटिक प्रयोग किए हैं।

**आइसलैंड** की जो सबसे पुरानी फिल्म बची रह गई है, वह है तीन मिनट की 1906 में डैन एल्फ्रेड लिंड की बनाई हुई डॉक्यूमेंट्री 'सागा बोगेँरैटाइर्निनर' और लेखक गनर गनरसन की कहानी 'द स्टोरी ऑफ द बोर्ग फैमिली' पर निर्देशक गनर समरफेल्ड की बनाई तथा आइसलैंड में फिल्माई फिल्म 'सन्स ऑफ द स्वायल'। वैसे यहां के लोगों ने पहले-पहल 1903 में चलती-फिरती तस्वीरें देखी थीं। अन्य देशों की भांति आइसलैंड में भी शुरुआती दौर में डॉक्यूमेंट्री ही अधिक बनीं। जल्द ही चार्ली चैपलिन की तर्ज पर 'दि एडवेंचर्स ऑफ जोन एंड वेन्डुर' कॉमेडी बनी, इसको स्थानीय फोटोग्राफर लोफ्टुर गडमनसन ने बनाया था। आगे चल कर यह गडमनसन आइसलैंड का एक प्रमुख फिल्म प्रोड्यूसर बना। लोफ्टुर गडमनसन ने 1925 में आइसलैंड के मत्स्य व्यापार पर 'आइसलैंड लिफैन्डी माएन्डम' बनाई। इसी विषय पर उन्होंने आइसलैंड की पहली बोलती फीचर फिल्म 1949 में बनाई। उनकी इसी विषय पर एक अन्य फीचर फिल्म 1951 में भी बनी है। उनकी बनाई फिल्म 'बिटविन माउंटेन एंड शोर' आइसलैंड की पहली ऑफिसियल फीचर फिल्म मानी जाती है। साठ का दशक आइसलैंड की फिल्मों के लिए थोड़ा ठंडा रहा है।

**सत्तर के दशक का सिनेमा**

सत्तर के दशक में हम यहां एक प्रमुख निर्देशक अगस्ट गौडमंड्ससन को पाते हैं। 1978 में फिल्म बनाने वालों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 'आइसलैंडिक फिल्म फंड' की स्थापना हुई। अगस्ट ने 1960 में फिल्म एप्रिशियेशन सोसायटी की स्थापना की। उसने लंदन के नेशनल फिल्म स्कूल से निर्देशन का प्रशिक्षण लिया था। आइसलैंडिक फिल्म फंड की सहायता से उसने 1980 में अपनी पहली फिल्म 'लैंड एंड सन्स' बनाई। इस देश के लिए इस फिल्म का खास महत्व है क्योंकि यह यहां के बदलते समुदाय का चेहरा दिखाती है और देश की संस्कृति की खोज करती है। 90 मिनट की यह फिल्म भी अपनी सामग्री साहित्य से लेती है। फिल्म इंद्रिओइ जी. थोरस्टेनसन के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है। फिल्म किसान जीवन, पीढ़ियों के नजरिए के अंतर को प्रस्तुत करती है। विदेशी समीक्षकों द्वारा सराही गई इस फिल्म को देखने के लिए यहां के लोग टूट कर आए। फिल्म कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शित हुई। अगस्ट गौडमंड्ससन ने 'आउटलॉः द सागा ऑफ गिल्सी', "ऑन टॉप', 'गोल्डेन सैंड्स', 'द डॉन्स' आदि फिल्में भी बनाई। 'द डॉन्स' को कई पुरस्कार प्राप्त हुए। निर्देशक फ्रिडरिक पुर फ्रिडरिक्ससन और उनकी फिल्में आइसलैंड के फिल्म निर्देशक फ्रिडरिक पुर फ्रिडरिक्ससन का नाम बहुत आदर के साथ लिया जाता है। सर्वोत्तम विदेशी फिल्म ऑस्कर के लिए उनका नामांकन हुआ था। उनकी 1991 में बनाई फिल्म 'चिल्ड्रेन ऑफ नेचर' आज भी आइसलैंड के सिनेमा में अद्वितीय है। इस फिल्म के बाद उनकी 'कम्पनी द आइसलैंडिक फिल्म कॉरपोरेशन' का खूब विकास हुआ और वह देश की प्रमुख फिल्म कम्पनी बन गई। उन्होंने दूसरे देश के फिल्म निर्देशकों को अपने देश में फिल्मांकन के लिए आमंत्रित किया और कई अन्य बड़े निर्देशकों के साथ साझेदारी की, प्रसिद्ध निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला उनमें से एक हैं। फ्रिडरिक पुर फ्रिडरिक्ससन शुरू से अकीरा कुरोसावा तथा जॉन फोर्ड के प्रशंसक रहे हैं। 'रॉक इन रेक्जैविक' ( डॉक्यूमेंट्री ), 'ह्निगुरिन', 'व्हाइट व्हेल्स', कोल्ड फीवर', 'ए मदर'स करेजः टॉकिंग बैक टू ऑस्टिज्म' तथा 'मामा गोगो' उनकी अन्य फिल्में हैं। 'ह्निगुरिन' में उन्होंने सिनेमैटिक प्रयोग किए हैं। आज आइसलैंड की फिल्में खूब सराही जा रही हैं। यहां स्त्री-पुरुष बराबरी का दावा करने के बावजूद स्त्री फिल्म निर्देशकों का प्रतिशत बहुत कम है। 2016 में ऐसलैंड में केवल 7% स्त्री फिल्म निर्देशक हैं, एवं 15% स्क्रीनप्ले राइटर स्त्रियां हैं। अमेरिकन पिता और आइसालिंडिक मां की बेटी सोल्वे एन्सपेच वैसे तो फ्रांस में रहती हैं मगर बार-बार अपने जन्मस्थान आइसलैंड आती हैं और फिल्म बनाती हैं। उन्होंने 1990 की अपनी डॉक्यूमेंट्री में यहां की खूबसूरती को पकड़ा है। मगर कई साल कैंसर से जूझने के बाद 2015 में सोल्वे की मृत्यु हो गई। 1999 में उन्होंने अपनी इस दर्दनाक बीमारी को 'हौट लेस कोर्स !' में उतार दिया। चार पुरस्कारों से नवाजी इस फिल्म की नायिका पहली बार गर्भवती हुई है, तभी उसे पता चलता है कि वह स्तन कैंसर से भी ग्रसित है, जहां एक डॉक्टर गर्भपात की सलाह देता है, वहीं दूसरे के अनुसार इलाज और बच्चा साथ-साथ हो सकता है। नायिका के मानसिक संघर्ष को यह फिल्म दिखाती है। उसे 2017 से उनके नाम पर स्त्री फिल्म निर्देशकों के लिए प्रतिवर्ष एक प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, जो आइसलैंड में आयोजित फ्रेंच फिल्म समारोह का हिस्सा होती है। अभी हाल में, 2017 में उन्होंने अपनी फिल्म 'अल्मा' बनाई है। 28 साल की अल्मा को गलती से उसके प्रेमी की हत्या के लिए मानसिक अस्पताल में रख दिया गया है।

## देश दुनीया से

### मेव जो आधे हिंदू और आधे मुसलमान थे...हरियाणा की हिंसा से जुड़े हुए कुछ तार

**पिछले** महीने के अंतिम सप्ताह में हरियाणा के मुस्लिम बहुल नूंह में पहले दिन हुए खूनखराबे और विभिन्न क्षेत्रों में उसकी प्रतिक्रिया में अब तक जारी हिंसा ने 1992 और उससे पहले 1947 की दुखद घटनाओं को ताजा कर दिया। मौजूदा हालात के तार 15 फरवरी से जुड़े हुए हैं, जब गो तस्करी के शक में राजस्थान के भरतपुर निवासी दो युवकों जुनैद और नासिर को उनके वाहन में जिंदा जला दिया गया था। लाशों के साथ वह वाहन हरियाणा के भिवानी में पाया गया था। दोहरे हत्याकांड में राजस्थान में दर्ज रिपोर्ट में अन्य आरोपितों के साथ मोनू मानेसर का भी नाम आया। मोनू का संबंध बजरंग दल और गोरक्षक दल से बताया गया। 31 जुलाई को नूंह के नल्हड़ मंदिर के पास से निकलने वाली, 84 कोस जलाभिषेक यात्रा से पूर्व मोनू के नाम से एक वीडियो जारी हुआ, जिसमें उसने कहा, 'यात्रा में मैं भी आ रहा हूं, स्वागत करने को तैयार रहो।' मुसलमान भड़क गए। जवाबी वीडियो में कहा गया, 'आओ, शानदार स्वागत करेंगे।' 31 जुलाई को मंदिर के सामने रक्तपात के लिए बारूदी सुरंग बिछ चुकी थी। तीन साल से निकल रही यात्रा के दौरान अमन-चैन बनाए रखना नामुमकिन क्यों हो गया? वीडियो प्रसारित करने वाले फौरन क्यों नहीं गिरफ्तार किए गए? छह महीने की घटनाएं भाजपा शासित हरियाणा ही नहीं, कांग्रेस शासित राजस्थान की पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े कर रही हैं। एक चर्चित आरोपी बिट्टू बजरंगी गिरफ्तार हो चुका है। मोनू पर दोनों राज्यों की पुलिस अभी तक हाथ नहीं डाल पाई है। लेकिन राजस्थान के पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने एलान कर दिया,' जुनैद और नासिर की हत्या में मोनू मानेसर का सीधा हाथ नहीं पाया गया है।' करीब दो सप्ताह तक प्रचारित होता रहा कि बिट्टू बजरंगी बजरंग दल से जुड़ा है। विश्व हिंदू परिषद ने सफाई दी है कि उसका बजरंग दल से कभी नाता नहीं रहा। पुलिस ने क्या प्रारंभिक जांच की और खुद बिट्टू ने अपने बारे में क्या बताया, पता नहीं। मेव मुसलमानों की खास पहचान आधे मुसलमान और आधे हिंदू की रही है। मानवविज्ञानी और इतिहासकार शैल मायाराम इस समाज पर केंद्रित अपनी प्रसिद्ध पुस्तक रिजिस्टिंग रिजीम्स : मिथ, मेमरी ऐंड द शेपिंग ऑफ ए मुस्लिम आइडेंटिटी में लिखती हैं कि मेवों की विभिन्न पालें राम, कृष्ण और महादेव से संबंध जोड़ती हैं। अपने को यदुवंशी और रघुवंशी मानने वाले मुसलमान भी हैं। मेवों में भी गोत्र परंपरा रही है। दीगर मुसलमानों में चचेरी, मौसेरी और फुफेरी औलादों में शादी को भी मेव सही नहीं मानते। सुन्नी होने के बावजूद मेव लोककथाओं में हजरत अली का जिक्र अक्सर मिलता है। कर्बला की शहादत भी उनके विचार-भाव से जुड़ी हुई है। जाहिर है, इस तरह का समाज रूढ़िवादी मुसलमानों को रास नहीं आ सकता। चौदह सौ साल पहले के इस्लामी समाज, परंपराओं और व्यवहार की ओर भारत के मुसलमानों को ले जाने की कोशिश में लगी तबलीगी जमात के पैर सबसे पहले मेवात की जमीन पर पड़े थे। शैल मायाराम बताती हैं कि प्रारंभिक दिनों में तबलीग को मेवात में मायूसी मिली थी। मेव परंपराएं बहुत हद तक बदली हैं। मेव पीरों, मजारों और दरगाहों से दूर होते रहे हैं। विचारणीय है कि 1947 के त्रासद अध्याय का इस सामाजिक परिवर्तन में कितना योगदान है? भरोसे से कहा नहीं जा सकता कि नूंह और आसपास भड़की हिंसा-प्रतिहिंसा अंततोगत्वा किस न्यायिक मोड़ पर पहुंचेगी। बरसों-बरसों मामले खिंचते हैं। जांच पर जांच होती है, रिपोर्टें धूल खाती रहती हैं, जज बदलते रहते हैं। ये सब राजनीतिक नफा-नुकसान के मद्देनजर होता है। फिलहाल सरकारी सक्रियता-निष्क्रियता से परे, नूंह से गुरुग्राम तक समाज की दैवी शक्ति के दर्शन हो रहे हैं।

करीब दो सप्ताह तक प्रचारित होता रहा कि बिट्टू बजरंगी बजरंग दल से जुड़ा है। विश्व हिंदू परिषद ने सफाई दी है कि उसका बजरंग दल से कभी नाता नहीं रहा। पुलिस ने क्या प्रारंभिक जांच की और खुद बिट्टू ने अपने बारे में क्या बताया, पता नहीं। मेव मुसलमानों की खास पहचान आधे मुसलमान और आधे हिंदू की रही है। मानवविज्ञानी और इतिहासकार शैल मायाराम इस समाज पर केंद्रित अपनी प्रसिद्ध पुस्तक रिजिस्टिंग रिजीम्स : मिथ, मेमरी ऐंड द शेपिंग ऑफ ए मुस्लिम आइडेंटिटी में लिखती हैं कि मेवों की विभिन्न पालें राम, कृष्ण और महादेव से संबंध जोड़ती हैं। अपने को यदुवंशी और रघुवंशी मानने वाले मुसलमान भी हैं। मेवों में भी गोत्र परंपरा रही है। दीगर मुसलमानों में चचेरी, मौसेरी और फुफेरी औलादों में शादी को भी मेव सही नहीं मानते।

## कुछ अलग

### हटे 'बोर्ड' का बोझ

**केंद्र** सरकार की ओर से बुधवार को जारी किए गए नैशनल करिकुलम फ्रेमवर्क की जो सबसे बड़ी खूबी कही जा सकती है वह है इसे तैयार करने में दिखाया गया लचीलापन। इसी साल अप्रैल में जारी किए गए इसके ड्राफ्ट पर लोगों से फीडबैक मांगा गया था। बड़े पैमाने पर फीडबैक आया भी और उस पर खुलेपन से विचार भी किया गया। यह बात उन बदलावों से स्पष्ट है जो अप्रैल में जारी ड्राफ्ट के मुकाबले बुधवार को जारी अंतिम NCF में दिख रहे हैं। ड्राफ्ट में छठी, सातवीं और आठवीं क्लास में तीन भाषाएं और नौवीं-दसवीं में दो भाषाएं पढ़ाने की बात थी, जबकि दसवीं और ग्यारहवीं में पढ़ाई जाने वाली भाषाओं को लेकर कोई दिशानिर्देश नहीं दिया गया था। लेकिन फाइनल कॉपी में नौवीं और



दसवीं क्लास के लिए तीन भाषाएं ( दो भारतीय ) जबकि दसवीं और ग्यारहवीं के लिए दो भाषाएं ( एक भारतीय ) पढ़ाने की बात साफ-साफ कही गई है। दूसरा महत्वपूर्ण उदाहरण वार्षिक परीक्षा व्यवस्था की जगह सेमेस्टर सिस्टम लाने का है। ड्राफ्ट में इस बदलाव को तत्काल लागू करने की सिफारिश की गई थी। लेकिन बताया जाता है कि कई राज्य इसके खिलाफ थे। उनका कहना था कि उनके इन्फ्रास्ट्रक्चर को देखते हुए यह बदलाव तत्काल करना ठीक नहीं होगा और इसलिए इस पर जोर नहीं दिया जाना चाहिए। इन सुझावों के अनुरूप फाइनल NCF कहता है कि लंबी अवधि में सभी बोर्डों को सेमेस्टर सिस्टम लागू करना चाहिए। एक अहम व्यवस्था जिसे ड्राफ्ट और फाइनल दोनों में जस का तस रखा गया है, 12वीं के बोर्ड एग्जाम से जुड़ी है। NCF के मुताबिक, 12वीं क्लास में बोर्ड एग्जाम साल में दो बार हुआ करेंगे। स्टूडेंट्स अपनी मर्जी और तैयारी के मुताबिक विषय चुनकर इनमें बैठ पाएंगे और बाकी विषय अगली बार के लिए रख सकेंगे। इतना ही नहीं, उन्हें दोनों परीक्षाओं में बैठने और बेस्ट स्कोर रखने का भी अधिकार होगा। जाहिर है, इस व्यवस्था का मकसद स्टूडेंट्स पर बोर्ड एग्जाम का दबाव कम करना है। संपूर्णता में देखा जाए तो NCF की तमाम सिफारिशें 2020 में लाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों और भावनाओं के अनुरूप हैं। NCF की भूमिका स्कूली पाठ्यक्रम, पढ़ाने के तौर-तरीके वगैरह तय करने का पैमाना तैयार करने की होती है। हालांकि शिक्षा राज्य सूची का विषय है और इसीलिए खासकर राज्य शिक्षा बोर्डों के लिए इसकी सिफारिशें बाध्यकारी नहीं हैं। फिर भी देश में स्कूली शिक्षा को बदलते दौर की जरूरतों और वैश्विक मानदंडों के अनुरूप ढालने और इसके साथ-साथ बच्चों को अपनी जड़ों से भी जोड़े रखने के लिहाज से ये खासे महत्वपूर्ण हैं। हां, यह देखना जरूरी है कि इस पर अमल करते हुए भी वह संवेदनशीलता बनाए रखी जाए जो ड्राफ्ट को अंतिम रूप देते हुए दिखाई गई ताकि व्यवहार में अगर उम्मीदों के मुताबिक नतीजे आते न दिखें तो आवश्यक फेरबदल करने में ज्यादा मुश्किल न हो।

## दृष्टिकोण

### ट्रैफिक जाम से लेकर दमघोंटू हवा तक, महानगरों की बीमारियां पहुंचीं छोटे शहरों तक

**90** के दशक के अंत तक दिल्ली के प्रमुख ट्रैफिक जंक्शन पर लंबे जाम लगने शुरू हो गए थे। सड़कों पर ट्रैफिक का बोझ दिन पर दिन बढ़ता जा रहा था। काला धुआं छोड़ते डीज़ल वाहनों की वजह से सांस लेना दूभर हो गया था। लोग फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के शिकार होने लगे। बाहर से आने वाले लोग भी यहां दम घुटने की शिकायत करते थे। स्थिति गंभीर होते देख सीएनजी फ्यूल पर शिफ्ट होने का बड़ा फैसला किया गया। हालांकि, इसका बड़े पैमाने पर विरोध हुआ, खूब प्रदर्शन व हड़तालें हुईं लेकिन अंततः इस फैसले ने दिल्ली को सांस लेने लायक बनाया। प्रदूषण कम करने में काफी हद तक मदद मिली। अब दस साल पुरानी गाड़ियों पर पाबंदी और इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर ज़ोर देने के बाद थोड़ी और राहत महसूस होने लगी है। यहां की हवा में अब दो दशक पहले जैसी घुटन नहीं रही। वैसी घुटन अब छोटे शहरों में महसूस होने लगी है। पिछले कुछ वर्षों में टियर टू और थ्री सिटीज़ में यातायात का दबाव काफी तेज़ी से बढ़ा है। एक ही सड़क पर बस, ऑटो, टेम्पो, टैक्सी, ट्रक, ट्रैक्टर, टूवीलर, रिक्शे, बैलगाड़ी और जुगाड़ तक, सब एक साथ चलते हैं। डीज़ल से चलने वाली गाड़ियों के काले धुएं के साथ ही धूल के गुबार में सांस लेना मुश्किल हो जाता है। दोपहिया पर चेहरे को ढके बिना निकले तो घर काला मुंह लेकर ही लौटते हैं। यह अनुभव मैंने खुद हाल की अपनी कई यात्राओं के दौरान किया। एक समय था, जब हम ताज़ी हवा में सांस लेने के लिए दिल्ली से भागकर अपने शहर या गांव जाते थे। पर अब वहां की हवाओं में भी वैसी ताज़गी नहीं रही। महानगरों की सारी बीमारियां धीरे-धीरे छोटे शहरों में पहुंचती जा रही हैं। गांव-कस्बों की ही क्या बात करें, पहाड़ी इलाके तक इससे अछूते नहीं रहे। हिल स्टेशन पर आप शुद्ध हवा में सांस लेने जाते हैं, पर वहां भी अब सारी दुनिया अपनी गाड़ियां लेकर पहुंचने लगी है। टूरिस्ट बढ़ने से टैक्सी और बस वालों का धंधा भी बड़े पैमाने पर फल-फूल गया है। ऐसे में अब सारे लोकप्रिय पर्वतीय स्थलों पर शहरों वाला ट्रैफिक और जाम ही मिलने लगा है। और इस ट्रैफिक के बीच मिलता है काला धुआं, जो आपका सारा मज़ा किरकिरा कर देता है। कुछ महीने पहले क्वीन ऑफ हिल्स कहलाने वाले दार्जीलिंग जाना हुआ। यहां का मनोरम सफर सिलिगुड़ी से शुरू होता है। यहां शिमला, मसूरी, नैनीताल जैसी भीड़ और ट्रैफिक तो नहीं, लेकिन पहाड़ों की चढ़ाई इतनी खड़ी और जटिल है कि आप खुद ड्राइव कर जाने का सोच ही नहीं सकते। ऊपर तक जाने के लिए जीप, टैक्सी या टैम्पो ट्रैवलर प्रमुख साधन हैं। हालांकि सिलिगुड़ी से दार्जीलिंग तक विश्व प्रसिद्ध टॉय ट्रेन भी चलती है, पर वह 63 किलोमीटर की दूरी तय करने में साढ़े सात घंटे लेती है जबकि रोड से आप ढाई से तीन घंटे में पहुंच जाते हैं। जी20 के इवेंट के लिए हम यहां पहुंचे थे तो एक साथ 15-20 टैम्पो ट्रैवलर का काफिला पहाड़ के घुमावदार रास्तों पर चल रहा था। सारी डीज़ल गाड़ियां पूरे रास्ते में धुआं छोड़ते चल रही थीं। आगे वाली गाड़ियों का धुआं हमारी गाड़ी के अंदर भर गया। शीशे बंद करें तो अंदर की घुटन से सांस लेना मुश्किल। और खोलें तो आगे वाली गाड़ियों का धुआं और ज्यादा अंदर भरता जाए। तीन घंटे के पूरे सफर के दौरान नाक पर कपड़ा रखकर बैठना पड़ा। इस धुएं ने सिर दर्द अलग से कर दिया। हरे-भरे पहाड़ों की खूबसूरती को निहारने का सारा मज़ा ही खराब हो गया। ग्रीन पीस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार भारत की 99 फीसदी आबादी बेहद खराब हवा में सांस ले रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पीएम2.5 के जो मानक तय किए हैं, हमारे यहां की हवा उससे सात गुना अधिक प्रदूषित पाई गई। ये ज़हरीली हवा लोगों को बीमार बना रही है। कोरोना जैसे वायरस कमज़ोर फेफड़ों का क्या हाल करते हैं, हम देख चुके हैं। तेज़ी से बढ़ते प्रदूषण से महानगरों को ही नहीं, हमारे छोटे शहरों और पहाड़ों को भी बचाना होगा।



# ऑस्ट्रेलिया में युद्धाभ्यास के दौरान यूएस मिलिट्री हेलिकॉप्टर क्रैश: 3 सैनिकों की मौत; अमेरिका बोला- मदद के लिए फिलहाल कुछ नहीं कर सकते

**कैनबरा।**
ऑस्ट्रेलिया में युद्धाभ्यास के दौरान अमेरिकी मिलिट्री का वी-22 ऑस्प्रे हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें सवार 23 सैनिक बुरी तरह से घायल बताए जा रहे थे। अब इनमें से 3 सैनिकों की मौत हो गई है। जबकि 5 की हालत गंभीर है। सैनिकों को बचाने के लिए कई घंटो का रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। हादसा स्थानीय समय के मुताबिक सुबह 9 बजकर 43 मिनट पर डार्विन शहर के तिवि आईलैंड के तट पर हुआ। मिलिट्री एक्सरसाइज में फिलिपींस और इंडोनेशिया भी शामिल थे।

ऑस्ट्रेलियन डिफेंस फोर्स ने बताया कि इस पल हम सिर्फ सैनिकों को बचाने पर ध्यान दे रहे हैं। डारविन एयरपोर्ट से रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए केयर फ्लाइट जेट का इस्तेमाल किया गया। कई सैनिकों को इलाज के लिए रोयल डार्विन हॉस्पिटल ले जाया गया है।

**युद्धाभ्यास को रोका गया** - ये अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास है। इस युद्धाभ्यास में 150 अमेरिकी सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस फोर्स के मुताबिक क्रैश हुए हेलिकॉप्टर में सभी सैनिक अमेरिकी थे। हादसे की वजह से युद्धाभ्यास को रोक दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज ने इस घटना पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने हादसे को दुखद बताया। वहीं एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी है, पर इस वक्त को कुछ नहीं कर सकते।

**युद्धाभ्यास के दौरान एक महीने में दूसरा बड़ा हादसा** - युद्धाभ्यास के दौरान ये दूसरा बड़ा हादसा है। इससे पहले 29 जुलाई को अमेरिका के साथ किए जा रहे युद्धाभ्यास में ऑस्ट्रेलियाई मिलिट्री का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। ताइपान हेलिकॉप्टर हेमिलटन आईलैंड के पास क्रैश हुआ था। इसमें चार सैनिकों की मौत हो गई थी।

**अमेरिका का वी-22 ऑस्प्रे हेलिकॉप्टर** - हेलिकॉप्टर के निर्माण का काम 1989 में शुरू हुआ। इसकी प्रोग्राम कॉस्ट उस समय करीब 22 अरब रुपए थी। हाल ही के दिनों में इसके क्रैश होने पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी खासियत रॉल्स रॉयस एई-1107सी इंजन थे, इससे गेयर बदलते ही स्पीड बढ़ जाती है।

हेलिकॉप्टर में लगे तीन इंजनों को ड्राइव शॉफ्ट्स से इसलिए जोड़ा गया था, जिससे कि किसी इंजन के फेल हो जाने पर बाकी इंजन उतनी ही स्पीड से काम कर सकते हैं। हेलिकॉप्टर की बुलेटप्रूफ कॉकपिट के ग्लास नाइट विजन है, जिसके चलते पायलट अंधेरे में भी बिना लाइट ऑन किए नीचे देख सकता है। इसके इलावा हेलिकॉप्टर के दोनों साइड लगे पंखों हवा के रुख के हिसाब से तीन दिशाओं में मुड़ सकते हैं, जिससे हेलिकॉप्टर की स्पीड बनी रहे।

इन्हें इस तरह डिजाइन किया गया है रेस्क्यू के अलावा समय आने पर इनसे दुश्मनों के हेलिकॉप्टर या अन्य वेपंस को टार्गेट किया जा सकता है। ये एम-240 मशीन गन और एम-2 मशीनगन, ज्वॉइंट एयर-टू-ग्राउंड मिसाइल से भी लैस हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### ओसामा को मारने वाला पूर्व अमेरिकी कमांडर गिरफ्तार: मारपीट के आरोप लगे; 2 लाख के बॉन्ड पर उसी दिन बेल मिली



**वॉशिंगटन।** पाकिस्तान के एबटाबाद में घुसकर आतंकी ओसामा बिन लादेन को मारने वाली पूर्व अमेरिकी नेवी सील के कमांडर रॉबर्ट जे ओनील को टेक्सास शहर में गिरफ्तार किया गया। नील पर मारपीट और शराब पीकर अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगे। हालांकि, जेल रिकॉर्ड में सिर्फ मारपीट की बात कही गई है। रिपोर्ट के मुताबिक नील को गिरफ्तारी के कुछ घंटों बाद ही 2 लाख 88 हजार रुपए की बोंड पर छोड़ दिया गया। ये घटना तब हुई जब नील एक पोडकास्ट रिकॉर्ड करने के लिए एक लाउंज में गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक ये पहली बार नहीं है जब नील पर इस तरह सार्वजनिक जगहों पर अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगे हैं। 2020 में कोविड के दौरान उन्होंने मास्क पहनने से इनकार कर दिया था। तब डेल्टा एयरलाइन ने उन पर बैन लगा दिया था। 2016 में उन्हें नशे में गाड़ी चलाने के आरोप लगे थे। नील हमेशा खुद के उस मिशन में शामिल होने का दावा करते हैं जिसने ओसामा बिन लादेन को मारने के लिए ऑपरेशन चलाया था। हालांकि, अमेरिकी सरकार न तो उनके दावों को खारिज करती है और न ही समर्थन। 11 सितंबर 2001 को दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका पर आतंकी हमला हुआ। आतंकियों ने न्यूयॉर्क में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर विमान से हमला किया जिसमें तीन हजार लोगों की जान गई और अल कायदा नाम के आतंकी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी ली। इसे दुनिया के सबसे खौफनाक आतंकी हमलों में गिना जाता है।

### फ्लोरिडा में मास शूटिंग, 3 अश्वेतों की मौत: हमलावर ने खुद को भी गोली मारी; पुलिस बोली- आरोपी अश्वेतों से नफरत करता था

**जैक्सनविले।** अमेरिका में फ्लोरिडा राज्य के जैक्सनविले में एक स्टोर में गोलीबारी हुई।



अधिकारियों ने बताया एक शख्स गन लेकर स्टोर में घुसा। उसने तीन अश्वेत लोगों को निशाना बनाकर गोली मार दी। तीनों की मौत हो गई। तीनों की हत्या के बाद आरोपी ने खुद को भी गोली मार दी। जैक्सनविले के पुलिस अफसर टीके वॉटर्स ने बताया- आरोपी अश्वेत लोगों से नफरत करता था। यह एक नस्लीय हमला था। मरने वालों में 2 पुरुष और 1 महिला शामिल थी। शूटिंग से पहले आरोपी ने परिजनों, मीडिया और पुलिस अधिकारियों के लिए कई मेनिफेस्टो भी जारी किए थे, जिसमें उसने अश्वेतों के खिलाफ अपनी नफरत को बताया था। बताया कि हेट क्राइम हमेशा से उनकी प्रायॉरिटी रहा है। ये कुछ खास समुदाय के लोगों को डराने-धमकाने के मकसद से किया जाता है। फिलहाल फ्लोरिडा शूटिंग को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और अटॉर्नी जनरल मेरिक गार्लैंड को जानकारी दी गई है। वहीं जैक्सनविले में रह रहे लोगों और खासकर अश्वेतों को हाई-अलर्ट पर रखा गया है। अमेरिका की गन वॉयलेंस आर्काइव के मुताबिक, यहां मास शूटिंग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इस साल अब तक ऐसे 469 मामले सामने आ चुके हैं। अमेरिका में गन कल्चर का इतिहास करीब 230 साल पुराना है। नागरिकों के बंदूक रखने के मामले में अमेरिका दुनिया में सबसे आगे है। स्विट्जरलैंड के स्मॉल आर्म्स सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में मौजूद कुल 85.7 करोड़ सिविलियन गन में से अकेले अमेरिका में ही 39.3 करोड़ सिविलयन बंदूक मौजूद हैं। दुनिया की आबादी में अमेरिका का हिस्सा 5प्रतिशत है, लेकिन दुनिया की कुल सिविलियन गन में से 46प्रतिशत अकेले अमेरिका में हैं। अक्टूबर 2020 के गैलप सर्वे के मुताबिक, 44प्रतिशत अमेरिकी वयस्क उस घर में रहते हैं, जहां बंदूकें हैं, इनमें से एक तिहाई वयस्कों के पास बंदूकें हैं। 2019 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका में 63 हजार लाइसेंस्ड गन डीलर थे, जिन्होंने उस साल अमेरिकी नागरिकों को 83 हजार करोड़ रुपए की बंदूकें बेची थीं। अमेरिका 231 साल बाद भी अपने गन कल्चर को खत्म नहीं कर पाया है। इसकी दो वजहें हैं। पहली- कई अमेरिकी राष्ट्रपति से लेकर वहां के राज्यों के गवर्नर तक इस कल्चर को बनाए रखने की वकालत करते रहे हैं। दूसरी- गन बनाने वाली कंपनियां, यानी गन लॉबी भी इस कल्चर के बने रहने की प्रमुख वजह है। 1791 में संविधान के दूसरे संशोधन के तहत अमेरिका नागरिकों को हथियार रखने और खरीदने का अधिकार दिया गया। अमेरिका में इस कल्चर की शुरुआत तब हुई थी, जब वहां अंग्रेजों का शासन था। उस वक्त वहां परमानेंट सिक्योरिटी फोर्स नहीं थी, इसीलिए लोगों को अपनी और परिवार की सुरक्षा के लिए हथियार रखने का अधिकार दिया गया, लेकिन ये कानून आज भी जारी है।

## ईरान ने अमेरिका पर 2.72 हजार करोड़ का जुर्माना लगाया

# इस्लामिक क्रांति के बाद तख्तापलट की कोशिश का आरोप, कहा- सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

**तेहरान।**
**ईरान की एक कोर्ट ने अमेरिका पर तख्तापलट की साजिश में शामिल होने पर 2.72 हजार करोड़ का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहा कि 1979 की इस्लामिक क्रांति में अमेरिका समर्थित शाह मोहम्मद रजा पहलवी की सत्ता का अंत हो गया था। इसके करीब 1 साल बाद 1980 में कई आर्मी अफसरों ने मिलकर तख्तापलट की कोशिश की थी। उनका उद्देश्य देश भर में सैन्य ठिकानों पर कब्जा करना, रणनीतिक केंद्रों और क्रांति में शामिल रहे नेताओं के आवासों को निशाना बनाना था। हालांकि, उनकी कोशिश विफल रही। विद्रोहियों का नेतृत्व पूर्व ईरानी वायुसेना कमांडर सईद महदियाउन ने किया था, और उनका मुख्यालय नोजेह में था। ये पश्चिमी हमीदान प्रांत में एक एयरबेस था।**



### तख्तापलट की कोशिश में मारे गए थे कई ईरानी

तख्तापलट के साजिश करने वालों और सरकारी बलों के बीच संघर्ष में कई लोग मारे गए और कई अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया था। पिछले साल इस विद्रोह में मारे गए लोगों के रिश्तेदारों ने ईरान की इंटरनेशनल कोर्ट में मुआवजे के लिए याचिका दायर की थी। इस याचिका में उन्होंने अमेरिका पर तख्तापलट की कोशिश करने का आरोप लगाया था।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में फैसला सुनाया। उन्होंने अमेरिका पर मटीरियल और मॉरल डैमेज के लिए 30 मिलियन डॉलर यानी 247 करोड़ रुपए और लोगों की जान को खतरे में डालने के लिए करीब 2.72 हजार करोड़ का जुर्माना लगाया है।

### इस्लामिक क्रांति के बाद ईरान-अमेरिका में डिप्लोमैटिक रिश्ते खत्म हुए

1979 के इस्लामिक रिवॉल्यूशन के बाद से ईरान और अमेरिका में सभी डिप्लोमैटिक रिश्ते खत्म हो गए थे। 1953 में अमेरिका और ब्रिटेन की इंटेलिजेंस सर्विसेज ने मिलकर प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसादेग को हटा दिया था, जिन्होंने ईरान की तेल इंडस्ट्री को नेशन्लाइज किया था। 2016 में अमेरिकी सुप्री कोर्ट ने आदेश दिया था कि ईरान की जो संपत्ति अमेरिका ने जब्त की थी उसका इस्तेमाल ईरानी हमलों के पीड़ितों की मदद के लिए किया जाना चाहिए।

इन हमलों में 1983 में बेरूत में अमेरिकी मरीन बैरक पर बमबारी और 1996 में सऊदी अरब में विस्फोट शामिल है। इस साल मार्च में इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस ने फैसला सुनाया था कि अमेरिका की तरफ से ईरानी लोगों और कंपनियों की संपत्ति जब्त करना गलत है।

क्या थी 1979 की इस्लामिक क्रांति

ईरान की इस्लामिक क्रांति 1979 में हुई थी, जिसने ईरान के शाह मोहम्मद रजा पहलवी को हटाकर आयतुल्लाह रुहोल्लाह खोमेनी को ईरान का सुप्रीम लीडर बना दिया।

शाह 1941 से सत्ता में थे लेकिन उन्हें लगातार धार्मिक नेताओं के विरोध का सामना करना पड़ता था। इससे निपटने के लिए शाह ने इस्लाम की भूमिका को कम करने, इस्लाम से पहले की ईरानी सभ्यता की उपलब्धियां गिनाने और ईरान को एक आधुनिक राष्ट्र बनाने के लिए कई कदम उठाए।

इससे मुस्लिम कट्टरपंथी नेता और चिढ़ गए और उन्हें अमेरिका का पिट्ठू कहने लगे। आयतुल्लाह खोमेनी भी शाह के सुधारों के खिलाफ थे। इसी वजह से उन्हें देश से भी निकाल दिया गया था।

इस बीच ईरान में असंतोष बढ़ाने लगा। जब सरकारी प्रेस में आयतुल्लाह के खिलाफ आपत्तिजनक कहानी छपी तो लोग भड़क उठे। दिसबर 1978 में करीब 20 लाख लोग शाह के खिलाफ प्रदर्शन करने शाहयाद चौक में जमा हुए। इस दौरान सेना ने भी उन पर कार्रवाई से इनकार कर दिया।

प्रधानमंत्री डॉ शापोर बख्तियार की मांग पर 16 जनवरी 1979 को शाह और उनकी पत्नी ईरान छोड़कर चले गएष प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक बंदियों को रिहा कर दिया और खोमेनी को ईरान लौटने की इजाजत दे दी।

प्रधानमंत्री देश में चुनाव चाहते थे, लेकिन खोमेनी ने ईरान लौटकर सत्ता अपने हाथों में ले ली। खोमेनी के नेतृत्व में ही ईरान में इस्लामिक राज्य की स्थापना हुई और शरीया कानून लागू हुआ।

## गहरे रंग की त्वचा पर ऑक्सीमीटर की रीडिंग गलत

# कोरोना के इलाज में देरी हुई, अमेरिकी रिसर्च में खुलासा



**वॉशिंगटन।**
अमेरिका में जामा (जर्नल ऑफ अमेरिकन मेडीकल एसोसिएशन) के एक नए अध्ययन में पता चला है कि पल्स ऑक्सीमीटर गहरे रंग की त्वचा के लोगों में ऑक्सीजन का स्तर ज्यादा बताता है। इस कारण कोरोना के दौरान ऐसे लोगों के इलाज में देरी हुई है। ये अध्ययन कोराना के पहले साल पर आधारित है। उस दौरान अस्पतालों में भीड़ लगी हुई थी। खून में ऑक्सीजन के स्तर के आधार पर ही अस्पताल में लोगों को भर्ती किया जा रहा था। बायलर कॉलेज, जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी और एचसीए हेल्थकेयर के विशेषज्ञों ने 24500 लोगों की रिपोर्ट पर अध्ययन किया। इन लोगों के खून में ऑक्सीजन स्तर का आकलन पहले पल्स ऑक्सीमीटर से फिर खून की जांच कर किया गया।

### रिसर्च में ऑक्सीजन का स्तर ज्यादा दिखा

अध्ययन में पता चला कि गहरे रंग की त्वचा वाले लोगों के मामलों में खून की जांच के मुकाबले पल्स ऑक्सीमीटर की रीडींग नियमित तौर पर ज्यादा थी। इस कारण गोरे लोगों के मुकाबले अश्वेत में 50प्रतिशत और हिस्पैनिक में 18प्रतिशत मामलों में गलत रीडींग को पाया गया।

### ऑक्सीजन लेवल गलत तो सही इलाज नहीं मिलता

दुनियाभर में डॉक्टरों के पल्स ऑक्सीमीटर का इस्तेमाल अक्सर कई तरह की बीमारियों का इलाज निर्धारित करने के लिए किया जाता हैं। इनमें दिल, सांस और सोते समय सांस लेने में होने वाली मुश्किलों से जुड़ी बीमारियां शामिल हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए सामान्य ऑक्सीजन स्तर 95प्रतिशत या उससे ज्यादा होता है। अगर रीडिंग गलत आकलन के कारण ज्यादा होगी तो व्यक्ति का वैसा इलाज नहीं होगा जैसे की उसे जरूरत हो सकती है।

### ऑक्सीजन स्तर का आकलन अन्य जांच से जरूरी

अमेरिका में ऑक्सीमीटर की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। वहीं, विशेषज्ञों ने डॉक्टरों को ऑक्सीमीटर पर ही निर्भर न रहते हुए मरीजों की अन्य जांच के बाद ऑक्सीजन स्तर का आकलन करने की सलाह दी है।

# पाक में वैन पुल से गिरी, 6 की मौत मृतकों में 2 महिलाएं, 5 लोग घायल

**इस्लामाबाद।**
**पाकिस्तान के मनसेहरा में एक वैन पुल से नीचे गिर गई। हादसे में 2 महिलाओं सहित 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक, रेस्क्यू 1122 के जिला आपातकालीन अधिकारी हफीजुर रहमान ने बताया कि वैन मानसेहरा के हाथीमेरा इलाके से गुजर रही थी। तभी एक पुल पर ड्राइवर ने वैन पर कंट्रोल खो दिया। वैन में करीब 13 लोग सवार थे।**



हादसे की खबर मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची। तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। घायलों को मनसेहरा के किंग अब्दुल्ला टीचिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में जान गंवाने वालों और घायलों के परिवार को खबर दे दी गई है। जरूरी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव परिजन को सौंप दिए जाएंगे। इस महीने के शुरुआत में संगर इलाके में मनसेहरा-नारन-जलखड रोड पर एक कार पलट गई थी। हादसे में एक ही परिवार के 21 लोग घायल हो गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, वैन में सवार परिवार पेशावर से कघन घाटी जा रहा था। एक मोड़ पर ड्राइवर ने वाहन पर कंट्रोल खो दिया।

# गोपनीय दस्तावेज मामले में अटक जेल में इमरान खान से पूछताछ, राजनयिक केबल खोने की बात स्वीकारी

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से अटक जेल में शीर्ष जांच एजेंसियों ने पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने राजनयिक 'केबल' (गुप्त संदेश) की प्रति खोने की बात स्वीकार कर ली है। बता दें, खान पर पहले से ही दस्तावेज के गलत उपयोग के लिए आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।

### एक घंटे से अधिक समय तक पूछताछ

बताया जा रहा है कि पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) की आतंकवाद विरोधी शाखा (सीटीडब्ल्यू) ने शनिवार को जेल में पूर्व प्रधानमंत्री से मुलाकात की। एफआईए के उपनिदेशक अयाज खान के नेतृत्व में छह सदस्यीय संयुक्त जांच दल ने अटक जेल के उपाधीक्षक के कार्यालय में खान से एक घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की।

### सिफर लहराने से इनकार

पूछताछ के दौरान खान ने सिफर खोने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा कि उन्हें याद नहीं है कि सिफर को कहां रखा है। खान ने इस बात से भी इनकार किया कि पिछले साल अपनी सरकार को हटाने से कुछ दिन पहले उन्होंने एक सार्वजनिक सभा में साजिश के सबूत के तौर पर जो कागज लहराया था, वह राजनयिक केबल था। खान ने कहा कि जनता के सामने जो कागज दिखाया था, वह कैबिनेट बैठक के मिनट्स थे, कोई सिफर नहीं।



### शीर्ष एजेंसी की जांच से खुलासा

एजेंसी ने जांच के बाद सिफर के दुरुपयोग और इसके गलत इस्तेमाल में उनकी जानबूझकर संलिप्तता का पता चलने के बाद खान और पीटीआई के उपाध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एफआईआर में यह भी कहा गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव आजम खान, पूर्व योजना मंत्री असद उमर और इसमें शामिल अन्य सहयोगियों की भूमिका जांच के दौरान निर्धारित की जाएगी।

### यह है मामला

गौरतलब है, एक अमेरिकी मीडिया संस्थान द्वारा गुप्त केबल की कथित प्रति प्रकाशित किए जाने के बाद खान जांच के घेरे में आ गए थे और शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पिछली सरकार में कई लोगों ने लीक का स्रोत होने को लेकर पीटीआई प्रमुख पर अंगुली उठाई थी। पूर्व गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा था कि अगर खान ने वास्तव में उन्हें प्रदान किए गए केबल की प्रति खो दी है, तो यह आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत अपराध होगा। खान इस महीने की शुरुआत में भ्रष्टाचार के एक मामले में एक सत्र अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद से तीन साल जेल की सजा काट रहे हैं। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी सहयोगी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के उपाध्यक्ष कुरैशी (67) को 19 अगस्त को शासकीय गोपनीयता अधिनियम के उल्लंघन के लिए गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि विदेश मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अमेरिका स्थित पाकिस्तानी दूतावास की ओर से विदेश कार्यालय को भेजे गए आधिकारिक दस्तावेज की गोपनीयता भंग की थी।

## वैगनर चीफ ने कहा था- एक प्लेन क्रैश होगा

# मौत से 4 महीने पहले इंटरव्यू में बोले थे- रूस तबाही के रास्ते पर जा रहा

**मॉस्को।**
रूस के बागी वैगनर चीफ प्रिगोजिन की मौत के बाद उनका एक इंटरव्यू वायरल हो रहा है। इसमें वो उड़ान के दौरान एक प्लेन के क्रैश होने की बात कर रहे हैं। साथ ही प्रिगोजिन कहते हैं कि वो रूस से झूठ बोलने की बजाय मरना पसंद करेंगे। 29 अप्रैल को रूसी ब्लॉगर सेमयोन पेगोव ने उनका एक इंटरव्यू लिया था।

इसकी एक क्लिप में प्रिगोजिन कहते हैं- रूस तबाह होने की कगार पर है। ऐसा इसलिए क्योंकि डिफेंस सेक्टर से ऐसे लोगों को बाहर कर दिया जा रहा है, जो सच बोलते हैं और बड़ी पोस्ट पर बैठे अधिकारियों के साथ जुड़ने के लिए तैयार नहीं है।

प्रिगोजिन आगे कहते हैं- मैं आज इतना सच क्यों बोल रहा हूं। ऐसा इसलिए क्योंकि मैं उन लोगों से ऊपर नहीं हूं, जो इस देश में रहते हैं। आज उनसे झूठ बोला जा रहा है। इससे बेहतर होगा कि मुझे मार दिया जाए।

### प्रिगोजिन ने कहा था- सिस्टम नहीं बदला तो एक दिन क्रैश होगा प्लेन

प्रिगोजिन ने कहा था- मैं झूठ नहीं बोलूंगा। रूस आज बर्बादी की तरफ बढ़ रहा है। अगर सिस्टम को नहीं बदला गया तो जल्द ही तो एक दिन एक विमान क्रैश हो कर गिर जाएगा। ये वीडियो वैगनर ग्रुप के टेलीग्राम चैनल वॉर जोन पर शेयर किया गया था।

एक यूजर ने कहा- प्रिगोजिन प्लेन क्रैश के बारे में पहले से जानते थे। कुछ यूजर ने इस बात की भी संभावना जताई कि वैगनर चीफ जिंदा हो सकते हैं और वो जल्द ही सामने आएंगे। तब वो अपना बदला जरूर लेंगे। जिस दिन प्रिगोजिन का प्लेन क्रैश हुआ था उसी दिन रूसी एयरफोर्स के हेड सर्गेई सुरोविकिन को उनके पद से हटा दिया गया था। ऐसे में यूजर्स ये भी कह रहे हैं कि प्रिगोजिन जिंदा हैं और सुरोविकिन उन्हीं के साथ हैं।



### पुतिन ने वैगनर के लड़ाकों को वफादारी की शपथ दिलाई

दूसरी तरफ वैगनर चीफ की मौत के बाद राष्ट्रपति पुतिन ने प्राइवेट आर्मी के लड़ाकों को रूस और सरकार के प्रति वफादार रहने की शपथ लेने को कहा है। पुतिन ने शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से ये डील लागू करने के लिए साइन कर दिया। इसके तहत रूस या उनकी मिलिट्री के लिए काम कर रहे हर शख्स को रूस के प्रति वफादार रहना होगा। इसका मकसद वैगनर जैसे ग्रुप्स पर सरकार की पकड़ मजबूत करना है।

### क्रैश होने वाले प्लेन में सवार थे वैगनर चीफ

23 अगस्त को वैगनर चीफ जिस प्लेन में सवार थे, वो क्रैश हो गया था। रूस की एविएशन मिनिस्ट्री के मुताबिक, पैसेंजर लिस्ट में प्रिगोजिन का नाम था और वो इसमें सवार थे। वो प्राइवेट आर्मी वैगनर ग्रुप के चीफ थे। क्रैश में 10 लोग मारे गए थे।

यह एयरक्राफ्ट मॉस्को से सेंट पीटर्सबर्ग जा रहा था। प्रिगोजिन के अलावा इस प्लेन में प्राइवेट आर्मी के को-फाउंडर और पूर्व रूसी स्पेशल फोर्स कमांडर दिमित्री उत्किन भी सवार थे। वैगनर के और भी अधिकारी विमान में मौजूद थे।

### 23 जून को वैगनर ने किया था विद्रोह

23 जून को वैगनर ग्रुप ने रूस के खिलाफ विद्रोह किया था। वैगनर आर्मी यूक्रेन में अपने कैंप छोड़कर रूसी सीमा में दाखिल हो गई थी। उसने रोस्तोव शहर और मिलिट्री हेडक्वार्टर पर कब्जा कर लिया था। प्रिगोजिन ने तब कहा था- हम मरने से नहीं डरते। उन्होंने दावा किया था वैगनर लड़ाकों ने रूसी सेना के कई हेलिकॉप्टर्स को मार गिराया था। प्रिगोजिन ने रूस के रक्षा मंत्री को रोस्तोव आकर उनसे मिलने के लिए कहा था।

## पुलिस कांस्टेबल भर्ती ऑनलाइन आवेदन में पांच दिन तक कर सकेंगे संशोधन

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए किये गए ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यार्थी 28 अगस्त से 1 सितंबर तक संशोधन कर सकते हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड सचिन मित्तल ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की विज्ञप्ति 03 अगस्त 2023 द्वारा विभिन्न जिला, यूनिट व बटालियन में कांस्टेबल सामान्य, चालक, बैंड, माउंटेड व दूरसंचार के 3578 रिक्त पद के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में संशोधन का पांच दिन का अवसर दिया जा रहा है। अभ्यर्थी आवेदन पत्र में स्वयं के नाम, पिता के नाम एवं आवेदन पत्र की संख्या (एप्लीकेशन आईडी) के अतिरिक्त कोई भी संशोधन कर सकता है। एडीजी सचिन मित्तल ने बताया की ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन 28 अगस्त से 1 सितंबर 2023 की रात 12 बजे तक किया जा सकेगा।

# किसानों के हितों के प्रति उदासीन है केंद्र सरकार : चौधरी जयंत

**धौलपुर ( हिंस )।** राष्ट्रीय लोक दल के तत्वाधान में रविवार को धौलपुर के श्याम काम्पलेक्स परिसर में एक किसान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों सहित अन्य वर्गों के हितों पर मंथन हुआ तथा संगठन की मजबूती एवं विस्तार का संकल्प लिया गया। किसान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के हितों के प्रति उदासीन है। यही नहीं सरकार की नीयत में भी खोट है। जिसके चलते देश का किसान अन्नदाता त्रस्त है। सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार मनमाने तरीके से कार्य कर रही है। इसी के चलते बिना किसानों से विचार विमर्श किए सरकार तीन काले कानून लेकर आई। किसानों के विरोध के बाद सरकार को इन कानूनों को वापस लेना पड़ा। सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल को किसानों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं है तथा संगठन किसान एवं अन्य वर्गों के हितों के लिए कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि धौलपुर में गंगा-जमुनी तहजीब देखने को मिलती है। यह हमारी विरासत है इसे बनाए रखें, यह हम सब की जिम्मेदारी भी है। सिंह ने कहा कि राजस्थान इस बार फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। हम राजस्थान में कांग्रेस के साथ गठबंधन में हैं और भरतपुर से राष्ट्रीय लोक दल के विधायक सुभाष गर्ग राज्य सरकार में मंत्री हैं। हमारी कोशिश रहेगी की राजस्थान में हमारे विधायकों की संख्या बढ़े और संगठन का विस्तार हो। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ईआरसीपी परियोजना के प्रति उदासीन है। राजस्थान के 25 के 25 सांसद भाजपा के होने के बावजूद पूर्वी राजस्थान की इस महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना को केंद्र सरकार राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं दे रही है। किसान सम्मेलन के संयोजक तथा राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पूर्व मंत्री अब्दुल सगीर खान ने कहा की धौलपुर की कौमी एकता और आपसी भाईचारा पूरे देश एवं प्रदेश में मिसाल है। युवाओं के कंधों पर इस संस्कृति और विरासत को बचाने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि धौलपुर समेत पूरे राजस्थान में राष्ट्रीय लोक दल को और मजबूत कर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के हाथों को और मजबूत किया जाएगा। सम्मेलन में भरतपुर के विधायक एवं राज्य सरकार में मंत्री सुभाष गर्ग ने कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। प्रदेश सरकार ने प्रशासन शहरों और गांव के संग अभियान में रिकॉर्ड संख्या में पट्टे देने का काम किया है। महंगाई राहत शिविरों के माध्यम से सरकार गैस सिलेंडर, फूड पैकेट तथा अन्य योजनाओं से महंगाई से राहत देने का काम कर रही है। किसान सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के सादाबाद के विधायक प्रदीप कुमार सिंह उर्फ गुड्डू भैया ने कहा की राजस्थान में चुनावी रणभेरी बज चुकी है और हम सबको पार्टी को मजबूत कर राजस्थान में भी राष्ट्रीय लोक दल का विस्तार करना है। उत्तर प्रदेश के खतौली से आए विधायक मदन भैया ने कहा कि देश में राजनीतिक दल वोट बैंक की राजनीति करते हैं। लेकिन राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने समाज को एकजुट करने का बीड़ा उठाया है। जिसके चलते पूरे देश में किसान सम्मेलन हो रहे हैं। सम्मेलन में राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महामंत्री त्रिलोक सिंह त्यागी, उपाध्यक्ष यशवीर सिंह एवं राष्ट्रीय लोक दल की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने भी अपना संबोधन दिया। किसान सम्मेलन में राष्ट्रीय लोक दल के भरतपुर के जिला अध्यक्ष संतोष फौजदार, धौलपुर के जिला अध्यक्ष हर प्रकार शर्मा, बृज क्षेत्र के अध्यक्ष बृजेश चाहर, मथुरा इकाई के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह एवं आगरा के अध्यक्ष महेश जाटव सहित अन्य पदाधिकारी एवं जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कांग्रेस और इनेलो के कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर हुए भाजपाई



**यमुनानगर ( हिंस )।** जगाधरी विधानसभा के गांव भीलपुरा में डॉ. भीम राव अंबेडकर जन जागृति मिशन ट्रस्ट द्वारा रविवार को आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस और इनेलो छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर स्कूल शिक्षा एवं वन पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने अनेकों युवाओं को पटका पहनाकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल किया। हरियाणा सरकार में स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास की नीति पर चलते हुए भारी संख्या में भीलपुरा गांव के अनेकों युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी में आस्था जताई और उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह सभी युवा कांग्रेस व इनेलो पार्टी व अन्य राजनीतिक दलों की नीतियों से दुखी होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व इनेलो व अन्य दलों की देश विरोधी नीतियों से परेशान होकर इन सभी युवाओं ने भाजपा का दामन थामा है। हमारी पार्टी प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में सभी नीतियों को अपनाकर ही आगे बढ़ती आई है। हमारे युवा देश को आगे बढ़ाने में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में केवल एक जिले में ही विकास होता था।

## जाट समाज ने हमेशा राष्ट्र और समाज के लिए योगदान दिया : सुरेश बंचल



**यमुनानगर ( हिंस )।** जाट महासभा यमुनानगर की नवनियुक्त कार्यकारिणी की एक बैठक रविवार को मास्टर जगीर सिंह प्रधान जाट धर्मशाला कपाल मोचन की अध्यक्षता में हीरा फ़ार्म ससोली में संपन्न हुई। जिसमे जिला यमुनानगर के सैकड़ों जाट समाज के लोगो ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुरेश बंचल ने बैठक को संबोधित करते हुए जाट महासभा को रजिस्ट्रेशन होने पर समाज के लोगो को बधाई दी। बैठक में कई अजेंडे पास किए गए। जिसमे मुख्य रूप से ज़्यादा से ज़्यादा नए सदस्य जोड़ने और जिला मुख्यालय पर जाट भवन का निर्माण करने बारे सर्वसम्मति से पारित हुए। इस मौके पर जिला प्रधान ने कहा कि जल्दी खंड स्तर पर खंड प्रधान, युवा कार्यकारिणी, महिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी नियुक्त कर जाट महासभा को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जाट समाज का शुरू से ही राष्ट्र और समाज की तरक्की के लिये हमेशा अहम योगदान रहा। इतना ही नहीं हमारा इतिहास कुर्बानियों से भरा है। चाहे वो आजादी का आंदोलन हो या सीमा पर देश की के लिए दिया गया बलिदान हो। जाट समाज ने हमेशा जरूरतमंदो के हक की लड़ाई निस्वार्थ रूप से लड़ी है।

## जीवन-मरण सृष्टि का नियम : भूपेंद्र हुड्डा

**फरीदाबाद।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उद्योगपति केसी लखानी के सुपुत्र गुंजन लखानी के आकस्मिक निधन पर शोक जताते हुए कहा कि संसार में जीवन-मरण सृष्टि का नियम है, जिनसे जन्म लिया है, उसकी मृत्यु निश्चित है लेकिन कुछ पुण्य आत्माएं अपने कार्यो की बदौलत सदैव हमारे दिलों में जिंदा रहती है और गुंजन भी ऐसी ही पुण्य आत्माओं में से एक है। वे रविवार को फरीदाबाद के सेक्टर-14 स्थित केसी लखानी के निवास पर उनके पुत्र के निधन पर शोक जताने पहुंचे। इस दौरान भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि इतनी कम उम्र में गुंजन का परिवार को छोड़कर जाना लखानी परिवार के लिए एक बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई होना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि लखानी परिवार सदैव उनके करीबियों में रहा है और इस समाचार से उन्हें भी बहुत दुख पहुंचा है। श्री हुड्डा ने कहा कि गुंजन लखानी एक मृदुभाषी और व्यक्तित्व के धनी इंसान थे।

# भाजपा को जमुना पार करने की बात कर 24 घंटे में भाजपा के साथ नजर आई जेजेपी : प्रेमलता

**जींद ( हिंस )।** डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी पार्टी पर निरंतर भाजपा पूर्व विधायक प्रेमलता हमलवार हो रही है। उचाना कलां में आयोजित सखी-सहेली मिलन समारोह में उमड़ी महिलाओं की रिकॉर्ड तोड़ भीड़ से उत्साहित प्रेमलता ने कहा कि विस चुनाव में जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला भाजपा को जमुना पार करने की बात कर रहे थे। चुनाव परिणाम आने के बाद 24 घंटे के अंदर ही भाजपा के साथ खड़े नजर आए। डिप्टी सीएम बनने के लिए लालच में भाजपा को समर्थन जेजेपी ने दिया। बीती सरकार में जिन कामों के शिलान्यास हुए थे वो काम रूके हुए है। भाजपा पूर्व विधायक ने कहा कि डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला झूठा का पुलिंदा है। वो सारा दिन झूठ बोलते है। एक साल चुनाव का रह गया है आप लोगों के बीच आकर फिर झूठ बोलेगा। आप लोग इस बार फिर अगर धोखे में आए गए तो हलके को नुकसान हो जाएगा जिसकी पूर्ति कभी नहीं होगी। डिप्टी सीएम तो दुष्यंत चौटाला बन गए लेकिन उचाना को बिल्कुल भी नहीं संभाला। चुनाव से पहले मां, दोनों बेटे आते थे जो



तरह-तरह के वायदे करते थे। हलके के लोगों को लगा कि पता नहीं क्या-क्या कर देंगे लेकिन वो एक धोखा था इस तरह के धोखों में अगर आओंगे तो फिर गलती खाओंगे। आज महिलाओं के बीच कोई भाषण देने नहीं बल्कि उनसे मिलने आई हूं। भाषण तो लोगों के मनों को बदलने के लिए दिए जाते है। यहां से जो विधायक है प्रदेश सरकार में डिप्टी सीएम है उससे तो वैसे ही लोगों का मन भर गया है। बीती सरकार में बिना भेदभाव के विकास करवाने का काम किया गया। राममेहर श्योकंद के आवास पर भी पूर्व विधायक पहुंची। इस मौके पर सज्जन सिंह, हरेंद्र सिंह, राममेहर श्योकंद, रघी ठेकेदार, रमेश श्योकंद, महेंद्र, सुरेंद्र, सोहन श्योकंद सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ग्रामीणों के धरने में पहुंची राज्य मंत्री

**कैथल ( हिंस )।** गांव शिमला में हुई युवक की हत्या के मामले में बाकी बचे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना रविवार को भी जारी रहा ग्रामीणों की मांग थी कि कानून के छात्र संजय की हत्या कर उसकी ससुराल वालों ने उसका शव फांसी पर लटका दिया। इस मामले में अभी तक दो युवकों की गिरफ्तारी की गई है। जबकि हत्या के असली आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। रविवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा गांव शिमला के बस अड्डे पर चल रहे धरने में पहुंची। राज्य मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सोमवार तक हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। धरने की अध्यक्षता कर रहे भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप के पूर्व ब्लाक प्रधान जिले सिंह ने कहा कि गांव के लोगों ने फैसला लिया है कि यदि पुलिस ने सोमवार तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया तो वे चंडीगढ़ हिसार मार्ग जाम कर देंगे।

# फतेहाबाद में महिलाओं ने संभाली पक्का मोर्चा की कमान

### 10 दिन से जारी है पक्का मोर्चा, फतेहाबाद, आदमपुर और हिसार की महिलाएं धरने में हुई शामिल

**फतेहाबाद ( हिंस )।** बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के मुआवजे की मांग को लेकर 18 अगस्त से डीसी दफ्तर के बाहर किसानों द्वारा शुरू किए गए पक्का मोर्चा की कमान रविवार को महिलाओं के हाथों में रही। रविवार को सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं पक्का मोर्चा स्थल पर पहुंची और सरकार की किसान व महिला विरोधी नीतियों पर रोष जताते हुए जमकर कोसा। रविवार को पड़ाव में फतेहाबाद के साथ-साथ हिसार, आदमपुर, रतिया, भूना व टोहाना ब्लाक से भी काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। आज के धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान संदीप कौर, कमलजीत कौर, जसप्रीत कौर व शमिन्द्रपाल कौर ने संयुक्त रूप से की। हिसार से जिला प्रधान बिमला तरड़ अपनी पूरी टीम के साथ पहुंची। किसान पिछले 10 दिनों से लघु सचिवालय के मेन गेट पर पड़ाव डाले बैठे हैं लेकिन सरकार द्वारा बाढ़ पीड़ित किसानों को कोई राहत न दिए जाने से किसानों में गुस्सा लगातार बढ़ रहा है और पड़ाव पर भी रोजाना किसानों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। आज महिलाओं द्वारा पड़ाव पर बैठे किसानों के लिए



छोले, हलवा-पूरी का लंगर भी चलाया गया। पड़ाव को संबोधित करते हुए जिला प्रधान संदीप कौर व हिसार जिला प्रधान बिमला तरड़ ने प्रदेश की मनोहर लाल सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लगातार लागू की जा रही किसान विरोधी नीतियों ने किसानों की पूरी तरह बर्बाद करके रख दिया है। बाढ़ के कारण फतेहाबाद जिले में लाखों एकड़ भूमि पर खड़ी फसल नष्ट होने से किसानों को काफी आर्थिक नुकसान पहुंचा है वहीं खेतों में बनी ढाणियां, मकान व ट्यूब्वैल भी पूरी तरह नष्ट हो चुके है। किसानों को राहत देने की बजाए उसके विधायक विधानसभा में झूठ बोल रहे हैं कि खेतों में बाढ़ का पानी नहीं है।

## नेशनल वूमेन डांस लीग का पोस्टर लांच

**जयपुर ( हिंस )।** वूमेन पावर सोसाइटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मोनिका अरोड़ा, प्रदेश अध्यक्ष अर्चना सक्सेना और प्रदेश संयोजक संतोष कुमार ने नेशनल वूमेन डांस लीग का पोस्टर विमोचन किया। यह पोस्टर विमोचन फिल्मी हस्तियां की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर राजस्थानी फिल्म तीतरी की अभिनेत्री संगीता चौधरी, राजस्थानी बाहुबली के प्रसिद्ध अभिनेता अमिताभ तिवारी, डांस दीवाने फेम किरण कुमार, अभिनेत्री वाणी शर्मा उपस्थित थे। इस कार्यक्रम द्वारा महिलाओ को डांस से जोड़कर समाज में जागृति का संदेश दिया जायेगा। इसमें जो भी सहयोग होगा उससे जरूरतमंद, गरीब, महिलाएं, बच्चों को संरक्षण, शिक्षा, फ्री भोजन आदि उद्देश्यों की पूर्ति की जाएगी।

## सांस्कृतिक आधार पर होगा अखंड भारत : मुरली मनोहर



**जयपुर ( हिंस )।** अंग्रेजी शासन ने देश में सांस्कृतिक विभ्रम उत्पन्न करने का प्रयास किया। उन्होने भारतीय संस्कृति पर आघात कर भारत को खंडित करने का प्रयास किया। यह विचार हिंदू जागरण मंच राजस्थान क्षेत्र के मुख्य संगठक मुरली मनोहर ने व्यक्त किए। मुरली मनोहर रविवार को जयपुर में प्रबुद्ध जन एवं युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी सांस्कृतिक एकता से ही अखंड भारत का मार्ग प्रशस्त होगा। अखंड भारत संकल्प एवं आंतरिक सुरक्षा विषय पर इस सम्मेलन का आयोजन हिंदू जागरण मंच के तत्वावधान में किया गया था। रविवार को मालवीय नगर स्थित पाथेय भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में त्रिवेणी धाम के स्वामी रामरिछपाल दास मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों तथा युवाओं की उपस्थिति रही।

## राजस्थान हाईकोर्ट एसोसिएशन : महिला अधिवक्ता सावन महोत्सव में झूमीं



**जोधपुर ( हिंस )।** राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसियेशन की तरफ रविवार को महिला अधिवक्ताओं के लिए होटल प्रेसीडेंसी सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। सावन महोत्सव झूंझार में महिला अधिवक्ताओं ने दिनभर खूब मौजमस्ती की। महिला अधिवक्ता ना सिर्फ फिल्मी गीतों पर थिरकीं बल्कि मारवाड़ी गीतों के साथ ही रैंप पर वॉक कर भी अपना जलवा बिखेरा। हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसियेशन की महिला अधिवक्ता वंदनासिंह सांखला और एसोसियेशन से जुड़ी माया गहलोत ने बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसियेशन की तरफ से महिला अधिवक्ताओं के लिए यह आयोजन किया गया है जोकि सराहनीय है। आज महिलाएं पुरूषों के समान कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके आयोजन से महिला अधिवक्ताओं ने एक नई चेतना का संचार हुआ है। सावन महोत्सव झूंझार के इस आयोजन में महिला अधिवक्ताओं ने खूब हंसी ठिठोली के साथ गीत संगीत पर थिरकीं है।

# शारीरिक संबंध बनाने मना किया तो पत्नी को पीटा, केस दर्ज

### एमएलआर में पांच जगह चोट की पुष्टि, कान का पर्दा फटा

**सोनीपत ( हिंस )।** पत्नी ने शारीरिक संबंध बनाने से मना किया तो पति ने अपनी पत्नी की पिटाई कर दी। डाक्टरी जांच के बाद दी गई मेडिकल लीगल रिपोर्ट में पत्नी के शरीर पर पांच चोट के निशान मिले हैं। पीड़ित विवाहिता का आरोप है कि उसका पति उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए जोर जबरदस्ती करता है। मना करने पर पीटता है और घर से निकाल देता है। पुलिस ने थाना बहालगढ़ में महिला के पति व सास के खिलाफ केस दर्ज किया है। रविवार को जांच अधिकारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। बहालगढ़ क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब बच्चे घर पर नहीं होते तो उसका पति ने उसके साथ मारपीट करते हैं। कभी खेत में, कभी घर में, जब वह शारीरिक संबंध बनाने से मना करती है तो उसके साथ मारपीट कर घर से निकालते हैं। कई बार उसके साथ ऐसा हो लिया। वह मेरे बच्चों को भी मारने को कहता है। उसके पति व सास ने उसे पीटा तो कान का पर्दा फट गया। जिस कारण उसको कान का ऑपरेशन कराना पड़ा। महिला ने कहा कि वह मारपीट कर घर से भाग गया है। महिला ने इसकी शिकायत पुलिस कंट्रोल रूम को दी थाना बहालगढ़ के जांच अधिकारी ज्योति के अनुसार पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने पत्नी के साथ मारपीट की है। वह रोहतक के सरकारी अस्पताल में दाखिल है। उसकी एमएलआर रिपोर्ट में डॉक्टर ने 5 चोट लगने की पुष्टि की है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके पति व सास के खिलाफ विभिन्न धाराओं के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही इसमें कोई गिरफ्तारी अभी नहीं हुई है।

## नाबालिग छात्र की पिटाई करने वाले लेक्चरर को कठुआ पुलिस ने किया गिरफ्तार, दूसरा फरार

**कठुआ ( हिंस )।** कठुआ पुलिस ने एसएसपी कठुआ शिवदीप सिंह जम्वाल जेकेपीएस की देखरेख में एक व्याख्याता जिसने बनी में एक नाबालिग छात्र की पिटाई की थी, को पकड़कर कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार नाबालिग छात्र के पिता कुलदीप सिंह द्वारा एक शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें बताया गया था कि उनके बेटे (नाम गुप्त) को गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल बनी के लेक्चरर फारूक अहमद और उसी संस्था के प्राचार्य मोहम्मद हाफिज ने पीटा था। शिकायत के बाद पीएस बनी में एफआईआर 51/2023 यू/एस 342/ 323/504/506, 75/किशोर न्याय अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसडीपीओ बिलावर सुरिंदर खडयाल के मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर अर्जुन मगोत्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल बनी (परिसर) का दौरा किया और एक व्यक्ति फारूक अहमद (लेक्चरर जीएचएसएस बनी) को सफलतापूर्वक पकड़ लिया।

# एडवोकेट्स एसोसिएशन के सदस्यों की असंवैधानिक कार्रवाई की बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने की निंदा

**कठुआ ( हिंस )।** जिला बार एसोसिएशन कठुआ के अध्यक्ष एडवोकेट अजात शत्रु शर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए बताया कि वर्तमान और विधिवत निर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट अजात शत्रु शर्मा और उनकी वर्तमान कार्यकारी समिति अभी भी जिला बार एसोसिएशन कठुआ के दिन-प्रतिदिन के मामलों का प्रभार संभाल रही है। उन्होंने बताया कि बीते 26 अगस्त 2023 को कठुआ एडवोकेट्स एसोसिएशन के कुछ सदस्यों ने कुछ अन्य अधिवक्ताओं के साथ एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की जिसमें जिला बार एसोसिएशन कठुआ की मौजूदा टीम ने *कठुआ एडवोकेट्स एसोसिएशन* के सदस्यों की उक्त असंवैधानिक कार्रवाई की निंदा की, जिनके पास कोई कानूनी अधिकार नहीं है। नैतिक पवित्रता के तौर पर अन्य एसोसिएशन यानी जिला बार एसोसिएशन कठुआ की निर्वाचित टीम को नेतृत्वहीन या बिना किसी अध्यक्ष के बुलाया गया। जिला बार एसोसिएशन कठुआ कठुआ एडवोकेट्स एसोसिएशन को परस्पर विरोधी हितों की एसोसिएशन के रूप में मान्यता नहीं देता है। अध्यक्ष ने बताया कि 50-60 अधिवक्ताओं के खिलाफ एक आपराधिक शिकायत अभी भी जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की अनुशासनात्मक



समिति के समक्ष लंबित है और बार की वर्तमान टीम वहां मामले का बचाव कर रही है। शिकायत का निपटान वापस होने तक, वर्तमान मौजूदा अध्यक्ष और उनकी टीम जिला बार एसोसिएशन कठुआ के कल्याण के लिए काम करती रही, जैसा कि कुछ महीने पहले जिला बार एसोसिएशन कठुआ की आम सभा ने निर्णय लिया था। जिला बार एसोसिएशन कठुआ के सदस्य भी जिला बार एसोसिएशन कठुआ की महिला विंग के झूठे प्रचार की निंदा करते हैं क्योंकि हमारी बार ने पहले ही उपाध्यक्ष का एक पद महिला अधिवक्ता सुश्री रमित जसरोटिया के लिए आरक्षित कर दिया है। अब एक और साजिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी और बार को नेतृत्वहीन या अध्यक्ष विहीन बताने की झूठी कहानी प्रचारित करने में दोषी पाए गए सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह भी स्पष्ट किया गया है कि कुछ दिनों से जिला बार एसोसिएशन कठुआ के अध्यक्ष एडवोकेट अजात शत्रु शर्मा अपने निजी जरूरी काम के कारण कठुआ से बाहर थे और उनके पीछे उनकी सहमति के बिना बार रूम में एक गुप्त बैठक बुलाना पूरी तरह से असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। जिला बार एसोसिएशन कठुआ ने सर्वसम्मति से कठुआ एडवोकेट्स एसोसिएशन के सदस्यों और कुछ अन्य अधिवक्ताओं की कार्रवाई की निंदा की, जिन्हें जम्मू बंद और टोल प्लाजा मुद्दे के नाम पर गुमराह किया गया था।




# पीपीएफ अकाउंट पर मिलती है लोन की सुविधा : अच्छे ब्याज और टैक्स छूट के अलावा भी पीपीएफ में निवेश के ये 5 फायदे

**नई दिल्ली।**

पब्लिक प्रॉविडेंट फंड में अच्छे ब्याज और टैक्स छूट के अलावा भी कई ऐसे फायदे मिलते हैं जो इसे अन्य योजनाओं से बेहतर बनाते हैं। इस योजना की सबसे अच्छी बात है की इसमें आपको पैसा पूरी तरह सुरक्षित रहता है। इसके अलावा पीपीएफ अकाउंट पर आपको लोन की सुविधा भी मिलती है। हम आपको ऐसी ही 5 खास बातों के बारे में बता रहे हैं।

**सरकारी सुरक्षा की गारंटी** – पीपीएफ को सीधे केंद्र सरकार रेगुलेट करती है और इस ब्याज भी सरकार ही तय करती है। इसलिए स्कीम में निवेश पर सुरक्षा की पूरी गारंटी होती है। अगर आप टैक्स छूट और अच्छे रिटर्न वाले निवेश की तलाश में हैं तो पीपीएफ में निवेश बेस्ट है। पीपीएफ से ज्यादा रिटर्न सिर्फ सुकन्या समृद्धि योजना और सीनियर सिटीजन स्कीम में मिलता है। लेकिन, इसमें सभी निवेश नहीं कर सकते।

**स्कीम को चलाना है आसान** – इस स्कीम में आपको एक साल में मिनिमम 500 रुपए निवेश करने होते हैं। यानी अगर किसी साल में आप पर पैसों की तंगी है। वहीं इसमें एक साल में अधिकतम 1.5 लाख रुपए निवेश कर सकते हैं। एक वित्त वर्ष में अधिकतम 12 किस्तों में पैसा जमा कर सकते हैं। इसमें अभी 7.1प्रतिशत सालाना ब्याज मिल रहा है।

**पीपीएफ अकाउंट पर मिलती है लोन की सुविधा** – पीपीएफ अकाउंट में जमा पर आप लोन भी ले सकते हैं। आपने जिस वित्त वर्ष में पीपीएफ अकाउंट खुलवाया है, उस वित्त वर्ष की समाप्ति के एक वित्त वर्ष बाद से लेकर पांचवें वित्त वर्ष की समाप्ति तक आप पीपीएफ से लोन लेने के हकदार हैं। अगर आपने जनवरी 2019 में पीपीएफ अकाउंट खुलवाया है तो आप 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2024 तक लोन ले सकते हैं। जमा पर अधिकतम 25प्रतिशत का लोन ले सकते हैं। लोन के लिए प्रभावी ब्याज दर पीपीएफ पर मिल रहे ब्याज से केवल 1प्रतिशत ज्यादा रहती है। ब्याज को दो मंथली इंस्टॉलमेंट या एकमुश्त चुकाया जा सकता है।

**कम्पाउंडिंग ब्याज का फायदा** – पीपीएफ में निवेश करना फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि, इस पर मिलने वाला ब्याज हर तिमाही के आधार पर बदलता है। मतलब अगर आपको किसी क्वॉर्टर में कम ब्याज मिला तो हो सकता है अगली तिमाही में ज्यादा ब्याज मिले। साथ ही ब्याज पर ब्याज यानि कम्पाउंडिंग इंट्रस्ट का भी फायदा मिलता रहता है।

**जितना चाहें उतनी लंबी अवधि के लिए कर सकते हैं निवेश** – पीपीएफ खाते का मैच्योरिटी पीरियड 15 साल है। लेकिन आप इसे जितना चाहे आगे बढ़स सकते हैं। अगर पैसे की जरूरत तुरंत नहीं है तो अकाउंट होल्डर मैच्योरिटी के बाद आप अपना अकाउंट आगे बढ़ा सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सभी बासमती चावल एक्सपोर्ट पर शर्तों के साथ टेम्परेरी बैनः जुलाई में नॉन-बासमती पर रोक लगाई थी, 25 अगस्त से पार-ब्वाइल्ड राइस पर भी 20प्रतिशत एक्पोर्ट ड्यूटी



**नई दिल्ली।** सरकार ने सभी किस्म के बासमती चावल के एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर इसकी जानकारी दी है। यह बैन उन सभी चावल के एक्सपोर्ट पर होगा, जो 1200 डॉलर यानी करीब 99,058 रुपए प्रति टन से कम की रेट से एक्सपोर्ट किए जाते है। यह बैन अस्थाई रूप से लगाया गया है। इसके पहले सरकार ने पार–बॉयल्ड राइस यानी उबले चावल के एक्पोर्ट पर 20प्रतिशत ड्यूटी लगाने का फैसला किया, जो 16 अक्टूबर 2023 तक जारी रहेगा। सरकार के इस फैसले से ग्लोबल मार्केट में चावल की कीमतें और बढ़ जाएंगी। इस साल सरकार ने चावल की कई किस्मों के एक्सपोर्ट पर बैन या प्रतिबंध लगाया है। पिछले साल भारत ने 74 लाख टन उबले चावल का एक्सपोर्ट किया था। मुंबई के एक डीलर ने बताया कि चावल की दूसरी किस्मों पर बैन के कारण उबले चावल की खरीद रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गई थी। डोमेस्टिक स्टॉक को मेंटेन रखने के लिए सरकार को यह फैसला लेना पड़ा। इस एक्सपोर्ट ड्यूटी के बाद पार–बॉयल्ड राइस की कीमत पाकिस्तान और थाईलैंड जितनी हो जाएगी। अब इंपोर्ट के लिए विदेशी व्यापारियों के पास कोई सस्ता ऑप्शन नहीं बचेगा। दुनिया के टोटल चावल एक्पोर्ट में भारत की हिस्सेदारी 40प्रतिशत से ज्यादा है। जुलाई में सरकार ने नॉन–बासमती व्हाइट राइस (सफेद चावल) के एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया था। देश में चावल की कीमतों में तेजी को रोकने और डोमेस्टिक सप्लाई बढ़ाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया था। इस बैन से दुनिया भर में चावल की कीमतें 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है।

### एमएसएमई सेक्टर को बचाने के लिए एकल जीएसटी लागू करना जरूरी, बोले- देश के विकास के लिए ये जरूरी

**नई दिल्ली ।** राहुल गांधी का कहना है कि देश के मध्यम, सूक्ष्म और अतिसूक्ष्म उद्यमों को बचाने के



लिए देश में औद्योगिक केंद्र बनाने और एकल जीएसटी लागू करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर में देश के विकास के इंजन को चलाने की ताकत है। राहुल गांधी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड रवाना हुए। इस दौरान वह रास्ते में ऊटी स्थित चॉकलेट बनाने वाली फैक्ट्री में गए। इसी दौरान उन्होंने उक्त बात कही। राहुल गांधी ने अपने इस दौरे की वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया। वीडियो में राहुल गांधी ने बताया कि वायनाड जाते हुए, मैं ऊटी के मशहूर चॉकलेट ब्रांड मूडी चॉकलेट की फैक्ट्री में गया। इस बिजनेस को एक दंपति मुरलीधर राव और स्वाती चलाते हैं। शानदार बात ये भी है कि यहां सभी कर्मचारी महिलाएं हैं। 70 महिलाओं की समर्पित टीम एक बहुत ही बेहतरीन चॉकलेट कोवर्चर बनाते हैं और यह मेरी अब तक की चखी हुई सबसे अच्छी चॉकलेट है। राहुल गांधी ने कहा कि हालांकि देश के अन्य मध्य और सूक्ष्म बिजनेस की तरह मूडी भी गब्बर सिंह टैक्स के बोझ से जूझ रही है। जहां सरकार बड़े उद्योगों का समर्थन कर रही है और एमएसएमई सेक्टर का नुकसान हो रहा है। ये देखना सुखद है कि इन महिलाओं जैसे मेहनती भारतीय देश के विकास को बनाए हुए हैं। औद्योगिक केंद्र बनाने और एकल जीएसटी लागू कर एमएसएमई सेक्टर को बचाया जा सकता है, जो भारत के विकास के इंजन को चलाने की ताकत रखता है।

### एसबीआई चेयरमैन दिनेश खारा को मिलेगा सेवा विस्तार! सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाने पर विचार कर रही सरकार

**नई दिल्ली ।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश खारा का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है, क्योंकि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों और एलआईसी के प्रमुखों की सेवानिवृत्ति की आयु में छूट देने पर विचार कर रही है। सरकार के समक्ष रखे गए प्रस्ताव में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रबंध निदेशकों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा को मौजूदा 60 साल से बढ़ाकर 62 साल करना भी शामिल है। दिग्गज बैंकर खारा ने अक्तूबर 2020 में तीन साल के लिए एसबीआई के चेयरमैन के रूप में पदभार संभाला था। मौजूदा नियमों के तहत एसबीआई चेयरमैन 63 साल की उम्र तक इस पद पर रह सकते हैं। खारा अगले साल अगस्त में 63 साल के हो जाएंगे। उन्होंने कहा, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के प्रमुखों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाने पर चर्चा हो रही है। इसके साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशकों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 साल से बढ़ाकर 62 साल करने पर भी चर्चा चल रही है।

---

आज के गरीब कल मध्यम वर्ग में होंगे

# ये भारत की ग्रोथ में मदद करेंगे, बी20 इंडिया समिट में बोले पीएम मोदी– सरकार की नीतियां कर रहीं काम

**नई दिल्ली।**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बी20 इंडिया समिट को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार की गरीबों को समर्थन देने वाली नीतियों के कारण आने वाले सालों 5 से 7 सालों में भारत में सबसे ज्यादा मध्यम वर्ग के लोग होंगे। ये भारत की ग्रोथ में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग गरीबी को पीछे छोड़ रहे हैं और भारत में जिसे वह नए मध्यम वर्ग कहते हैं, उसमें शामिल हो रहे हैं। इससे संकेत मिलता है कि गरीबी से निपटने के लिए सरकार की नीतियां काम कर रही हैं।**



मध्यम वर्ग की सामान खरीदने की कैपेसिटी बढ़ने से बिजनेसों को मदद मिलेगी। इसके साथ ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मेड इन इंडिया, कोविड–19 महामारी सहित अन्य मुद्दों पर समिट में अपनी बातें रखीं।

**वाइब्रेंट फोरम बनकर उभरा बिजनेस–20** – इसके साथ ही पीएम ने कहा कि आपकी दोस्ती जितनी भारत से मजबूत होगी, उतनी ही समृद्धि दोनों देशों को मिलेगी। मुझे खुशी है कि जी–20 देशों के बीच बिजनेस–20 एक वाइब्रेंट फोरम बनकर उभरा है। बी20 की थीम– रेज में जो आई है वह इनोवेशन को रिप्रजेंट करता है, लेकिन मैं इसमें इनोवेशन के साथ ही एक और आई को देखता हूं। इस आई में इंक्लूसिवनेस है। हमने अफ्रीकन यूनियन को भी जी–20 की स्थाई सदस्यता के इसी विजन के साथ इनवाइट किया है।

पीएम ने ये भी कहा कि भारत में त्योहारी सीजन इस बार 23 अगस्त से शुरू हो गया है। इसका कारण चंद्रयान–3 की चंद्रमा की सतह पर लैंडिंग है। इसरो ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। चंद्रयान–3 मिशन की सफलता का श्रेय भारतीय इंडस्ट्रीज के साथ–साथ एमएसएमई को भी जाता है। यह उत्सव इनोवेशन के बारे में है।

**भारत ने 150 से ज्यादा देशों को दवाएं मुहैया कराई** – पीएम मोदी ने कहा कि 2–3 साल पहले हम सबसे बड़ी महामारी से गुजर रहे थे। इस महामारी ने हर देश, समाज, बिजनेस सेक्टर और कॉरपोरेट इकाई को एक सबक दिया, सबक यह दिया है कि हमें सबसे ज्यादा आपसी विश्वास पर निवेश करने की जरूरत है। भारत ने आपसी महामारी के दौरान दुनिया पर भरोसा किया। कोविड के दौरान भारत ने 150 से ज्यादा देशों को दवाएं मुहैया कराईं।

### बी20 इंडिया समिट में प्रधानमंत्री ने भी खास बातें कहीं....

- भारत ग्रीन हाइड्रोजन सेक्टर में भी सौर ऊर्जा की सफलता को दोहराने की कोशिश करेगा। हमारा ग्लोबल सप्लाई में स्पेशल रोल रहेगा।
- पीएम ने क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक ग्लोबल फ्रेमवर्क की जरूरत पर जोर दिया। इसके साथ ही एथिकल एआई पर ध्यान देने के लिए कहा।
- प्रधानमंत्री ने बिजनेसों से सिर्फ कंज्यूमर राइट्स डे मनाने के बजाय कंज्यूमर की देखभाल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा।
- ग्लोबल साउथ की चिंताओं भारत ने जी20 एजेंडा का केंद्र बनाया
- इसी समिट में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि जी20 का मुख्य उद्देश्य आर्थिक ग्रोथ और विकास को बढ़ावा देना है और अगर ग्लोबल साउथ की चिंताओं को नहीं उठाया गया तो आगे नहीं बढ़ा जा सकता है।
- ग्लोबल साउथ उत्पादक के बजाय उपभोक्ता बनकर रह गया। इस साल और हमने उनकी चुनौतियों और प्राथमिकताओं के बारे में सुना और इन्हें जी20 एजेंडा का केंद्र बनाया गया है।

**देश विश्व की फार्मेसी के रूप में उभरा** – एस. जयशंकर महामारी को याद करते हुए कहा कि कोविड–19 महामारी के दौरान भारत ने 100 से अधिक देशों में मेड इन इंडिया टीकों के एक्सपोर्ट किया, जिसके माध्यम से देश विश्व की फार्मेसी के रूप में उभरा है।

**कारोबारी क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को एक साथ लाएगा प्लेटफॉर्म** – इससे पहले पीएम ने लिखा– यह प्लेटफॉर्म कारोबारी क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को एक साथ लाएगा। बी20 इंडिया के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने कहा कि इसका विषय सभी व्यवसायों के लिए जिम्मेदार, त्वरित, नवीन, टिकाऊ और न्यायसंगत पहुंच सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

**बी20 क्या है** – बी20 सबसे महत्वपूर्ण जी20 समूहों में से एक है, जिसका उद्देश्य आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। बी20 का अर्थ बिजनेस 20 है, जो ग्लोबल बिजनेस कम्यूनिटी के साथ ऑफिसियल जी20 डॉयलाग फॉरम है। बी20 को साल 2010 में बनाया गया था।

इससे पहले 25 अगस्त को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बी20 शिखर सम्मेलन को संबोधित किया था। जिसमें कई दिग्गज बिजनेसमैन शामिल हुए थे। वित्त मंत्री ने कहा– बीते कुछ समय में भारत ने ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात जैसे कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर साइन किए हैं।

ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता पूरा होने के बहुत करीब है। वहीं, कनाडा के साथ भी व्यापार समझौते पर बातचीत जल्द पूरी होने की उम्मीद है। इसके अलावा कई अन्य देशों के साथ अंतिम रूप देने के लिए वित्त मंत्रालय और वाणिज्य मंत्रालय मिलकर काम कर रहे हैं।

---

अब एक्स पर भी मिलेगी नौकरियों की जानकारी

# कंपनी ने शुरू किया जॉब हायरिंग फीचर, लिंकडिन को मिल सकती है कड़ी टक्कर



**नई दिल्ली।**

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स ने हायरिंग के बीटा वर्जन को लॉन्च करके एक नई सर्विस शुरू की है। इसके जरिए कंपनियां एक्स पर जॉब वैकेंसी डाल पाएंगी, जिससे लोगों को नौकरी मिलने और कंपनियों को सही एम्प्लॉई मिलने में आसानी होगी। एक्स के इस नए कदम से लिंकडिन को चुनौती मिल सकती है।

**वेरिफाइड ऑर्गेनाइजेशंस को मिलेगी सुविधा** – इस नई सुविधा का फायदा वेरिफाइड ऑर्गेनाइजेशंस ही उठा सकेंगे। वेरिफाइड ऑर्गेनाइजेशंस वो कंपनियां और ऑर्गेनाइजेशंस हैं जिन्होंने ट्विटर के वेरिफाइड ऑर्गेनाइजेशंस का सब्सक्रिप्शन लिया है। ये ऑर्गेनाइजेशंस एक्स हाइरिंग बीटा प्रोग्राम के लिए साइनअप कर सकती हैं। इस प्रोग्राम के बारे में पोस्ट किया है। एक्स हाइरिंग ने कहा– एक्स हाइरिंग बीटा, जो खासतौर पर वेरिफाइड ऑर्गेनाइजेशंस के लिए है। इसे इस्तेमाल करने के लिए अनलॉक करें। इसकी मदद से ऑर्गेनाइजेशंस अपने यहां की चैलेजिंग पोजिशन के लिए लाखों लोगों तक पहुंच सकती हैं।

**वेरिफाइड कराने के लिए ऑर्गेनाइजेशन को देनी होती है फीस** – अब किसी भी कंपनी को एक्स पर वेरिफाइड ऑर्गेनाइजेशन का टेग पाने के लिए सब्सक्रिप्शन लेना होता है। इसके लिए उसे 82,300 रुपए प्रति महीना चुकाना होता है। ऑर्गेनाइजेशंस के पेड अकाउंट के बेनिफिट्स की बात करें तो कंपनियां और ऑर्गेनाइजेशंस अपने कर्मचारियों के अकाउंट्स को एफिलिएट और वेरिफाई कर सकती हैं। इस तरह वेरिफाई हुए अकाउंट्स को टिक के साथ ऑर्गेनाइजेशन का यूनीक बैज भी मिलता है। माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एआई के जरिए वेरिफाइड कॉन्टेन्ट क्रिएटर्स पैसा भी कमा सकेंगे। इसके लिए कंपनी ने जुलाई में एड रेवेन्यू शेयरिंग प्रोग्राम लॉन्च किया है। इस प्रोग्राम के तहत क्रिएटर्स को उनके ट्वीट के रिप्लाई में दिखाए जाने वाले विज्ञापनों के लिए पेमेंट दिया जाएगा।

---

खाद्य तेल–तिलहन कीमतों में गिरावट का रुख रहा

# विदेशी बाजारों में खाद्य तेल के दाम मजबूत रहे

**नई दिल्ली ।**



आयातकों द्वारा बीते सप्ताह लागत से कम कीमत पर खाने के तेलों की बिकवाली से दिल्ली तेल–तिलहन बाजार में लगभग सभी खाने के तेल–तिलहनों के थोक भाव में गिरावट का रुख रहा। हालांकि, इस दौरान विदेशी बाजारों में खाद्य तेल के दाम मजबूत रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते पूरे सप्ताह के दौरान विदेशों में गिरावट का माहौल नहीं था, लेकिन आयातक अपना ऋण साख पत्र बैंकों में चलाते रहने के लिए लागत से कम दाम पर आयातित सूरजमुखी और सोयाबीन जैसे सॉफ्ट ऑयल बेच रहे हैं। पिछले सप्ताहांत के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 75 रुपए की गिरावट के साथ 5,610–5,660 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 150 रुपए की गिरावट के साथ 10,650 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 20–20 रुपए की गिरावट के साथ क्रमशः 1,770–1,865 रुपए और 1,770–1,880 रुपए टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव 10–10 रुपए की गिरावट के साथ क्रमशः 5,080–5,175 रुपए प्रति क्विंटल और 4,845–4,940 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल के भाव भी क्रमशः 275 रुपए, 175 रुपए और 450 रुपए की गिरावट के साथ क्रमशः 10,125 रुपए, 10,025 रुपए और 8,150 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुए। माल की कमी के बावजूद आयातित सस्ते खाद्य तेलों के आगे समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन, मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड के भाव क्रमशः 100 रुपए, 300 रुपए और 25 रुपए की हानि के साथ क्रमशः 7,765–7,815 रुपए, 18,550 रुपए और 2,710–2,995 रुपए प्रति टिन पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का भाव 75 रुपए की गिरावट के साथ 8,150 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 150 रुपए घटकर 9,300 रुपए प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला का भाव समीक्षाधीन सप्ताहांत में 75 रुपए हानि के साथ 8,450 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

---

# इसरो 2 सितक्बर को लॉन्च कर सकता हैं सोलर मिशन : 4 महीने में लैग्रेंजियन पॉइंट पर पहुंचेगा आदित्य एल1

**बेंगलुरु ।**

चंद्रयान–3 की चंद्रमा पर कामयाब लैंडिंग के बाद इसरो अब सूर्य के अध्ययन के लिए एक हफ्ते के भीतर यानी 2 सितंबर को सौर मिशन शुरू करने की तैयारी कर रहा है। आदित्य एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली स्पेस बेस्ड इंडियन लेबोरेट्री होगी। इसे सूर्य के चारों ओर बनने वाले कोरोना के रिमोट ऑब्जर्वेशन के लिए डिजाइन किया गया है। आदित्य यान, एल1 यानी सूर्य–पृथ्वी के लैग्रेंजियन पॉइंट पर रहकर सूर्य पर उठने वाले तूफानों को समझेगा। यह पॉइंट पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। यहां तक पहुंचने में इसे करीब 120 दिन यानी 4 महीने लगेंगे। यह लैग्रेंजियन पॉइंट के चारों ओर की कक्षा, फोटोस्फीयर, क्रोमोस्फीयर के अलावा सबसे बाहरी परत कोरोना की अलग–अलग वेब बैंड्स से 7 पेलोड के जरिए टेस्टिंग करेगा।

**पूरी तरह स्वदेशी है आदित्य एल1** – इसरो के एक अधिकारी के मुताबिक



आदित्य एल1 देश की संस्थाओं की भागीदारी से बनने वाला पूरी तरह स्वदेशी प्रयास है। बेंगलुरु के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ ने इसके पेलोड बनाए हैं। जबकि इंटर–यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स पुणे ने मिशन के लिए सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजर पेलोड विकसित किया है। यूवी पेलोड का इस्तेमाल कोरोना और सोलर क्रोमोस्फीयर पर, जबकि एक्स–रे पेलोड का इस्तेमाल सूर्य की लपटों को देखने के लिए किया जाएगा। पार्टिकल डिटेक्टर और मैग्नेटोमीटर पेलोड, चार्ज्ड पार्टिकल के हेलो ऑर्बिट तक पहुंचने वाली मैग्नेटिक फील्ड के बारे में जानकारी देंगे।

**आदित्य यान एल1 पॉइंट पर ही क्यों भेजा जाएगा** – आदित्य यान को सूर्य और पृथ्वी के बीच हेलो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा। इसरो का कहना है कि एल1 पॉइंट के आस–पास हेलो ऑर्बिट में रखा गया सैटेलाइट सूर्य को बिना किसी ग्रहण के लगातार देख सकता है। इससे रियल टाइम सोलर एक्टिविटीज और अंतरिक्ष के मौसम पर भी नजर रखी जा सकेगी। उम्मीद की जा रही है कि आदित्य एल1 के पेलोड कोरोनल हीटिंग, कोरोनल मास इजेक्शन, प्री–फ्लेयर और फ्लेयर एक्टिविटीज की विशेषताओं, पार्टिकल्स की मूवमेंट और स्पेस वैदर को समझने के लिए जानकारी देंगे।

---

चंद्रयान–3 मिशन के 3 में से 2 मकसद पूरे

# इसरो ने अब तक विक्रम-प्रज्ञान से लिए गए 10 फोटो और 4 वीडियो शेयर किए

**बेंगलुरु ।**

इसरो ने शिव–शक्ति पॉइंट (चांद पर लैंडर जिस जगह उतरा) पर घूम रहे प्रज्ञान रोवर का दूसरा वीडियो शेयर किया है। इससे पहले इसरो ने 25 अगस्त को चंद्रयान–3 के विक्रम लैंडर से बाहर निकलते हुए प्रज्ञान रोवर का वीडियो शेयर किया था। लैंडर 23 अगस्त को शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रमा पर उतरा था। इसरो ने बताया कि प्रज्ञान रोवर अगले 11 दिनों में लैंडर के आसपास आधा किमी घूमेगा। ये एक सेमी प्रति सेकेंड की गति से चलता है और अपने आस–पास की चीजों को स्कैन करने के लिए नेविगेशन कैमरों का इस्तेमाल कर रहा है। इसरो अब तक मून मिशन की 10 फोटो और 4 वीडियो शेयर कर चुका है।

**इसरो ने ये भी कहा कि चंद्रयान–3 मिशन के 3 उद्देश्य थे,**

जिनमें से 2 सफलतापूर्वक पूरे हो गए हैं– 1. चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग। 2. चांद की सतह पर रोवर को चलाने में कामयाब रहे। 3. चांद की सतह पर वैज्ञानिक परीक्षण फिलहाल चल रहा है। सभी पेलोड सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं।

**26 अगस्तः चांद की सतह पर चलता दिखा प्रज्ञान रोवर** – चांद पर लैंडर जिस जगह उतरा उसके आस–पास रोवर चक्कर लगा रहा है। लैंडिंग चांद के साउथ पोल पर हुई है। दरअसल, चंद्रमा के पोलर रीजन दूसरे रीजन्स से काफी अलग हैं। यहां कई हिस्से ऐसे हैं जहां सूरज की रोशनी कभी नहीं पहुंचती और तापमान –200 डिग्री सेल्सियस से नीचे तक चला जाता है। ऐसे में वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यहां बर्फ के फॉर्म में पानी अभी भी मौजूद हो सकता है।

**25 अगस्त : रोवर के बाहर आने का वीडियो, चांद की मिट्टी पर अशोक स्तंभ की छाप छोड़ी** – प्रज्ञान रोवर के पीछे के दो पहियों पर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ और इसरो के लोगो के इंडेंट हैं। जैसे ही रोवर चंद्रमा पर उतरा तो उसके पहियों ने चांद की मिट्टी पर इन प्रतीकों की छाप छोड़ी।

**25 अगस्त : विक्रम लैंडर का रैंप का वीडियो शेयर किया** – इसरो ने रोवर के बाहर आने से पहले विक्रम लैंडर के रैंप का वीडियो शेयर किया था। इसी से रोवर नीचे उतरा। चंद्रयान–3 मिशन के तीन हिस्से है। प्रोपल्शन



मॉड्यूल, लैंडर और रोवर। इन पर कुल 7 पेलोड लगे हैं। एक पेलोड जिसका नाम शेप है वो चंद्रयान–3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल पर लगा है। ये चंद्रमा की कक्षा में चक्कर लगाकर धरती से आने वाले रेडिएशन की जांच कर रहा है। वहीं लैंडर पर तीन पेलोड लगे हैं। रंभा, चास्टे और इल्सा। प्रज्ञान पर दो पेलोड हैं। एक इंस्ट्रूमेंट अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा का भी है जिसका नाम है लेजर रेट्रोरिफ्लेक्टर अरे। ये चंद्रयान–3 के लैंडर पर लगा हुआ है। ये चंद्रमा से पृथ्वी की दूरी मापने के काम आता है।

**24 अगस्त : लैंडिंग का वीडियो** – चंद्रयान–3 को आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को लॉन्च किया गया था। 23 जुलाई को चंद्रयान–3 के लैंडर की चांद की सतह पर लैंडिंग हुई। यानी इसे धरती से चांद तक पहुंचने में 41 दिन लगे। 24 जुलाई को जारी हुए इस वीडियो में चांद की सतह पर शुरुआत में लहरों जैसा नजारा दिखा, पास पहुंचते ही वहां काफी सारे बड़े और छोटे गड्ढे नजर आए।

**21 अगस्त : चांद पर यान के लैंडिंग पॉइंट की तस्वीर शेयर की** – चंद्रयान–3 ने लॉन्च होने के 41वें दिन चंद्रमा पर लैंडिंग की। भारत चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरने वाला पहला देश है। लैंडिंग से 2 दिन पहले चंद्रयान–3 ने चांद के साउथ पोल की कुछ तस्वीरें जारी की थीं। ये तस्वीरें सेफ लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए ली गई थीं।

**17 अगस्त : प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर अलग हुए थे, दूसरी बार चांद की फोटो भेजी थी** – 17 अगस्त को दोपहर 1:15 बजे चंद्रयान–3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल को लैंडर और रोवर से अलग कर दिया गया था। इसरो ने बताया कि था कि सेपरेशन के बाद विक्रम लैंडर ने प्रोपल्शन मॉड्यूल से कहा– थैंक्स फॉर द राइड मेट। इस दौरान लैंडर पर लगे कैमरे ने चंद्रमा की भी तस्वीरें खींचीं थीं।

**5 अगस्त : चंद्रमा की कक्षा में पहुंचते ही चंद्रयान–3 ने चांद की पहली फोटो भेजी थी** – लॉन्चिंग से 22 दिन के बाद यानी 5 अगस्त को चंद्रयान–3 जब चांद की कक्षा में प्रवेश कर रहा था तो ऑनबोर्ड कैमरे ने चांद की पहली तस्वीर कैप्चर की थी। मिशन की जानकारी देते हुए इसरो ने X पोस्ट में चंद्रयान के भेजे मैसेज को लिखा था– मैं चंद्रयान–3 हूं... मुझे चांद की ग्रैविटी महसूस हो रही है।

**14 जुलाई को लॉन्चिंग के साथ चंद्रमा की ओर सफर शुरू हुआ था** – इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन यानी इसरो ने 14 जुलाई 2023 को दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर चंद्रयान–3 मिशन लॉन्च किया। आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से रॉकेट के जरिए चंद्रयान को स्पेस में भेजा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कमांड सेंटर में चंद्रयान–3 टीम के वैज्ञानिकों से मिले। यहां उन्होंने 3 घोषणाएं कीं। पहली– 23 अगस्त को हर साल भारत नेशनल स्पेस डे मनाएगा।

# फिल्म 'हड्डी' का ट्रेलर रिलीज

## -नए अंदाज में नजर आए नवाजुद्दीन




मुंबई (ईएमएस)। बालीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी की अगली फिल्म हड्डी का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन एक नए अंदाज में नजर आ रहे हैं। इसमें एक बेहद खतरनाक ट्रांसजेंडर के रोल में नवाज नजर आ रहे हैं। उनके अपोजिट विलेन के रोल में अनुराग कश्यप होंगे। फिल्म 7 सितंबर को ओटीटी पर रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर में नवाज बेहद खूंखार दिख रहे हैं। वे इसमें हड्डी नाम के एक ट्रांसजेंडर का रोल प्ले कर रहे हैं। वहीं अनुराग इसमें विलेन प्रमोद अहलावत बने हैं जो नवाज के पूरे खानदान का मर्डर कर देता है। कहानी हड्डी के बदले की है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपने हर किरदार में जान फूंक देते हैं। अब उनकी नई फिल्म हड्डी का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी की दमदार परफॉर्मेंस ने महफिल लूट ली है। वहीं अनुराग कश्यप और मोहम्मद जीशान अय्यूब की भी झलक देखने को मिली है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म हड्डी का ट्रेलर लॉन्च होते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। फिल्म के ट्रेलर में जो संवाद दिखाए गए हैं वो कुछ हद तक दर्शकों को प्रभावित करने में सफल रहे हैं। यह संवाद जल्द ही दर्शकों की जुबान पर सुनने को मिल सकते हैं। आम भाषा में बोले गए यह संवाद दृश्य को प्रभावशाली बनाने में मदद करते हैं। ट्रेलर की शुरूआत में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के किरदार की झलक देखने को मिलती है। वह साड़ी पहने एक ट्रांसजेंडर के किरदार में नजर आ रहे हैं। वह डायलॉग बोलते हैं, क्या आप जानते हैं लोग हमसे क्यों डरते हैं? हमारे आशीर्वाद बहुत शक्तिशाली हैं और हमारे अभिशाप बहुत भयानक हैं और क्या आप जानते हैं कि इससे भी ज्यादा भयावह बात क्या है? हमारा बदला। इसके बाद नवाजुद्दीन किसी को बेरहमी से मारते नजर आते हैं। इसके बाद दिखाया जाता है कि कैसे एक ट्रांसजेंडर कम्यूनिटी को ज्वाइन करने के लिए वह कई क्राइम करता है और हर बार बच जाता है। फिल्म में अनुराग कश्यप भी हैं जो एक पॉलिटिकल गैंगस्टर हैं। अनुराग, नवाजुद्दीन की गुरु और जहां सारे ट्रांसजेंडर रहते हैं वहां सबको मार देते हैं और इनकी मौत का बदला लेने के लिए अब नवाजुद्दीन, अनुराग के खिलाफ जाएंगे। फिल्म का ट्रेलर काफी जबरदस्त है।

# किशोर दा, रफी साहब की कमी को पूरा किया नये गायकों ने : जावेद

## -सुरीली आवाज से लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई



मुंबई (ईएमएस)। बालीवुड के मशहूर स्क्रीप्ट राइटर जावेद अख्तर ने कहा कि किशोर दा, मुकेश जी और रफी साहब के जाने के बाद, कुमार शानू, सोनू निगम और उदित नारायण जैसे गायकों ने उस कमी को पूरा किया और अपनी सुरीली आवाज से लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। इश्क है गाने के लॉन्च पर जावेद अख्तर मौजूद रहे, जिसे कुमार शानू ने गाया है और ऑक्टेव म्यूजिक द्वारा प्रस्तुत किया गया है। यहां उन्होंने कुमार सानू के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की और कहा, मुझे किसी भी हाल में इस लॉन्च पर आना ही था। कुमार शानू मेरे बहुत खास व्यक्ति हैं। वह मेरे कई गानों की आवाज रहे हैं और हमारे बीच बहुत अच्छे व्यक्तिगत संबंध भी हैं। इसलिए आज मेरा यहां आना स्वाभाविक था। उन्होंने कहा, जब रफी साहब, किशोर दा और मुकेश एक-एक कर इस इंडस्ट्री से चले गए, तो हर जगह सन्नाटा था। लेकिन कुमार शानू, उदित नारायण और सोनू निगम जैसे सिंगर्स ने उस खालीपन को भरा और अपनी आवाज से लोगों का मनोरंजन किया। जावेद अख्तर ने कहा, मैंने कुमार सानू के साथ सबसे ज्यादा काम किया है। उस वक्त उन्होंने जितने गाने गाए थे, मुझे लगता है कि किसी भी गायक ने इतने गाने नहीं गाए होंगे। उनके नाम एक दिन में नौ गाने रिकॉर्ड करने का रिकॉर्ड है। आशा जी का भी एक दिन में 5-6 गाने का रिकॉर्ड है लेकिन नौ गाने रिकॉर्ड करने का काम केवल कुमार शानू ही कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, कुमार शानू, अलका याग्निक और मैं, हम सब में एक बात समान है। हम तीनों को एक साल में फिल्मफेयर पुरस्कारों में सभी पांच नोमिनेशन मिले हैं। तो एक साल ऐसा था जब सभी पांच नोमिनेशन अलका याग्निक के लिए थे, एक साल ऐसा था जब सभी पांच नोमिनेशन कुमार शानू के लिए थे और एक साल ऐसा था जब दिए गए सभी नोमिनेशन मेरे लिए थे। तो सवाल यह नहीं था कि अवॉर्ड कौन जीतेगा, सवाल यह था कि हम किस फिल्म के लिए अवॉर्ड जीतेंगे। जावेद अख्तर ने कहा, मेरे जीवन में कुमार शानू के लिए बहुत सम्मान और अपार प्यार है।

# आयुष्मान और अनन्या स्टारर ड्रीम गर्ल 2 को मिल रही अच्छी एडवांस बुकिंग




मुंबई (ईएमएस)। आयुष्मान खुराना फिर से पूजा बने ऑडियंस के सामने आ रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म ड्रीम गर्ल 2 शुक्रवार को थिएटर में दस्तक देने वाली है। फिल्म में पहली बार पर्दे पर फैंस को अनन्या पांडे और आयुष्मान खुराना की जोड़ी देखने को मिलेगी। ड्रीम गर्ल-2 के टीजर के साथ ही आयुष्मान ने फैंस के दिलों की धड़कने बढ़ा दी थी। ये फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई रोमांस कॉमिडी फिल्म ड्रीम गर्ल का सीक्वल है। फिल्म की एडवांस बुकिंग भी काफी अच्छी हो रही है, जिसके बाद उम्मीद की जा रही है कि ये फिल्म डबल डिजिट में ओपनिंग करेगी। ट्रेलर के पॉजिटिव रिस्पांस का साफ असर ड्रीम गर्ल 2 की एडवांस बुकिंग पर देखने को मिल रहा है। आयुष्मान और अनन्या अपनी रोमांटिक कॉमिडी ड्रामा फिल्म को प्रमोट करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तब ड्रीम गर्ल-2 की 23 तारीख तक 52546 टिकट बिक चुकी हैं। एडवांस बुकिंग की आज की टिकट सोल्ड होना अभी बाकी है। ड्रीम गर्ल की एडवांस बुकिंग में अब तक का टोटल कलेक्शन 1.19 करोड़ के करीब हुआ है। जहां नेशनल कैपिटल में फिल्म ने टोटल 44.69, और रीजन एनसीआर यानी कि दिल्ली, नोएडा सहित कई शहरों में इसने 75.06 लाख की टोटल कमाई की है। आयुष्मान की फिल्म के एडवांस बुकिंग कलेक्शन का एनसीआर के अलावा मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और अहमदाबाद में काफी अच्छा रिस्पॉन्स है फिल्म में आयुष्मान और अनन्या के अलावा अनु कपूर, राजपाल यादव, विजय राज, अभिषेक बनर्जी और परेश रावल जैसे कलाकार अहम भूमिका में नजर आएंगे।

# 'टाइमपास' करके सिनेमा की दुनिया में आई थीं शिबानी, फरहान अख्तर संग लव लाइफ से लूटी चर्चा

वो जिस शो को होस्ट करती हैं, उसमें जान फूंक देती हैं। मॉडलिंग की दुनिया में भी उन्होंने जमकर नाम कमाया. इसके बाद एक्टिंग जगत में अपनी अदाओं से महफिल लूट ली. बात हो रही है 27 अगस्त 1980 के दिन जन्मी शिबानी दांडेकर की. बर्थडे स्पेशल में हम आपको शिबानी की जिंदगी के चंद किस्सों से रूबरू करा रहे हैं. 27 अगस्त 1980 के दिन महाराष्ट्र के पुणे में जन्मीं शिबानी दांडेकर के पिता शशिधर दांडेकर ऑस्ट्रेलिया में बतौर थिएटर आर्टिस्ट काम करते थे, जबकि मां सुलभ दांडेकर कतर एयरवेज में कार्यरत थीं. शिबानी की दो बहनें अनुषा दांडेकर और अपेक्षा दांडेकर हैं, जिनके साथ मिलकर शिबानी ने डी-मेजर नाम का म्यूजिक बैंड बनाया था. बता दें कि शिबानी का बचपन ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका में गुजरा.

साल 2001 के दौरान काम की तलाश में शिबानी दांडेकर न्यूयॉर्क चली गई थीं. उस दौरान उन्होंने अमेरिकन टेलीविजन से अपने करियर की शुरुआत की और तीन टेलीविजन शो नमस्ते अमेरिका, वी देसी और एशियन वैरायटी को होस्ट किया. इन शो ने शिबानी को रातों-रात स्टार बना दिया. बता दें शिबानी दांडेकर ने अटलांटिक सिटी में शाहरुख खान को भी होस्ट किया था.

अमेरिका में कुछ समय बिताने के बाद शिबानी भारत लौट आईं. यहां भी उन्होंने मॉडलिंग और होस्टिंग का काम जारी रखा. बता दें कि शिबानी ने अपने करियर में ज्यादातर अंग्रेजी शो ही होस्ट किए. उन्होंने टीवी शो ग्रैमी नॉमिनी स्पेशल में भी बतौर होस्ट काम किया. शिबानी ने साल 2014 के दौरान रिलीज हुई मराठी फिल्म टाइमपास से सिनेमा की दुनिया में कदम रखा था. वहीं, साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म रॉय से बॉलीवुड डेब्यू किया था.

बता दें शिबानी दांडेकर का नाम कई सेलेब्स के साथ जुड़ चुका है. इनमें कीथ सिकेरा से लेकर भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या तक शामिल हैं. इसके बाद शिबानी की जिंदगी में फरहान अख्तर की एंट्री हुई.

# फिर साथ काम करेंगे रवीना टंडन और अक्षय कुमार

## - दो दशक के बाद दिखेगी वही केमिस्ट्री?



मुंबई (ईएमएस)। खतरों के खिलाडी यानि अक्षय कुमार की कॉमिडी फ्रेंचाइजी वेलकम-3 को लेकर भी जोरों-शोरो से चर्चा हो रही है। इस फ्रेंचाइजी में कई बड़े एक्टर जुड़े हैं। मस्त-मस्त गर्ल रवीना टंडन का भी वेलकम-3 में शानदार स्वागत हुआ है। रिपोर्ट्स की मानें तो मजनू और उदय शेट्टी की शानदार जोड़ी इस फिल्म में फैंस को देखने नहीं मिलेगी। हालांकि, बॉलीवुड के मुन्ना-सर्किट यानी की संजय दत्त और अरशद वारसी वेलकम- 3 में चार चांद लगाते हुए नजर आएंगे। अब हाल ही में फिल्म की शूटिंग कब शुरू होगी, इसको लेकर भी एक अपडेट आया है।अक्षय कुमार-संजय दत्त स्टारर इस फिल्म के तीसरे पार्ट का टाइटल वेलकम-टू द जंगल है। एक रिपोर्ट्स की मानें, जब रवीना टंडन और निर्देशक अहमद खान साथ में एक डांस रियलिटी शो कर रहे थे, तो उस दौरान दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई थी। रिपोर्ट्स की मानें तो जैसे ही अहमद खान ने रवीना टंडन को फिल्म की स्क्रिप्ट दिखाई थी, तो एक्ट्रेस ने तुरंत ही काम करने के लिए हामी भर दी थी। सूत्रों की मानें तो फिल्म में अक्षय कुमार और रवीना टंडन एक-दूसरे के अपोजिट नजर आएंगे। ये दोनों वेलकम टू द जंगल की शूटिंग पूरी स्टारकास्ट के साथ इस साल अक्टूबर के महीने में शुरू करेंगे। ये बात किसी से नहीं छुपी है कि अक्षय कुमार और रवीना टंडन का एक समय पर गहरा रिश्ता था। दोनों की बात सगाई तक पहुंच चुकी थी। दोनों को बॉलीवुड का पावर कपल कहा जाता था। हालांकि, दोनों के रिश्ते में कुछ हुआ और अचानक ही इनकी राहें एक-दूसरे से जुदा हो गईं। हालांकि, समय के साथ दोनों ने अपने मन की खटास को बिल्कुल मिटा दिया और अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए।

# अदा शर्मा ने खरीदा सुशांत का खाली पड़ा फ्लैट! बोलीं- जल्द सबको मीठा खिलाऊंगी




एक्ट्रेस अदा शर्मा ने दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत का फ्लैट खरीद लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अदा जल्द ही उसमें शिफ्ट हो जाएंगी। एक्ट्रेस ने इस पर रिएक्शन भी दिया है। अदा ने कहा कि वे जब भी इसे फाइनलाइज करेंगी, सबसे पहले मीडिया को इसकी खबर देंगी। अदा से पूछा गया कि क्या उन्होंने सुशांत का फ्लैट खरीदा है। जवाब में उन्होंने कुछ क्लियर जवाब नहीं दिया, लेकिन इतना जरूर कहा कि ऐसा कुछ भी होगा, तो वो सबका मुंह जरूर मीठा कराएंगी। हालांकि अदा की इस बात से साफ होता है कि उन्होंने यह डील पक्की कर ली है।

**अदा की टीम ने किया कन्फर्म, कब शिफ्ट होंगी इसकी जानकारी नहीं** - अदा शर्मा की फिल्म द केरला स्टोरी इस साल की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्मों में से एक रही। फिल्म ने तकरीबन 250 करोड़ रुपए का डोमेस्टिक कलेक्शन किया था। इस फिल्म में अदा के काम की काफी तारीफ की गई। अब वे सुशांत के फ्लैट को खरीदने को लेकर सुर्खियों में हैं। खबर आई है कि अदा ने सुशांत का बांद्रा वेस्ट वाला घर खरीद लिया है। निधन के पहले तक सुशांत इसी फ्लैट में रहते थे। अदा की टीम का कहना है कि यह खबर सच है। हालांकि एक्ट्रेस वहां शिफ्ट कब होंगी, इसकी कोई जानकारी नहीं है।

**सुशांत के फ्लैट के लिए किराएदार नहीं मिल रहे थे** - सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद से ही उनका फ्लैट खाली पड़ा हुआ था। कोई भी किराएदार उस फ्लैट को लेने के लिए तैयार नहीं है। लोगों को जब पता चलता है कि इस फ्लैट पर सुशांत ने सुसाइड किया था तो रेंट पर लेना तो दूर, कोई घर को देखने तक नहीं आता। मुंबई बेस्ड एक प्रॉपर्टी ब्रोकर रफीक मर्चेंट ने कुछ महीने पहले सुशांत के फ्लैट के कुछ वीडियोज और फोटोज शेयर किए थे। रफीक ने इसके साथ एक कैप्शन भी लिखा था- 'इस फ्लैट को लेने वाला कोई किराएदार नहीं मिल रहा है। जब भी इसे कोई लेना चाहता है, तो इस फ्लैट की हिस्ट्री जानते ही मना कर देता है। लोग इस फ्लैट को लेने में डरते हैं।'

**सुशांत इस फ्लैट के लिए 4.51 लाख खर्च करते थे** - 14 जून 2020 को सुशांत सिंह राजपूत ने अपने इसी फ्लैट में सुसाइड कर लिया था। सुशांत की डेथ के बाद से ये घर खाली पड़ा है। समन्दर किनारे अपार्टमेंट के इस फ्लैट में चार बड़े रूम हैं। इसमें एक बड़ा हॉल और एक ड्राइंग रूम है। सुशांत इस फ्लैट का हर महीने 4.51 लाख किराया देते थे।

# भोपाल के अवधपुरी की हर्षा वर्मा का कौन बनेगा करोड़पति में चयन, 28-29 अगस्त को प्रसारित होगा एपिसोड

## जीत की राशि से संवारेंगी अपने बच्चों का भविष्य

भोपाल, (हि.स.)। सोनी टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले मशहूर शो कौन बनेगा करोड़पति में भोपाल के अवधपुरी में रहने वाली हर्षा वर्मा का चयन हुआ है। हर्षा वर्मा का चयन रिश्ते स्पेशल एपिसोड के लिए हुआ है, जिसमें उन्होंने अपनी बेटी के साथ शिरकत की। हाल ही में हर्षा वर्मा शो की शूटिंग पूरी करके लौटी है। उनके एपिसोड का प्रसारण 28 और 29 अगस्त को किया जाएगा। सोनी चैनल पर चल रहे शो के प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन उनसे 25 लाख रुपये के लिए 13वां प्रश्न पूछते नजर आ रहे हैं। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ कार्यक्रम में मंच साझा करने के बाद हर्षा बेहद खुश है। हर्षा भी अमिताभ बच्चन से सिलेंडर को लेकर सवाल पूछती है। हर्षा अपने जीवन के अनुभवों को साझा कर रही है। तमाम मुश्किलों के बावजूद हर्षा के जिंदादिल तरीके से जीने के जज्बे को सुपर स्टार अमिताभ बच्चन ने भी सराहा। हिन्दुस्थान समाचार के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए हर्षा ने इस मंच तक पहुंचने और प्राइज मनी जीतने का श्रेय अपने पति, परिवार और बच्चों को दिया है। हर्षा ने बताया कि शो में जीती हुई राशि का उपयोग वो अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए खर्च करना चाहती है।

**बच्चों को ननिहाल में रखने को मजबूर है हर्षा** - हर्षा वर्मा ने शो तक पहुंचने के अपने सफर के बारे में बात करते हुए बताया कि उन्हें शुरू से ही पढने का बहुत शौक था। वह प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करती थी। अपनी पढाई के साथ वह दूसरे बच्चों को ट्यूशन भी पढाती थी। शादी के बाद भी उन्होंने स्कूल में पढाने के साथ ट्यूशन पढाना जारी रखा लेकिन कोरोना के बाद सब कुछ बदल गया। हालात इतने विपरित हो गए कि उन्हें अपने बच्चों को खुद से दूर करना पड़ा। आज भी उनकी बेटी अपने चाचा के साथ रहती है जबकि बेटे को उन्होंने अपनी मां के पास रखा है। हर्षा ने बताया कि उनके जीवन का मकसद अपने बच्चों को जीवन में सफल इंसान बनाना है। इसके लिए वो पैसों की कमी को दूर करने के लिए लंबे समय से कौन बनेगा करोड़पति में हॉट सीट तक पहुंचने की कोशिश कर रही थी। आखिरकार उनकी कोशिश रंग लाई और वो कौन बनेगा करोड़पति के मंच तक पहुंच गई। हालांकि इसके लिए उन्हें अपनी नौकरी गंवानी पड़ी। लेकिन हाट सीट पर बैठकर हर्षा अपने ज्ञान के दम पर प्राइज मनी जीतकर लौटी है। हर्षा का कहना है कि अब उनके बच्चों को उनसे दूर नहीं रहना पड़ेगा और हम सब साथ में रहेंगे।



## सूडोकु नवताल- 6535

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6534 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7282

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | व | र | सु | ए | ड् | स | प | ला | नी | इ |
| न | है | क | ज | इं | डो | ने | ह | चे | म | श्त |
| अ | जा | आ | ट | य | फा | इ | ड | च | प | नि |
| हु | रा | ल | मा | ज | ल | स | रा | क | इ | मो |
| ब | रा | पो | लि | यो | वी | क | र | क | त्ते | नि |
| द | जे | कि | र | क | पा | का | म | ले | रि | या |
| शी | मा | दे | अ | व | था | य | त | म | क | ती |
| को | दे | श | स्थ | न | प | य | रि | घु | व | ला |
| ढ़ | दि | ल | मा | ले | दा | र | जा | या | वी | दे |
| क्षि | ज | ति | ला | हि | द | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | ष | मा | स्व | रा | ज | त | र | म |

शब्दजाल में '10 बीमारियों के नाम' ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

हैजा, टायफाइड, पोलियो, चेचक, एड्स, मलेरिया, अस्थमा, पायरिया, कोढ़, निमोनिया

### शब्दजाल - 7281 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | श | मु | श | सी | बै | ड | मिं | ट | न | र |
| रा | क्रि | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | क्स |
| य | के | र्जु | हे | नि | कु | ना | न | व | टि | रू |
| इं | ट | फु | न | शा | वो | श्ती | क | ले | ज | प |
| प | दा | ह | ट | ने | तो | हो | थ | गो | र | त |
| टे | स | क | प | बा | स | ए | व | ज | वॉ | व |
| द | बि | न | न | जी | ल | ह | रं | गो | ली | द |
| क | र | ल | प | क्श | प | त | र | चो | बॉ | ख |
| र | व | त | टे | रा | श | त | य | अ | ल | अ |
| क | र | ल | प | नि | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | कि | श | स | चि | हॉ | की | त | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6235

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | | 4 | | 1 |
| | 42 | | 33 | 1 | 23 | |
| 1 | | | | 3 | | 2 |
| 2 | 25 | 3 | 34 | 7 | 39 | 6 |
| | | 4 | | | 5 | |
| | 24 | 1 | 33 | | 35 | 4 |
| 4 | 3 | | 7 | 6 | 1 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6234 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 22 | 1 | 30 | 2 | 38 | 4 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 30 | 2 | 38 | 3 | 33 | 6 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 39 | 7 | 43 | 4 | 25 | 5 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# एशिया कप से पहले 3-0 से वनडे सीरीज जीता पाक: अफगान को तीसरा वनडे 59 रन से हराया; शादाब खान को 3 विकेट

**कोलंबो।**
पाकिस्तान ने एशिया कप से पहले अफगानिस्तान का वनडे सीरीज में सफाया कर दिया है। टीम ने कोलंबो में खेले गए सीरीज के आखिरी मुकाबले में 102 रन की बड़ी जीत दर्ज की। पाकिस्तान से कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने फिफ्टी लगाई। जबकि गेंदबाजी में शादाब खान ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। अफगानिस्तान से आखिरी में गेंदबाज मुजीब-उर-रहमान ने 5 छक्के और 5 चौके लगाकर टीम को जिताने की कोशिश की। लेकिन उनकी फिफ्टी टीम की जीत के लिए काफी नहीं रहे।

**पाकिस्तान नबंर-1 रैंक वनडे टीम बनी** - पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पहली बार वनडे सीरीज हुई। पाकिस्तान ने पहला वनडे 142 रन और दूसरा वनडे एक विकेट के करीबी अंतर से जीता था। टीम ने तीसरा वनडे 64 रन के अंतर से जीता। दोनों टीमों के बीच अब तक 7 वनडे खेले गए, सभी पाकिस्तान ने जीते। इस सीरीज से पहले दोनों टीमों के 4 वनडे एशिया कप और वर्ल्ड कप में ही खेले गए। अफगानिस्तान को 3-0 से हराने के बाद पाकिस्तान टीम आईसीसी वनडे टीम रैंकिंग की नंबर-1 रैंक टीम बन गई है। टीम के 118 अंक हो गए। दूसरे नंबर पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया के भी 118 पॉइंट्स ही हैं, लेकिन पॉइंट्स के कारण पाकिस्तान टॉप पर है। भारत 113 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

**बाबर और रिजवान के बीच 110 रन की पार्टनरशिप** - टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने फखर जमान (27 रन) और इमाम उल हक (13 रन) के विकेट महज 52 के स्कोर पर गंवा दिए। यहां से कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने पारी संभाली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 110 रन की अहम पार्टनरशिप की।

**बाबर और रिजवान दोनों की फिफ्टी** - बाबर आजम 60 रन बनाकर राशिद खान का शिकार हुए उनकी मोहम्मद रिजवान के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप टूटी। बाबर के बाद रिजवान भी 79 बॉल पर 67 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें फरीद खान ने आउट किया। दोनों के आउट होने के बाद आगा सलमान ने 38 और मोहम्मद नवाज ने 30 रन बनाकर आखिर में स्कोर 250 रन के पार पहुंचाया। बाकी बैटर्स में सउद शकील 9, शादाब खान 3 और फहीम अशरफ-शाहीन अफरीदी 2-2 रन बना सके। टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 268 रन बनाए। अफगानिस्तान से गुलबदीन नैब और फरीद अहमद ने 2-2 विकेट लिए। वहीं फजलहक फारूकी, मुजीब-उर-रहमान और राशिद खान को 1-1 विकेट मिला। जबकि एक बैटर रन आउट हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय मेंस 4×400 मीटर रिले टीम ने एशियन रिकॉर्ड तोड़ा: पहली बार वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालिफाई किया



**बुडापेस्ट।** भारतीय मेंस 4×400 मीटर रिले टीम ने बुडापेस्ट में जारी वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में इवेंट की हीट में 2 मिनट 59.05 सेकंड का समय लेकर एशियन रिकॉर्ड तोड़ दिया। भारतीय टीम ने 9 टीमों के बीच हुई हीट में फाइनल के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। मेंस 4×400 मीटर रिले का फाइनल खेला जाएगा। टीम ने एशियन से साथ ही नेशनल रिकॉर्ड भी तोड़ा। 2020 ओलंपिक में मोहम्मद अनस, नूह निर्मल टॉम, अरोकिया राजीव और अमोज जैकब ने 3: 00.25 नेशनल रिकॉर्ड बनाया था। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 19 से 27 अगस्त तक हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में आयोजित की जा रही है। मेंस की 4×400 मीटर रिले में भारतीय टीम ने एशियन रिकॉर्ड के साथ-साथ नेशनल रिकॉर्ड भी तोड़ा। पिछले एशियन रिकॉर्ड 2: 59.51 सेकेंड का का था जो जापान ने पिछले साल ओरेगॉन में बनाया था। वहीं पिछला नेशनल रिकॉर्ड टोक्यो ओलिंपिक 2020 में बना था जो 3: 00.25 सेकेंड का था। मुहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल वरियाथोडी और राजेश रमेश की भारतीय टीम ने हंगरी के बुडापेस्ट में नौ टीमों के बीच में दूसरा स्थान हासिल किया। यूएसए 2: 58.47 सेकेंड के समय के साथ पहले स्थान पर रहा। भारत के ओलिंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा मेंस के जेवलिन थ्रो फाइनल में हमवतन मनु डीपी और किशोर जेना के साथ एक्शन में दिखाई देंगे। नीरज ने क्वालिफाइंग राउंड के अपने पहले प्रयास में ही 88.77 मीटर थ्रो किया था, जो उनका सीजन का बेस्ट भी है।

### आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स 2023...ब्लाइंड क्रिकेट फाइनल: भारत की महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर गोल्ड जीता, भारतीय मेंस टीम पाकिस्तान से हारी



**बर्मिंघम।** भारत की विमेंस ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया। इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन वर्ल्ड गेम्स 2023 के फाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर गोल्ड मेडल जीता। वहीं मेंस ब्लाइंड क्रिकेट का फाइनल भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया, जिसमें भारत को हार का सामना करना पड़ा। भारत की विमेंस टीम ने बारिश से बाधित मैच में ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराया बर्मिंघम के एजबेस्टन क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए फाइनल में भारत की विमेंस टीम ने बारिश से बाधित मैच में ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 114 रन बनाए और फिर भारत ने 3.3 ओवर में 42 रन बनाकर जीत हासिल कर लिया। आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स में भारत की महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट में भारत का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से ही हुआ, जिसमें कंगारू टीम को 8 विकेट से हार मिली। इसके बाद भारत ने इंग्लैंड को हराय। तीसरा और फाइनल मैच फिर ऑस्ट्रेलिया के साथ खेला गया। इसमें भी भारत को जीत मिली। पाकिस्तान मेंस टीम ने भारत को 8 विकेट से हराकर गोल्ड जीता दूसरी ओर भारतीय मेंस ब्लाइंड क्रिकेट टीम को बर्मिंघम में आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स-2023 के फाइनल मैच में पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

### भारत ने टेंट पेगिंग विश्व कप में रचा इतिहास, दक्षिण अफ्रीका में जीता कांस्य पदक

**जॉर्ज।** टेंट पेगिंग विश्व कप में कांस्य पदक जीतकर भारत ने इतिहास रच दिया है। पांच सदस्यीय भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका में आयोजित टेंट पेगिंग विश्व कप में तीसरा स्थान हासिल कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। टेंट पेगिंग घुड़सवार सेना का एक खेल है जिसमें सवार को भाले से जमीन पर रखे लकड़ी के गुटके को उठाना होता है। पोडियम फिनिश हासिल करने वाला भारत टेंट पेगिंग विश्व कप के पिछले दो संस्करणों में छठे और सातवें स्थान पर रहा था। सबसे हालिया संस्करण चौथा मूल रूप से 2022 में आयोजित होने वाला था, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसमें देरी हुई। इंटरनेशनल टेंट पेगिंग फेडरेशन में 29 देश शामिल हैं, जो प्रत्येक चार टीमों के समूहों में विभाजित होने पर विश्व कप योग्यता अर्जित करते हैं।

इंग्लिश प्रीमियर लीग राउंड-अप

# रोमांचक मुकाबले में जीता मैनचेस्टर यूनाइटेड; आर्सेनल ने आखिरी मिनटों में खाया गोल, ड्रॉ से संतोष करना पड़ा

**इंग्लैंड।**
इंग्लैंड में इंग्लिश प्रीमियर लीग के गेम वीक-3 के मुकाबले खेले गए। इसमें चेल्सी, टॉटेनहम, आर्सनल और मेनचेस्टर यूनाइटेड ने अपने मुकाबले खेले। गेम वीक-3 का पहला मुकाबला चेल्सी और ल्यूटन टाउन के बीच खेला गया। इसी के साथ चेल्सी ने अपनी पहली जीत दर्ज की। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने 2-0 से पीछे होने के बाद अपना दूसरा गेम जीता और आर्सेनल ने ड्रॉ खेला।



**चेल्सी ने पहला मैच जीता** - चेल्सी ने 3 मैचों के बाद इस सीजन का पहला मुकाबला जीता। चेल्सी को पिछले दो मुकाबलों में 1 मैच ड्रॉ और 1 में हार का सामना करना पड़ा था। चेल्सी का मुकाबला इस सीजन आई नई टीम ल्यूटन टाउन के खिलाफ था। चेल्सी के होमेग्राउंड स्टैमफोर्ड ब्रिज में हुए इस मुकाबले में चेल्सी ने शुरुआत से ही पकड़ बनाए रखी। टीम के स्टार स्ट्राइकर इंग्लैंड के रहीम स्टर्लिंग ने 17वें मिनट में टीम को लीड दिलाई। इसके बाद 68वें मिनट में स्टर्लिंग ने फिर गोल दागा। गेम के 75वें मिनट में निकोलस जैक्सन ने स्कोर मुकाबले में 3-0 की लीड बना ली। टीम 3-0 से जीती।

**मैनचेस्टर यूनाइटेड ने शानदार वापसी की** - मैनचेस्टर यूनाइटेड और नॉटिंघम फारेस्ट के बीच हुआ मुकाबला सबसे रोमांचक रहा। मैनचेस्टर यूनाइटेड के होम ग्राउंड ओल्ड ट्रेफर्ड में नॉटिंघम ने शुरूआती चार मिनट में ही लगातार 2 गोल स्कोर कर दिए। स्टेडियम में सन्नाटा छा गया। यूनाइटेड ने हार नहीं मानी और 17वें मिनट में कमबैक किया। टीम के मिडफील्डर क्रिस्चन एरिक्सन ने गोल दाग दिया। एरिक्सन डेनमार्क के वही खिलाड़ी है जिन्हें यूरो 2020 के दौरान बीच मैच में कार्डिएक अरेस्ट आया था। रियल मेड्रिड के पूर्व खिलाड़ी कैसेमिरो ने 52वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद 76वें मिनट में कप्तान ब्रूनो फर्नांडेज ने पेनल्टी पर गोल किया और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने मैच 3-2 से जीत लिया। हालांकि, इस प्रदर्शन के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड का डिफेंस फिर सवालों के घेरे में है।

**टॉटेनहम दूसरे नंबर पर पहुंचा** - टॉटेनहम ने बौर्नेमौथ के खिलाफ 2-0 से मैच जीत कर पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर जगह बना ली है। टॉटेनहम ने अपने शुरूआती दो मुकाबलों में एक मैच ड्रॉ किया और एक मुकाबला जीता। 17वें मिनट में टॉटेनहम के खिलाड़ी माटर सर्र के पास पर जेम्स मैडिंसन ने जगह बना कर शानदार गोल किया। डेजान कुलुसेव्स्की ने टीम के लिए दूसरा गोल दागा।

**आखिरी मिनट में आर्सेनल का गेम पलटा** - पिछले सीजन दूसरे नंबर पर फिनिश करने वाली आर्सेनल टीम को ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। युवा खिलाड़ियों की टीम ने फुलहम के खिलाफ पहले ही मिनट में गोल खा लिया। इसके बाद फुलहम ने अपनी लय बरकरार रखी और आर्सेनल को गोल करने से रोका। आर्सेनल को 70वें मिनट में डिफेंस लाइन तोड़ने का मौका मिला और गोल रोकने के चक्कर में फुलहम के खिलाड़ी ने बॉक्स के अंदर फाउल कर दिया। आर्सेनल ने पेनल्टी का फायदा उठाया और बुकयो साका ने 70वें मिनट में गोल दाग दिया। इस कमबैक के तुरंत बाद आर्सेनल के एडी एनकेटिया ने 72वें मिनट में गोल दाग दिया। आर्सेनल ने 2-1 की लीड बना ली। इसके बाद टीम पूरी तरह हावी दिखी और गोल बचाने और मैच जीतने पर फोकस करने लगी। युवाओं में अनुभव की कमी के चलते 87वें मिनट में आर्सेनल के डिफेंस ने गलतियां की और इसके फायदा उठाते हिउए फुलहम के खिलाड़ी जोआओ पाल्हिनहा ने गोल दाग दिया। फुलहम के लिए आर्सेनल के घर में यह ड्रॉ किसी जीत से कम नहीं थी।

**वेस्ट हैम यूनाइटेड और वूल्व्स जीते, ब्रांटफोर्ड-क्रिस्टल पैलेस के बीच ड्रॉ** - वेस्ट हैम यूनाइटेड ने ब्राइटन और होव एल्बियन के खिलाफ 3-1 से मुकाबला जीता। वेस्ट हैम के लिए 19वें मिनट में वार्ड पोस, 58वें मिनट में जैरड बोवेन और 63वें मिनट में मिचेल अंटोनिओ ने गोल दागा। ब्राइटन से पास्कल ग्रोब ने गोल स्कोर किया।

वूल्व्स ने एवरटन को 1-0 से हराया। सासा कलाजदजिक ने 87वें मिनट में गोल दागा। ब्रेंटफोर्ड और क्रिस्टल पैलेस के बीच मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा।

**मैनचेस्टर सिटी का मैच** - डिफेंडिंग चैंम्पियन मैनचेस्टर सिटी का मुकाबला होगा। सिटी का मुकाबला अपने घर एतिहाद स्टेडियम में शेफील्ड यूनाइटेड के खिलाफ होगा। टीम ने अब तक दो मैच खेले और और दोनों में जीत दर्ज की है। इसके अलावा लिवरपूल का मुकाबला न्यूकासल यूनाइटेड और बर्नले का मैच एस्टन विला के खिलाफ होगा।

एशियाड में टीम इंडिया के कोच होंगे लक्ष्मण

# बीसीसीआई ने कानिटकर को विमेंस क्रिकेट टीम का कोच बनाया


वीवीएस लक्ष्मण

**नई दिल्ली।**
भारतीय क्रिकेट टीम के महान बल्लेबाज और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष वीवीएस लक्ष्मण एशियन गेम्स के लिए भारतीय मेंस टीम के हेड कोच होंगे। जबकि पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ऋषिकेश कानिटकर को एशियन गेम्स के लिए भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम का हेड कोच बनाया गया है। खबर के मुताबिक, एशियन गेम्स के लिए भारतीय मेंस टीम के सहयोगी स्टाफ में लक्ष्मण के अलावा गेंदबाजी कोच के रूप में पूर्व भारतीय लेग स्पिनर साईराज बहुतुले और फील्डिंग कोच के रूप में मुनीश बाली शामिल होंगे। वहीं विमेंस टीम के सहयोगी स्टाफ में कानितकर के अलावा राजीब दत्ता (गेंदबाजी कोच) और सुभादीप घोष (फील्डिंग कोच) शामिल होंगे। एशियन गेम्स 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के होंगझू शहर में होंगे। क्रिकेट के सभी मैच झीजांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड के मैदान पर खेले जाएंगे। भारत पहली बार एशियन गेम्स के क्रिकेट कॉम्पिटिशन में अपनी टीमें भेजेगा। बीसीसीआई ने मेंस और विमेंस दोनों ही कैटेगरी की टीमों में खिलाड़ियों के नाम जारी कर दिए हैं। दोनों ही टीमें टूर्नामेंट में अपना पहला मैच क्वार्टर फाइनल के रूप में खेलेंगी। क्वार्टर फाइनल के बाद सेमीफाइनल होगा। इस तरह फाइनल तक पहुंचने के लिए दोनों ही टीमों को 2 लगातार मैच जीतने होंगे। एशियन ओलिंपिक कमेटी के नियमों के अनुसार, विमेंस और मेंस दोनों कैटेगरी में आईसीसी रैंकिंग में एशिया की टॉप-4 टीमों को सीधे क्वार्टर फाइनल में एंट्री दी जाएगी। भारत की दोनों ही टीमें इस वक्त एशिया में टॉप पर हैं। एशियन गेम्स 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के होंगझू शहर में होंगे।

# अगरकर के बयान पर बोले शादाबः बोलने से कुछ नहीं होता, अजित ने कहा था- राउफ-शाहीन को कोहली संभाल लेंगे

**नई दिल्ली।**
एशिया कप 2023 भले ही 30 अगस्त से शुरू हो रहा है, लेकिन 02 सितंबर को होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले पर सभी की नजरे हैं। एशिया कप से पहले अजित अगरकर के बयान पर शादाब खान ने जवाब दिया है। अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे के बाद शादाब ने कहा कि, उनके (अगरकर) बोलने से कुछ नहीं होता, कुछ नहीं बदलता। अगरकर ने एशिया कप टीम चुनाव की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि, कोहली पाकिस्तान के पेस अटैक को संभाल लेंगे।



**क्या है पूरा मामला** - दरअसल, जब एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा की गई, तो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर से पाकिस्तान के फास्ट बॉलिंग अटैक को संभालने के बारे में प्रश्न पूछा गया था। इस पर अगरकर ने जवाब देते हुए कहा था कि, विराट कोहली उन्हें संभाल लेंगे।

अब, पाकिस्तान के ऑलराउंडर शादाब खान ने प्रेस कॉन्फ्रेस के दौरान अगरकर के दावे का जवाब देते हुए कहा है कि कोई मैदान पर क्या करता है यह मायने रखता है, न कि मैच से पहले या बाद में क्या कहा जा रहा है।

**2022 टी-20 वर्ल्ड कप में कोहली ने जिताया था** - टी-20 वर्ल्ड कप के लीग-स्टेज मैच में पाकिस्तान पर भारत की जीत के लिए कोहली जिम्मेदार थे। फैंस को आगामी एशिया कप में कोहली से यही उम्मीद है, शादाब को लगता है कि यह केवल वह भारत और कोहली के लिए अच्छा दिन था।

**दिन पर निर्भर करती है जीत - शादाब** - शादाब ने कहा कि, देखिए दिन पर बहुत कुछ निर्भर करता है। मैं, कोई और, या उनकी तरफ से कोई ऐसा बोल दे, तो बोलने से कुछ बदलाव नहीं होता। जब मैच होगा, जो चीज नजर आएगी, असल चीज वही होती है।

**अफगानिस्तान के खिलाफ शादाब की पारी ने दूसरा वनडे जिताया** - शादाब खान पाकिस्तान टॉप खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने अफगानिस्तान पर 3-0 से सीरीज दर्ज की। दूसरे मुकाबले में हारते हुई स्थिति में शादाब खान ने 35 बॉल पर 48 रन की पारी खेली। टीम ने इस पारी की बदौलत मैच जीत लिया।

सीरीज के रिजल्ट ने टीम को आईसीसी वनडे रैंकिंग में टॉप पर पहुंचने में भी मदद की। अफगानिस्तान दौरे के बाद अब पाकिस्तान टीम एशिया तैयारियों में जुट गई है। टीम का पहला मैच नेपाल के खिलाफ है।

# नेशनल रेसिंग चैम्पियनशिप: फॉर्मूला-4 में तिजिल और आर्या रहे पहले नंबर पर; नोविस कप की दोनों रेस अर्जुन नायर ने जीती

**कोयम्बटूर।**
तमिलनाडु के कोयम्बटूर में फॉर्मूला-4 नेशनल रेसिंग चैम्पियनशिप की शुरुआत हुई। पहले दिन फॉर्मूला-4 की 2 रेस में तिजिल राव और आर्या सिंह ने जीत दर्ज की। अर्जुन नायर ने नोविस कप की दोनों रेस में पहला स्थान हासिल किया। वहीं चेन्नई के आनंद ने कॉन्टिनेंटल जीटी कप जीता। नेशनल रेसिंग चैम्पियनशिप में 5 इवेंट हुए। इनमें 4 अलग-अलग विजेता देखने को मिले। चैम्पियनशिप का राउंड-2 भीकोयम्बटूर में आयोजित होगा।



**तिजिल ने करीबी मुकाबले में जीती पहली रेस** - बेंगलुरु के तिजिल राव डार्क डॉन रेसिंग बॉय्ज टीम की ओर से रेस करने उतरे। उन्हें उनकी ही टीम के आर्या सिंह और टीएस दिलजीत से कड़े कॉम्पिटिशन का सामना करना पड़ा। कुछ लैप में कोलकाता के आर्या तो कुछ में थ्रिसुर के दिलजित ने भी बाजी मारी। लेकिन तिजिल आखिरी लैप में सबसे आगे निकले और फॉर्मूला-4 की पहली रेस नंबर-1 पर रहकर फिनिश की। आर्या दूसरे और दिलजीत तीसरे नंबर पर रहे।

**आर्या ने दूसरी रेस में हिसाब बराबर किया** - फॉर्मूल-4 की दूसरी रेस में डार्क डॉन रेसिंग टीम के ही आर्या ने करीबी मुकाबले में तिजिल को हराया। आखिरी 3 लैप तक भी पता नहीं था कि कौन जीत पाएगा, लेकिन आर्या ने पहला और तिजिल ने दूसरा स्थान हासिल किया। अहुरा रेसिंग टीम के विजयराज तीसरे नंबर पर रहे।

**अर्जुन नायर ने नोविस कप की दोनों रेस जीती** - बेंगलुरु के अर्जुन नायर ने नोविस कप में जीत हासिल की। मोमेंटम मोटरस्पोर्ट्स टीम के ड्राइवर अर्जुन ने नोविस कप की दोनों ही रेस में फास्टेस्ट टाइमिंग अचीव की और पहले नंबर फिनिश किया। पहली रेस में उन्होंने 13 मिनट 23 सेकेंड का समय लिया, जबकि दूसरी में उन्होंने 13 मिनट 41 सेकेंड का टाइम लेकर जीत हासिल की।

वहीं चेन्नई के आनंद आर ने कॉन्टिनेंट जीटी कप पर कब्जा जमाया। उन्होंने 14 मिनट 53 सेकेंड का टाइम लेकर रेस जीती। हैदराबाद के मोहम्मद समरुल जुबैर दूसरे और डीटीएस रेसिंग टीम के जोएल जोसेफ तीसरे नंबर पर रहे।

# लाइल्स ने सौ मीटर के बाद 200 मीटर में भी जीता स्वर्ण, बोल्ट की बराबरी की

**बुडापेस्ट।**
सौ मीटर में स्वर्ण जीतने वाले अमेरिका के नोह लाइल्स ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 200 मीटर में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। अमेरिका के ही इरियन नाइटन ने रजत पदक जीता। लाइल्स ने पिछली चैंपियनशिप में जीते अपने 200 मीटर के खिताब को सुरक्षित रखा लाइल्स जमैका के दिग्गज उसेन बोल्ट के विश्व चैंपियनशिप 2015 में 100 मीटर और 200 मीटर में खिताब जीतने के बाद इन दोनों स्पर्धाओं में दोहरा स्वर्ण जीतने वाले पहले एथलीट हैं। लाइल्स ने 19.52 सेकंड के साथ स्वर्ण पदक जीता। नाइटन ने 19.75 सेकंड के साथ रजत पदक जीता। पिछली बार नाइटन कांस्य पदक जीतने में सफल रहे थे। बोत्सवाना के लेस्ले ने 19.81 के साथ कांस्य पदक जीता। फिनिशंग लाइन पार करने के बाद लाइल्स ने वी मार्क के साथ अपने स्प्रिंट डबल का जश्न मनाया। अभी लाइल्स के पास बुडापेस्ट में 4×100 मीटर रिले में तीसरा स्वर्ण जीतने का मौका बाकी है। अब लाइल्स की निगाह पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण जीतने पर है, जिसके लिए लिए अभी उनके पास साढ़े 11 महीने का समय शेष है।

### 19.52 सेकंड का समय निकाला अमेरिका के नोह लाइल्स ने 200 मीटर की रेस में

लाइल्स ने साल की शुरुआत में सोशल मीडिया पर कहा था कि वह दो सौ मीटर में 19.10 का समय निकालेगा जिसका मतबल था कि वह बोल्ट के 19.19 के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ देंगे लेकिन ऐसा नहीं हो सका। बोल्ट ने 2009 में यह रिकॉर्ड बनाया था।

अंतिम 80 मीटर में लाइल्स ने बिजली की सी गति दिखाते हुए बाकी धावकों को पीछे छोड़ दिया। नोह ने छह दिन में छह रेस लगाई है जिसमें हीट शामिल है और इतना करने के बाद थोड़ी थकान संभव है। दो सौ मीटर की रेस में स्वर्ण जीतना उनके लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि सेमीफाइनल से पहले गोल्फ कार्ट की भिड़ंत में वह भी दुर्घटना में शिकार होते बाल-बाल बचे थे



निश्चित रूप से मैं बेहतर करना चाहता था लेकिन यह प्रदर्शन भी मेरे लिए बेहद खास है। मैं दोहरा विश्व चैंपियन बन गया हूं। मेरे अंदर क्षमता है और मैं बेहतर दौड़ रहा हूं। जैक्सन का 200 मीटर का खिताब सुरक्षित

महिलाओं की दो सौ मीटर में जमैका की शेरिका जैक्सन ने 21.41 सेकंड के साथ दूसरा सबसे तेज समय निकालते हुए स्वर्ण पदक जीता। यह 29 साल की एथलीट का 200 मीटर में लगातार दूसरा खिताब है। शेरिका ने पिछली बार ओरेगोन विश्व चैंपियनशिप में 21.45 सेकंड का समय निकाला था और उस लिहाज से उनका प्रदर्शन पहले से बेहतर हुआ है। वह फ्लोरेंस ग्रिफिथ जायनर के (21.34) के बाद श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली एथलीट हो गई हैं। चार दिन पहले उन्होंने महिलाओं की 100 मीटर में दूसरा स्थान हासिल किया था। अमेरिका की गैबी थामस ने 200 मीटर में 21.81 के साथ दूसरा जबकि 100 मीटर में चैंपियन रही शेकारी रिचर्डसन ने 21.92 के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

जब मैंने फिनिशिंग लाइन पारी की और स्क्रीन की ओर देखा तो मुझे लगा, मैं लक्ष्य के काफी करीब आ गई थी। मैंने अपनी बिब पर दो टाइम लिखे थे सबसे धीमा समय 21.40 था और मैंने 21.41 किया। हालांकि यह मेरा निजी श्रेष्ठ प्रदर्शन है।-शेरिका जैक्सन

### अंतिम छलांग में यूलिमार ने जीता तिहरी कूद का स्वर्ण

वेनेजुएला की यूलिमार रोजस ने तिहरी कूद में लगातार अपना चौथा विश्व खिताब हासिल किया। उन्होंने अंतिम छलांग में अपना श्रेष्ठ प्रयास किया। 2019 से लगभग हर प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाली यूलिमार एक समय आठवें स्थान पर पिछड़ रही थी लेकिन अंतिम प्रयास में उन्होंने 15.08 (49 फुट, 5 3/4 इंच) के साथ स्वर्ण जीत लिया। यूक्रने की मारयाना को रजत पदक मिला जो यूक्रेन का चैंपियनशिप में पहला पदक भी था। विश्व रिकॉर्डधारी और ओलंपिक चैंपियन रोजस दो साल से अजेय हैं। महिलाओं की भालाफेंक में जापान की हारुका किताची ने 66.73 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

## बॉडीबिल्डिंग के लिए आहार

बॉडी बिल्डिंग में मांसपेशियों का आकार बढ़ाया जाता है। बॉडी बिल्डिंग करने वालों के लिए प्रोटीन बहुत जरूरी है, लेकिन इसके साथ ही उन्हें कार्बोहाइड्रेट भी लेना चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो प्रोटीन शरीर को ऊर्जा देने में इस्तेमाल होगा। और इससे उन्हें शरीर बनाने में अधिक वक्त लगेगा। आपको अपने शरीर के वजन के हर किलो के लिए 1.5 से 2 ग्राम तक प्रोटीन लेने की जरूरत होती है।



## मलेरिया से बचा सकती हैं मुर्गियां

एक रिसर्च में पता चला है कि मुर्गियां मच्छरों के आतंक से निजात दिला सकती हैं। दरअसल उनसे ऐसी गंध निकलती है जो मच्छरों को दूर रखती है। लोगों को लगता है कि मच्छरों को सिर्फ खून से मतलब होता है, पर ऐसा नहीं है। मच्छरों को भी अच्छे खून और खराब खून में अंतर पता होता है। वे इसे अपनी गंध पहचानने की क्षमता से जान लेते हैं। इसी वजह से मुर्गियां मच्छरों को दूर करने में मददगार होती हैं।



# घातक हो सकता है बैड टी का सेवन



**अधिकांश** लोग सुबह बिना ब्रश किए बिस्तर पर ही चाय ले लेते हैं। वैसे इसे फैशन का पर्याय माना जाता है किन्तु लोग यह नहीं जानते कि बैड टी हमारी सेहत को कितना नुकसान पहुंचाती है। रात को भोजन के दौरान हमारे दांतों में भोजन के कई कण फंस जाते हैं, जो सुबह होने तक सड़ जाते हैं और इससे हमारे मुंह में बहुत बड़ी संख्या में बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं।



यदि हम सुबह बिना कुल्ला किए चाय पीते हैं तो ये बैक्टीरिया चाय के साथ हमारे पेट में चले जाते हैं, जो कई रोगों को पैदा करते हैं। रातभर मुंह में एकत्र हुई गंदगी जब सुबह बैड टी के साथ पेट में पहुंचती है तो यह पेट संबंधी कई बीमारियां पैदा करती है।

इससे पेट में घाव हो जाते हैं, जिस कारण व्यक्ति के पेट में तेज दर्द होने के साथ उल्टियां भी आने लगती है। रात के समय पेट में अम्ल बनने की क्रिया अधिक तेज हो जाती है,जो शरीर के लिएहानिकारक है। यह क्रिया छाती में जलन, आमाशय मेंसूजन आदि अनेक बीमारियों को जन्मदेती है।

### स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव

धीरे-धीरे एसिडिटी रोग शरीर पर अपना प्रभाव बना लेता है। बेड टी से कब्ज होना आम बात है। कब्ज अपने साथ कई अन्य बीमारियां भी पैदा करती है,जैसे जिगर की खराबी, सिर में दर्द मानसिक परेशानियां व सांसका दुर्गन्धियुक्य होना। खाली पेट चाय पीने से गर्भवती महिलाओं को गर्भपात भी हो सकता है। यह पाचन क्रिया को कमजोर करती है। भूख न लगना, खाने के प्रति अरूचि आदि अनेक समस्याएं बैड टी से ही पैदा होती है। अतः सुबह उठते ही चाय पीने से बेहतर होगा कि आप दो गिलास ताजा पानी पीएं। इससे आपकी कब्ज की शिकायत दूर होकर पेट साफ होगा। बिना कुल्ला किए चाय पीना हर तरह से नुकसानदेह है, इसलिए सदैव ब्रश करने के बाद ही चाय पीएं।

# साइटोमेग्लो वायरस से बच्चों में हो सकता है अंधापन



**साइटोमेग्लो** वायरस महिला, पुरुष या बच्चे को किसी भी उम्र में संक्रमित कर सकता है। इसके ज्यादातर मामले बच्चों में पाए जाते हैं जिसे कॉन्जिनाइटल साइटोमेग्लो वायरस इंफेक्शन कहते हैं।

यह इंफेक्शन संक्रमित व्यक्ति के सीधे संपर्क में आने से फैलता है। जिसका जरिया ब्लड, यूरिन, शुक्राणु या ब्रेस्ट मिल्क हो सकते हैं। ऐसे में ब्लड ट्रांसफ्यूजन, ऑर्गन ट्रांसप्लांट के दौरान यह वायरस फैलता है।

### इसका इलाज व बचाव

#### जटिलता समझें

- गर्भावस्था में इस वायरस से प्रभावित होने पर पहले तीन माह में गर्भस्थ शिशु को इसका खतरा ज्यादा रहता है।
- जन्म के बाद इसका पता चलता है। गर्भ में यदि बच्चे के दिमाग, आंख या कान पर यह वायरस असर करे तो उसका शारीरिक विकास नहीं होता।
- जिससे उसमें पीलिया, निमोनिया, त्वचा पर दाने, दौरे आना, लिवर बढ़ने, वजन घटने, सिर का आकार छोटा होने जैसी दिक्कतों की आशंका हो सकती हैं।
- कई बार उम्र के बढने पर इसके लक्षण दिखते हैं। जैसे सुनाई न देना, दिखने में परेशानी या अंधापन व दिमागी कमजोरी आदि।



#### जानें लक्षण

- यह वायरस रक्त के जरिए शरीर के प्रमुख अंगों को प्रभावित करता है।
- सामान्यत: यह वायरस खुद-ब-खुद 5-7 दिन में खत्म हो जाता है लेकिन एड्स, ट्रांसप्लांटेशन, ऑर्गन डोनेशन, नवजात या ऐसे व्यक्ति जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, उनमें इस वायरस के कारण जटिलताएं बढ़ जाती हैं। उनमें यह रक्त के जरिए शरीर में फैलकर खासकर आंख, दिमाग, फेफड़े और लिवर को नुकसान पहुंचाता है।
- जिस कारण बुखार, डायरिया, सांस लेने में तकलीफ, देखने में परेशानी, फेफड़ों में संक्रमण, रेटिनाइटिस (आंख के रेटिना में सूजन), थकान, गले में सूजन व दर्द और मांसपेशियों में दर्द होने जैसे लक्षण सामने आते हैं।
- वायरस से बचाव ही रोग की आशंका को घटाता है।
- हाइजीन और साफ-सफाई को ध्यान में रखना जरूरी है। साथ ही यदि परिवार में कोई सदस्य इस वायरस से पीड़ित हो तो अन्य को सावधानी बरतनी चाहिए।

#### एंटीवायरल दवाएं कारगर

आमतौर पर यह बीमारी बच्चों या बड़ों दोनों में कुछ दिनों में ठीक हो जाती है। लेकिन जिनकी इम्युनिटी कमजोर होती है उनमें वायरस के तेजी से फैलने पर दिमाग, आंख और कान प्रभावित होते हैं। इस वजह से मरीज की हालत गंभीर होने लगती है। इसके लिए एंटीवायरल दवाओं का कोर्स शुरू कर इलाज किया जाता है। इससे वायरस के विकास को रोका जाता है। साफ-सफाई रखना जरूरी



# रात की सर्जरी बढ़ाती है मौत की आशंका



**रात** में की गई सर्जरी से मौत का खतरा दोगुना हो जाता है। हाल ही में आए अध्ययन के परिणाम के अनुसार दावा किया गया है कि रेग्युलर वर्किंग समय के दौरान किए गए ऑपरेशन या सर्जरी की तुलना में रात में की गई सर्जरी या ऑपरेशन में मौत का खतरा दोगुना हो जाता है। मतलब जिन मरीजों का ऑपरेशन या सर्जरी रात में दिन में या वर्किंग समय में ना होकर रात में किया जाता है उनके मरने की संभावना दोगुनी होती है। यहां तक की देर शाम में भी होने वाली सर्जरी में मॉर्टिलीटी रिस्क का खतरा ज्यादा होता है। इस अध्ययन में पिछ्ले 5 सालों में हुए सारे सर्जरी के आंकड़ों को शामिल किया गया है। अध्ययन में 1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2015 के सर्जिकल आंकड़ों को लिया गया है। सबसे पहले इसमें सभी तरह के सर्जीकल इंटरवेंशन को शामिल किया गया है। इस अध्ययन में ऑप्थाल्मिक और लोकल एंथेसेसिया के केस को छोड़कर अन्य सभी तरह के वैक्लिपक और आपातकालीन सर्जिकल केसेस को शामिल किया गया है। जिसमें काम करने के घंटों को तीन ब्लॉक में बांट गया। पहले ब्लॉक में सुबह के 7 बजे से लेकर दिन के 3:29 बजे तक के समय को रखा गया। दूसरे ब्लॉक में शाम के 3:30 से रात के 11:29 बजे तक के समय को रखा गया और अंतिम ब्लॉक में रात 11:30 बजे से लेकर सुबह 7:29 बजे तक के समय को रखा गया।

इन ब्लॉक में शुरू हुए ऑपरेशन के समय पर नर्सों ने नजर रखी कि कब ऑपरेशन शुरू हुआ और कब खत्म हुआ। इस अध्ययन में 41,716 वैक्लिपक और आपातकालीन सर्जरीज को शामिल की गई। इन मामलों में से 10,480 केस इमरजेंसी के थे जिसमें से 3,445 मामलों की सर्जरी पहले ब्लॉक के समय में, 4,951 मामलों की सर्जरी दूसरे ब्लॉक के समय में और 2,084 मामलों की सर्जरी तीसरे ब्लॉक के समय में की गई।

अध्ययनकर्ताओं ने पाया की दिन की तुलना में रात के समय किए गए ऑपरेशन में मरने की संभावना 2.17 टाइम्स अधिक थी। वहीं लेट इवनिंग में किए गए ऑपरेशन में मौत की संभावना दिन के समय हुए ऑपरेशन की तुलना में 1.43 टाइम्स अधिक थी।

# अपनी मर्जी से न करें पेन किलर का इस्तेमाल

**दर्द** निवारक दवाओं का इस्तेमाल अपनी मर्जी से न करें दर्द निवारक दवाओं का इस्तेमाल अपनी मर्जी से बिल्कुल न करें योंकि ऐसा करने से इनके अच्छे परिणामों की बजाय सेहत पर बुरा असर होगा। डॉक्टरों ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों को ऐस्पिरिन कभी नहीं देना चाहिए इससे जानलेवा लीवर फेलियर हो सकता है। बच्चे एवं किशोर जो चिकन पाक्स अथवा लू जैसे लक्षणों से रिकवर हो रहे हों उन्हें कभी एस्पिरिन नहीं देना चाहिए पैरासिटामॉल कभी भी डॉक्टर की सलाह के बिना नहीं लेना चाहिए पश्चिमी देशों में यह नंबर वन सुसाइडल एजेंट बन चुका है। दिल के सभी मरीजों को दर्द निवारक दवाओं के इस्तेमाल से पहले डॉक्टर से सलाह लेना बेहद जरूरी होता है। अगर किडनी की समस्या से प्रभावित मरीज ने दर्द निवारक दवाका इस्तेमाल किया तो उसे किडनी फेलियर का खतरा बढ़ सकता है। दर्द निवारक दवाओं का बेहद समझदारी से इस्तेमाल होना चाहिए क्योंकि खतरे के दायरे में आने वाले लोगों के लिए एक टेबलेट भी किडनी फेलियर को बढ़ावा दे सकता है।

# अब बच्चे खत्म करेंगे पूरा लंच बॉक्स

**अक्सर** मदर्स की यही शिकायत होती है कि उनका बच्चा लंच बॉक्स में खाना खत्म करके नहीं आता। इसमें पूरा दोष बच्चे का नहीं है, जरा-सा आपका भी है। इसके लिए बच्चों को हेल्दी खाने की आदत डालनी होगी। अगर आपका बच्चा खाने से जी चुराता है और आप इस बात से भी परेशान रहते हैं कि आखिर उसे कैसे लंच बॉक्स दिया जाए, जिसे वह खत्म भी कर ले और उसे पोषण भी मिले तो कुछ टिप्स फॉलो करें।

बच्चों के लंच बॉक्स में ज्यादातर सूखी चीजें रखनी चाहिए, ताकि उन्हें खाने में आसानी रहे। बच्चों की दिलचस्पी का भी ख्याल रखें और इस बात का भी ध्यान रखें कि उन का रोज का खाना एक जैसा न हो जाए। किसी दिन रोटी सब्जी दें, तो किसी दिन आटे की नमकीन सेंवई, कभी सब्जी



पुलाव दे दिया, तो कभी उत्तपम, इडली या दाल का चीला वगैरह भी लंच बॉक्स में रख सकते हैं।

बच्चों के लंच बॉक्स में मौसम के हिसाब से फल भी रखें। इनमें संतरा, केला, सेब, अनार वगैरह ऐसे फल हैं जो बच्चों को आमतौर पर पसंद आते हैं। खीरा, ककड़ी टमाटर, अंकुरित अनाज या दल वगैरह का सलाद रखना न भूलें। बच्चे को पॉकेट मनी दे कर बाहर कैंटीन से खाना खाने की आदत न डालें। ये भी करें- बच्चे की खुराक में दूध को अहमियत दें। उसमें रोजाना दूध पीने की आदत डालें। बच्चे की पंसद के खाने को नजरअंदाज न करें, पर साथ ही पौष्टिक खाना खाने के लिए भी बढ़ावा दें। बच्चा जब भोजन खत्म कर लेता है, तो उसे प्यार से शाबाश या वैरी गुड जरूर कहें।

## इन वजहों से रात में भी करें वर्कआउट

**सामान्यत**: लोग सुबह ही वर्कआउट करने को तरजीह देते हैं। इसमें कुछ गलत भी नहीं है। सेहत के लिहाज से यह बेहतर भी है। लेकिन देखा जाए तो इन दिनों समय के अभाव से हर कोई बावस्ता है। ऐसे में वर्कआउट के लिए समय निकालना किसी जद्दोजहद से कम नहीं है। सवाल है ऐसी स्थिति में क्या किया जाना चाहिए? ऐसी स्थिति में आप चाहें



तो रात के समय को चुन सकते हैं। अब आप सोच रहे होंगे कि रात को वर्कआउट कर क्या उतने ही फायदे हासिल हो सकते हैं जितने सुबह करने से हासिल होते हैं? एक अध्ययन के मुताबिक देर रात जगने वालों के लिए रात का समय अनुकूल है। दरअसल इस समय वे पूरे लगन से वर्कआउट करते हैं। वे किसी भी तरह की हड़बड़ी में नहीं होते। अत: वर्कआउट करने में पूरा ध्यान देते हैं। इतना ही नहीं वर्कआउट करते हुए वे अतिरिक्त मेहनत भी करते हैं क्योंकि उन्हें पता होता है कि इसके बाद उन्हें आराम करना है। मतलब साफ है कि निश्चित मन से रात को वर्कआउट करने वाले ज्यादा फोकस होते हैं। नतीजतन इसका उनकी सेहत पर गहरा असर देखने को मिलता है।

### मोबाइल फोन के साथ सोना खतरनाक

# आपकी ये आदत बन सकती है परेशानी

*जब भी आप सुबह उठते हैं तो सबसे पहले अपना मोबाइल फोन उठाते हैं और सोशल साइट्स के अलावा कई दूसरी चीजें जैसे एसएमएस, मिस या वॉयस काल चेक करते हैं, लेकिन क्या रात में आईफोन या फिर एंड्रॉयड-स्मार्टफोन अपने पास रखकर सोने का कोई लॉजिक नहीं है। अगर एक दिन आपको बिना स्मार्टफोन के सोना पड़ जाए तो शायद रातभर आपकी आंखों में नींद न आए। स्मार्टफोन न सिर्फ आपकी रातों की नींद उड़ाता है बल्कि आपकी सेहत का भी नुकसान होता है।*

#### बढ़ती है टॉक्सिन की मात्रा

रात में भी आपका ध्यान फोन की तरफ रहता है, जिससे आप अच्छी तरह नींद नहीं ले पाते। रात में अगर आप अपने फोन को अचानक उठाकर देखते हैं तो आपकी आंखें दिमाग को यह संदेश देती हैं कि शरीर को जागना है, जबकि दिमाग शरीर को सुलाने की कोशिश करता है। आपके दिमाग को रेस्ट करने का समय नहीं मिलता, जिससे शरीर में टॉक्सिन की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे आप अच्छी तरह नींद नहीं ले पाते। दिन में आप काम पर फोकस कर नहीं पाएंगे, साथ ही शरीर भी सुस्त रहेगा। दिन में 7 से 9 घंटे की नींद जरूरी होती है। इसलिए अगर रात में आपको मोबाइल चलाने का बहुत शौक है तो आप अपने इस शौक को जरा विराम लगाई। वरना एक अच्छी सेहत आप खो देंगे।



#### बढ़ने लगता है आपका वजन

दिन-ब-दिन आपकी काबिलियत कम होती जाएगी, इसका सीधा कारण है नींद न पूरी होना, साथ ही आपका वजन भी बढ़ने लगेगा। कम सोने से शरीर के मैटाबॉलिज्म में बदलाव होने लगता है, जिससे शरीर का भार बढ़ता है। ज्यादातर डॉक्टरों का इस बारे में यही कहना है 9.00 बजे के बाद अपने फोन को खुद से दूर रखें और अपने शरीर की घड़ी के अनुसार चलें। यानि जब सोने का समय हो तो शरीर को सोने दें। वरना इस तरह की आदत से आप कई बीमारियों को आमंत्रित कर लेंगे। सोते समय मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखने में ही समझादी है। और इससे आप अपनी सेहत का भी ख्याल रखते हैं।

## रेसिपी

### मखमली पनीर टिक्का



**सामग्री**

- 200 ग्राम पनीर( कटा हुआ)
- 1/2 कप दही
- 1/4 चीज( कद्दूकस किया)
- 1/2 छोटा चम्मच हरी मिर्च( पेस्ट)
- 1 टेबलस्पून काजू पाऊडर
- 1/2 छोटा चम्मच गर्म मसाला
- 1 टीस्पून काली मिर्च पाऊडर
- नमक स्वादानुसार

**विधि**

सबसे पहले एक बर्तन में दही लेकर इसमें हरी मिर्च,काजू पाऊडर, गर्म मसाला,काली मिर्च,नमक और चीज डालकर मिक्स करें। अब इसमें पनीर के टुकडे लपेट कर 15-20 मिनट के लिए रख दें। माइक्रोवेव को 200 डिग्री पर प्रीहीट कर लें और फिर पनीर के टुकड़ों को स्टिक पर लगा कर माइक्रोवेव में 15 मिनट तक ग्रिल करें। आपका मखमली पनीर टिक्का बनकर तैयार है। इसे सॉस के साथ सर्व करें।

### शिमला मिर्च की लौंजी



**सामग्री**

1 कप शिमला मिर्च के टुकड़े, 2 टेबल-स्पून तेल ,1/2 टी-स्पून कलौंजी, 1 टी-स्पून सौंफ

1 टी-स्पून बारीक कटी हुई हरी मिर्च, एक चुटकी हल्दी पाउडर, 2 टी-स्पून धनिया पाउडर, 1/2 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर, 3/4 टी-स्पून अमचुर

2 टेबल-स्पून शक्कर, नमक स्वादअनुसार

**विधि**

एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन में तेल गरम करें, कलौंजी, सौंफ और हरी मिर्च डालकर मध्यम आंच पर 1 मिनट के लिए भून लें। शिमला मिर्च डालकर कुछ और सेकेन्ड तक मध्यम आंच पर भून लें। हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और अमचुर डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर 1 मिनट के लिए पका लें। 1/2 कप पानी, शक्कर और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर 4-5 मिनट या शिमला मिर्च के नरम होने तक, बीच-बीच मे हिलाते हुए पका लें। तुरंत परोसें या हवा बद डब्बे में डालकर 2-3 दिनों के लिए फ्रिज में रखें।

# कहीं आप भी 'फोमो' के शिकार तो नहीं

अगर आप फेसबुक, ट्विटर और व्हाट्सएप के बिना एक पल भी नहीं रह पाते हैं तो ये आपके लिए खतरनाक हो सकता है। हो सकता है कि आप 'फोमो' यानि 'फीयर ऑफ मिसिंग आउट' के शिकार हों। स्मार्टफोन के जरिए अपने दोस्तों और हर पल होने वाली बातों के टच में रहने की लगातार इच्छा आपको 'फोमो' का शिकार बना सकती है।

क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट रीपेन सिप्पी की मानें तो जिन लोगों को सोशल मीडिया की आदत हो चुकी है, इससे दूर रहने पर वे 'फोमो' का शिकार हो जाते हैं। ऐसे लोग जब ज्यादा देर तक सोशल मीडिया से दूर रहते हैं तो उन्हें बेचैनी-सी महसूस होती है। वहीं कंसल्टेंट क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट आशिमा श्रीवास्तव का कहना है कि 'फोमो' सोशल एंजाइटी का रूप है ।



#### रिश्तों पर बुरा असर

लोगों को वर्चुअल वर्ल्ड में जीने की इतनी आदत हो जाती है कि वे रीयल लाइफ सिचुएशंस को फेस ही नहीं कर पाते। यही बातें दूसरों के साथ उनके रिश्तों में भी असंतुलन पैदा कर देती हैं और रीयल लाइफ की किसी परिस्थिति में वे जल्दी प्रतिक्रिया ही नहीं दे पाते। ऐसे में दोस्तों और परजिनों के साथ उनके रिश्ते बिगड़ने लगते हैं।

#### जब नहीं मिलता अटेंशन

बहुत सारे लोग जिन्हें रीयल लाइफ में प्यार और अटेंशन नहीं मिलता वे इन चीजों को वर्चुअल वर्ल्ड में ढूंढना शुरू कर देते हैं। जब उन्हें वर्चुअल वर्ल्ड में ये सब कुछ मिलता रहता है, वे खुश रहते हैं पर जिस पल उन्हें अटेंशन मिलना बंद हो जाता है, 'फोमो' फोबिया उन पर हावी हो जाता है। ऐसे में आपके मन में 'फीयर ऑफ मिसिंग आऊट' जैसी बातें आने लगती हैं।

#### आपके भीतर पैदा कर देता है 'डर'

'फोमो' में एक व्यक्ति के भीतर डर विकिसत होने लगता है कि वह जरूरी अपडेट्स और महत्वपूर्ण इवेंट्स को मिस कर देगा। इसी डर की वजह से वह लगातार अपने मोबाइल फोन को चेक करता रहता है। सामान्यत: कोई व्यक्ति 'फोमो' के शिकंजे में तब आता है, जब वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खुद को उपेक्षति या अकेला महसूस करने लगता है ।

#### सोशल बिहेवियर पर असर

मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि सिर्फ 'फोमो' ही नहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ज्यादा इस्तेमाल से सोशल बिहैवियर पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। इससे वयस्कों, युवाओं और यहां तक कि स्कूल जाने वाले बच्चों के वर्क परफॉर्मेंस पर असर पड़ता है । वे अंतर्मुखी होने लगता है और सामान्यत: लोगों को खुश करने वाली बातों से भी उसे खुशी नहीं होती।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**